@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
रविवार, 27 अप्रैल 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 164 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## भारत में लोगों की आय में ठहराव: जयराम रमेश

नई दिल्ली, 26 अप्रैल। देश के केवल शीर्ष 12 प्रतिशत परिवार ही कार खरीद सकते हैं और इस स्थिति का मूल कारण भारत की बड़ी आबादी की आय में आई व्यापक स्थिरता है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को यह बात कही। रमेश ने मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव की टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि भारत में कार खरीदना केवल 12



प्रतिशत परिवारों तक ही सीमित है। कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूरा देश अब भी गहरी पीड़ा और सदमे की स्थिति में है। पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले ने हमारे जीवन पर गहरा असर डाला है। उन्होंने कहा, फिर भी, हम मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन द्वारा आज कही गई बातों पर ध्यान दिए बिना नहीं रह सकते, जिसका अर्थव्यवस्था पर बहुत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने भार्गव के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भारत में कार खरीदना मुख्य रूप से शीर्ष 12 प्रतिशत परिवारों तक ही सीमित है। जिनकी वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक है। रमेश ने बताया कि भार्गव के अनुसार, शेष 88 प्रतिशत परिवारों के लिए छोटी कारों के बारे में सोचना भी संभव नहीं है। मारुति के परिणामों के अनुसार कंपनी की बिक्री में लगभग 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2023-2024 और 2024-25 के बीच कुल यात्री वाहनों की बिक्री में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भार्गव ने कहा कि आगामी वर्ष में भी वृद्धि दर केवल 1-2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रमेश ने अपने पोस्ट में दावा किया, इस स्थिरता का मूल कारण भारत के अधिकांश की वास्तविक आय में आया व्यापक ठहराव है।

# बिलावल को कूदने के लिए भी पानी नहीं मिलेगा: हरदीप सिंह पुरी

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 26 अप्रैल। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने शनिवार को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के खून वाले बयान पर जोरदार पलटवार किया। हरदीप पुरी ने कहा कि अगर सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया और पाकिस्तान को पानी नहीं मिला, तो बिलावल कूदने के लिए भी पानी नहीं ढूंढ पाएंगे। दरअसल, सिंध के सुक्कुर में शुक्रवार को एक जनसभा के दौरान बिलावल भुट्टो ने भारत को धमकी देते हुए कहा था, मैं भारत से कहना चाहता हूं कि सिंधु नदी हमारी थी, हमारी है और हमारी ही रहेगी। या तो इस नदी से पानी बहेगा या फिर उनका खून। बिलावल भुट्टो का यह बयान तब आया जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कमजोर कर दिया। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ऐसे बयानों को



कोई महत्व नहीं देना चाहिए। जो लोग ऐसे बयान दे रहे हैं, वे खुद ही अपनी गलती समझ जाएंगे। उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा, अगर पानी नहीं मिलेगा तो बिलावल कहां कूदेंगे? पहले खुद का खून बहाएं। ये उनके मूर्खतापूर्ण बयान हैं। वहां एक और आंटी हैं, शेरी रहमान, उन्होंने भी कुछ बेवकूफी भरी बातें की हैं। इन बयानों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत नहीं है। हरदीप पुरी ने पहलगाम हमले को प्रायोजित आतंकवाद करार दिया और कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की हरकत नहीं थी, बल्कि इसमें एक पूरे पड़ोसी देश का हाथ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री खुद पिछले 20 वर्षों से इस तरह की गतिविधियों की बात स्वीकार कर चुके हैं। पुरी ने कहा, %जो पहलगाम में हुआ वह आतंकवादी हमला था। इसमें कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। ये सीमा पार से आए आतंकवादी थे, जिन्हें एक पड़ोसी देश ने भेजा था। अब वे खुद भी जिम्मेदारी ले रहे हैं। उनके रक्षा मंत्री ने कहा है कि वे बीते 20 सालों से ऐसा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को अब इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## महाराष्ट्र के हित में एकजुट होने का समय आ गया: उद्धव-राज

मुंबई, 26 अप्रैल। महाराष्ट्र में इन दिनों राज ठाकरे की पार्टी मनसे और उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी में गठबंधन के कयास लगाए जा रहे हैं। हाल ही में दोनों नेताओं ने संकेत दिए कि वे साथ आ सकते हैं और महाराष्ट्र की भलाई के लिए मामूली मुद्दों को नजरअंदाज कर सकते हैं। इन सबके बीच, शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। पार्टी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि अब मुंबई और महाराष्ट्र के हित में एकजुट होने का समय आ गया है। शिवसेना (यूबीटी) ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मुंबई और महाराष्ट्र के हित के लिए शिवसैनिक मराठी अस्मिता (गौरव) की रक्षा के लिए तैयार हैं। शिवसेना यूबीटी का यह बयान तब आया है जबकि महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे के साथ आने की चर्चा जोरों पर है। दरअसल, हाल ही में अलग-अलग कार्यक्रमों में बोलते हुए दोनों नेताओं ने कहा कि मराठी भाषा और संस्कृति को बचाना आपसी राजनीतिक लड़ाई से ज्यादा जरूरी है। राज ठाकरे ने साफ कहा कि उनके और उद्धव के बीच जो भी मतभेद हैं, वे मामूली हैं और राज्य के हित में उन्हें भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र चाहता है कि हम साथ आएं तो हम अहंकार को बीच में नहीं लाएंगे। उधर उद्धव ठाकरे ने पुनर्मिलन की संभावना पर कहा कि वह व्यक्तिगत विवाद भुलाने को तैयार हैं, लेकिन उन्होंने एक शर्त रखी कि हम रोज पाला नहीं बदल सकते। जो महाराष्ट्र के खिलाफ काम करेगा, उसे मैं स्वीकार नहीं करूंगा।

## पहलगाम हमले को लेकर देश को गुमराह कर रहे पीएम: सिद्धारमैया

**कौमी संवाददाता**

बेंगलूरू, 26 अप्रैल। पहलगाम हमले के बाद आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र की भाजपा सरकार पर हमलावर है। इस बीच, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के संबंध में पीएम लोगों को गुमराह कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी के अनुपस्थित रहने पर भी सवाल खड़े किए। वहीं, केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के इस बयान पर पलटवार किया है। रक्षा खडसे ने कहा कि सिद्धारमैया को इस मामले में राजनीति नहीं करनी चाहिए। शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को वहां होना चाहिए



था। वह बिहार में चुनाव प्रचार करने गए थे। ऐसे में सवाल है कि उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है? वह लोगों को टोपी पहना रहे हैं (मतलब लोगों को गुमराह बना रहे हैं)। आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि युद्ध की कोई जरूरत नहीं है। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। हमें कड़े कदम उठाने चाहिए। सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए। सिद्धारमैया ने कहा कि देश में शांति होनी चाहिए।

### हमने नहीं कराया हमला, हमारा कोई वास्ता नहीं: टीआरएफ

श्रीनगर, 26 अप्रैल। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद अब द रेजिस्टेंस फ्रंट की ओर से बड़ा बयान सामने आया है। टीआरएफ के प्रवक्ता ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में हमारी संलिप्तता नहीं है। टीआरएफ ने इसे झूठा, जल्दबाजी और सुनियोजित प्रयास बताया है। जिसका मकसद कश्मीर की प्रतिरोध भावना को बदनाम करना है। टीआरएफ ने खुद को स्थानीय, मानसिक और नैतिक प्रतिरोध आंदोलन बताया है। हम न तो किसी के एजेंट हैं, न ही किसी झूठे झंडे का हिस्सा हैं। इस मामले के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत, जल्दबाजी है। कश्मीरी प्रतिरोध को बदनाम करने के लिए एक सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। टीआरएफ प्रवक्ता अहमद खालिद ने एक आधिकारिक बयान जारी कर लिखा कि हमले के तुरंत बाद संगठन के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक छोटा सा संदेश पोस्ट किया गया। जांच से पता चला कि यह एक साइबर हमले से हुआ था।जिसमें भारतीय खुफिया एजेंसियों का हाथ हो सकता है। यह कोई नई रणनीति नहीं है और भारतीय एजेंसियां अक्सर डिजिटल तकनीक का उपयोग कर भ्रम फैलाने और झूठी जिम्मेदारी ठहराने का काम करती हैं।

## मौलिक रूप से बदल गई है लोकतांत्रिक राजनीति: राहुल गांधी

नई दिल्ली, 26 अप्रैल। विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को भारत समिट 2025 में भाग लेने के लिए तेलंगाना पहुंचे। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। वैश्विक न्याय, समानता और प्रगतिशील सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन भारत शिखर सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। 'भारत समिट 2025' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना ही लक्ष्य बन गया है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान अपने अनुभवों को याद करते हुए गांधी ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, राजनीति, लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है। मैं कहूंगा कि एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। कभी-कभी, जब मैं अपनी पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं, तो पाता हूं कि जो चीजें 10 साल पहले प्रभावी थी, जो साधन 10 साल पहले कारगर थे, वे अब कारगर नहीं हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, इसलिए एक तरह से पुराने नेता खत्म हो चुके हैं और एक नए तरह के नेता को गढ़ा जाना चाहिए।' गांधी ने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें मूल रूप से शुक्रवार को सम्मेलन को संबोधित करना था, लेकिन इसके बजाय उन्हें कश्मीर जाना पड़ा।

# सच्चाई का पूरा पता नहीं, सुरक्षा में चूक हुई: शरद पवार

**सौरभ शर्मा**

पुणे, 26 अप्रैल। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने शुक्रवार को पहलगाम (दक्षिण कश्मीर) में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना से यह साबित होता है कि कश्मीर में अब भी आतंकवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और सरकार को इस दिशा में और गंभीरता से काम करना चाहिए। शरद पवार ने पुणे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र सरकार बार-बार यह दावा करती रही है कि कश्मीर से आतंकवाद खत्म हो गया है, लेकिन पहलगाम जैसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हमला होना सुरक्षा में भारी चूक को दर्शाता है। इस दौरान पत्रकारों ने जब शरद पवार से पूछा कि कुछ चश्मदीदों का दावा है कि आतंकवादियों ने पहले पर्यटकों से उनका धर्म पूछा और फिर चुन-चुन कर हिंदुओं को मारा, इस पर उन्होंने कहा, मुझे सही सच्चाई का पता नहीं है... लेकिन इतना जरूर है कि महिलाओं को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, पुरुषों को मारा गया। उनके इस बयान पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया दी और कहा, मैं नहीं जानता पवार साहब ने क्या कहा है, लेकिन मैंने पीड़ित परिवारों और मौके पर मौजूद लोगों की बातें सुनी हैं। पवार साहब को भी वो सुनना चाहिए। इस दौरान शरद पवार ने ये भी कहा कि यह हमला भारत के खिलाफ है और ऐसे मौके पर




किसी भी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब देश पर हमला होता है, तब सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए, न कि एक-दूसरे पर आरोप लगाना। उन्होंने सर्वदलीय बैठक पर कहा कि मैं खुश हूं कि सभी दलों ने सरकार का समर्थन करने की बात कही है। सरकार जो भी फैसला लेगी, हम उसके साथ हैं। लेकिन सरकार को इसे और गंभीरता से लेना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह हमला खुफिया तंत्र की विफलता था, तो उन्होंने कहा, यह बात तो स्पष्ट है। अगर पहलगाम जैसे सुरक्षित स्थान पर हमला हो सकता है, तो हमें सोच समझकर बोलना चाहिए कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो गया है। जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या सरकार अनुच्छेद 370 हटाने को कश्मीर में शांति का प्रतीक बताने की कोशिश कर रही है, तो पवार ने जवाब दिया, सरकार इसको बड़ी उपलब्धि के तौर पर दिखाती है, लेकिन कश्मीर के लोगों की राय कुछ और है। वहीं गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग पर शरद पवार ने कहा, आज की स्थिति में मैं किसी के इस्तीफे की मांग नहीं करूंगा। सबसे जरूरी बात है कि हमलावरों को पकड़ कर उन पर कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने यह चिंता भी जताई कि इस हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस दिशा में भी काम करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि सिंधु जल संधि को निलंबित करना पाकिस्तान के लिए एक मजबूत संदेश है।

# अगर किसी ने छेड़ा है तो, उसे छोड़ेगा भी नहीं: सीएम योगी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

लखीमपुर खीरी, 26 अप्रैल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के पलिया में जनसभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर जमकर बरसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल है, जो विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो उसके लिए जीरो टॉरलेंस की नीति है। वह जिस भाषा में समझेगा, उसको उस भाषा में जवाब देने के लिए भारत तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अगर किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि जीरो टॉरलेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश को माफियामुक्त किया। अराजकता और दंगों से मुक्त किया। यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के तौर पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब देश के अंदर उत्तर प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य है। रेलवे का बेहतरीन नेटवर्क है, देश की पहली रैपिड रेल प्रदेश में चलती है। उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक



शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य का बकाया रहता था। आज 105 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो एक सप्ताह के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। आज लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर खुशी जताई। कहा कि पहले यह सपना था, आज हकीकत है। सीएम योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस जाति के नाम समाज को बांटने का काम कर रही है। समाजवादी पार्टी एक तरफ छत्रपति शिवाजी महाराज और राणा सांगा का अपमान करती है। दूसरी तरफ क्रूर शासक औरंगजेब और बाबर का महिमा मंडन करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखीमपुर की शान दुधवा नेशनल पार्क और गोला गोकर्णनाथ भी है। यहां एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है, जिससे देश-विदेश से लोग दुधवा व गोला आसानी से पहुंच सकेंगे। कहा कि दुधवा की विशेषता यह है कि जब लखनऊ में तापमान 48 डिग्री होता है तो दुधवा में यह तापमान महज 38 डिग्री ही रहता है। यहां की प्राकृतिक खूबसूरती और अनुकूल मौसम काफी आकर्षित करता है।

## जून से अगस्त तक चलेगी कैलाश मानसरोवर यात्रा: विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, 26 अप्रैल। कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 तक चलेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस साल पांच बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। ऐसे ही 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, सिक्किम से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। आवेदन स्वीकार करने के लिए वेबसाइट खोल दी गई है। आवेदकों में से यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर से तैयार, यादृच्छिक (रैंडम) और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से शुरू होगी। यात्रा का संचालन प्रदेश सरकार और विदेश मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा कोविड महामारी के कारण वर्ष 2020 से संचालित नहीं हो पाई थी। हालांकि, पांच साल बाद शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा पर भी महंगाई की मार पड़ेगी। इस बार श्रद्धालुओं को कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) को 35,000 की जगह 56 हजार रुपये चुकाने पड़ेंगे। केएमवीएन इस धनराशि से यात्रियों के आने-जाने, ठहरने और भोजन आदि का प्रबंध करेगा। इसके अलावा, मेडिकल जांच, चीन का वीजा, कुली, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और चीन सीमा में अलग से खर्च करना पड़ेगा। कुमाऊं मंडल विकास निगम लिपुलेख दर्रे के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा का प्रबंध करता है। इस बार पंजीकरण के साथ श्रद्धालुओं को भोजन, आने-जाने और ठहरने के लिए केएमवीएन को 56000 रुपये देने होंगे।

# पहलगाम के हीरो के परिवार को शिंदे ने दी 5 लाख की मदद

**नरेश मल्होत्रा**


पुणे, 26 अप्रैल। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। सैयद आदिल एक पोनी राइड ऑपरेटर (घोड़े पर सवारी करवाने वाले) थे, जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की जान बचाते हुए अपनी जान गंवा दी। शाह अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। वे दक्षिण कश्मीर के खूबसूरत इलाके पहलगाम में पर्यटकों को घोड़े की सवारी कराकर रोजी कमाते थे, जहां आतंकियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। रिपोर्ट के मुताबिक, शाह (20 वर्षीय) ने एक पर्यटक को बचाने की कोशिश की, जो उनके घोड़े पर सवार था, और उन्होंने एक आतंकी से बंदूक भी छीनने की कोशिश की। लेकिन इसी दौरान आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। पहलगाम में घोड़े से पर्यटकों को घुमाने वाला यह युवक इस हमले में मारा जाने वाला अकेला कश्मीरी था। उप मुख्यमंत्री शिंदे जो 23 अप्रैल को श्रीनगर में महाराष्ट्र के फंसे हुए पर्यटकों की मदद के लिए पहुंचे थे, उन्होंने शाह के साहस से प्रभावित होकर तय किया कि वे व्यक्तिगत रूप से इस युवा हीरो के परिवार को मदद देंगे। शुक्रवार को शिवसेना के कार्यकर्ताओं और एक सीमा संगठन के अधिकारियों ने पहलगाम जाकर शाह के परिवार को 5 लाख रुपये का चेक सौंपा। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने वीडियो कॉल के जरिए शाह के परिवार से बात की, शोक संवेदना और सांत्वना के शब्द कहे। बातचीत के दौरान शाह के भाई ने हमले की खौफनाक घटना और शाह की बहादुरी से पर्यटकों को बचाने की



कोशिश के बारे में बताया। शिंदे ने शाह की अद्भुत बहादुरी और इंसानियत की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी कार्रवाई दुनिया के लिए एक अनोखा उदाहरण है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि शाह का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। शिंदे ने परिवार को आगे भी मदद देने का वादा किया, जिसमें उनका टूटा-फूटा घर फिर से बनवाने में मदद करना भी शामिल है। शिवसेना नेता शिंदे ने कहा, सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी को पूरा देश याद रखेगा। उनका शहीद होना आतंक के सामने इंसानियत की ताकत का प्रमाण है। उधर, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम आज पुणे निवासी संतोष जगदाले के घर पहुंची, जिनकी पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मौत हो गई। एनआईए की टीम जगदाले के करवेनगर स्थित घर पहुंची और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी लेकिन ज्यादा जानकारी साझा नहीं की। परिवार से जुड़े एक सूत्र ने बताया, एनआईए की दो सदस्यीय टीम शाम 5 बजे से 7 बजे के बीच जगदाले परिवार के घर आई। उन्होंने मृतक की पत्नी और बेटी सहित परिजनों से बात की। जगदाले की बेटी असावरी और पत्नी इस खौफनाक हमले में बच गईं। एनआईए इस समय जम्मू-कश्मीर पुलिस की जांच में सहयोग कर रही है, जो 22 अप्रैल के नरसंहार की जांच कर रही है। 26 लोगों की मौत उस समय हुई जब आतंकियों ने पहलगाम के मशहूर बायसारन घास के मैदान में लोगों, खासकर पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। यह हाल के वर्षों में कश्मीर में हुए सबसे भयावह आतंकी हमलों में से एक था। मारे गए छह पर्यटक महाराष्ट्र से थे, जिनमें से दो संतोष जगदाले और कौस्तुभ गनबोटे पुणे के रहने वाले थे।

## अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली, 26 अप्रैल। अरबपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अहम जिम्मेदारी मिली है। उन्हें कंपनी बोर्ड में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। कंपनी ने यह खुलासा किया है। अनंत का कार्यकाल पांच साल का होगा और उनकी नियुक्ति एक मई से प्रभावी होगी। ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक अनंत अंबानी अपने भाई-बहनों में रिलायंस के कार्यकारी



निदेशक नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति हैं। अंबानी ने अंतिम उत्तराधिकार योजना की तैयारी के तहत अगस्त 2023 में अपने तीन बच्चों- जुड़वां ईशा और आकाश और अनंत को तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में कारोबार करने वाली कंपनी के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में शामिल किया था। हाल के वर्षों में एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने कहा है कि भारत की सबसे मूल्यवान और लाभदायक कंपनी रिलायंस में उनके बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सबसे बड़े बेटे आकाश 2014 में इकाई में शामिल होने के बाद जून 2022 से कंपनी की दूरसंचार शाखा, जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष हैं। उनकी जुड़वां बहन ईशा कंपनी के खुदरा, ई-कॉमर्स और लक्जरी कारोबार को संभालती हैं। अनंत विदेश में न्यू एनर्जी कारोबार का संचालन करते हैं। तीनों बच्चे जियो प्लेटफॉर्म्स के बोर्ड में हैं। यह रिलायंस की दूरसंचार और डिजिटल संपत्तियों और रिलायंस रिटेल का स्वामित्व रखने वाली इकाई है। रिलायंस ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई सूचना में कहा, रिलायंस के निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर विचार किया और गैर-कार्यकारी निदेशक अनंत एम. अंबानी को पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया। उन्हें कंपनी का कार्यकारी निदेशक भी नामित किया गया है। उनकी नियुक्ति 1 मई, 2025 से 5 साल की अवधि के लिए होगी, जो कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन है। अनंत को अगस्त 2022 में कंपनी के ऊर्जा वर्टिकल का लीडर नियुक्त किया गया था। वह मार्च 2020 से जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के बोर्ड में, मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के बोर्ड में और जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड व रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लिमिटेड के बोर्ड में शामिल हैं। वह सितंबर 2022 से रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड में भी हैं।

## इजरायल को तीन नए एफ-35आई स्टील्थ लड़ाकू विमान मिले

**एजेंसी**

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उनकी वायु सेना को तीन नए एफ-35आई स्टील्थ लड़ाकू विमान मिले हैं। आईडीएफ के बयान के अनुसार, तीन एफ-35आई 'अदीर' लड़ाकू विमान ने दक्षिणी इजरायल के नेगेव रेगिस्तान स्थित नेवातिम एयरबेस पर लैंडिंग की। यह अमेरिका की कंपनी लॉकहीड मार्टिन द्वारा बनाए गए एफ-35 का विशेष संस्करण है। नए जेट विमान वायुसेना के 140 स्क्वाड्रन में शामिल हो गए हैं, जिसे गोल्डन ईगल के नाम से जाना जाता है, जो इजरायल की पहली एफ-35आई इकाई है और 2016 में बनी थी। इजरायल अक्टूबर 2010 में अमेरिका से एफ-35 खरीदने वाला पहला देश है। आईडीएफ के अनुसार, क्षेत्र में बहु-स्तरीय संघर्ष शुरू होने के बाद से 'अदीर' लड़ाकू विमान अभूतपूर्व स्तर पर अभियान चला रहे हैं। अभी तक इजरायल के पास 45 एफ-35आई विमान हैं, जबकि अमेरिका से कुल 75 विमानों का सौदा हुआ है।

## अमेरिका ने इस वर्ष खसरे के 800 से अधिक मामले दर्ज किए

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में इस वर्ष अब तक खसरे के 884 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में तीव्र वृद्धि दर्शाता है। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। वर्ष 2025 में अब तक देश भर में खसरे के 11 प्रकोप दर्ज किए गए हैं। सीडीसी प्रकोप को तीन या अधिक संबंधित मामलों के रूप में परिभाषित करता है।अमेरिका के 30 अधिकार क्षेत्रों में पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 94 अस्पताल में भर्ती हैं और तीन मौतें इस बीमारी के कारण हुई हैं। इस वर्ष खसरे के मामलों की



संख्या वर्ष 2024 की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है, जब देश में खसरे के कुल 285 मामले दर्ज किए गए थे। सीडीसी इस बात पर जोर देता है कि खसरे को रोकने का सबसे अच्छा तरीका टीकाकरण है। एमएमआर (खसरा, कण्ठमाला, रूबेला) वैक्सीन की दो खुराकें रोग की रोकथाम में अत्यधिक प्रभावी हैं।

## भारत, पाकिस्तान किसी न किसी तरह से इसे स्वयं ही सुलझा लेंगे : ट्रम्प

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा से बहुत तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश 'किसी न किसी तरह से इसे स्वयं ही सुलझा लेंगे'। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बारे में रोम जाते समय एयरफोर्स वन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ÷मैं भारत के बहुत करीब हूँ, और मैं पाकिस्तान के भी बहुत करीब हूँ। जैसा कि आप जानते हैं कि कश्मीर में उनकी लड़ाई एक हजार साल से चल रही है, यह एक हजार साल से चल रही है, शायद उससे भी ज्यादा समय सेज्और कल एक बहुत बुरा हमला हुआ, बहुत बुरा, 30 से ज्यादा लोग मारे गए÷। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। सीमा पर बढ़ते तनाव के बारे में पूछे जाने पर और क्या वह चिंतित हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः 'ठीक है, उस सीमा पर एक हजार पांच सौ वर्षों से तनाव है, इसलिए, समझिए, यह वैसा ही है जैसा पहले था। वे इसे किसी न किसी तरह से सुलझा लेंगे, मैं उनके दोनों नेताओं को जानता हूँ। पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत तनाव है, हमेशा से रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा पहलगाम आतंकवादी हमले पर कही गई टिप्पणी के बाद आई है। अब पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों की बात करें। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप और सचिव रुबियो ने स्पष्ट किया है, अमेरिका भारत के साथ खड़ा है, आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है।

## ईरान की भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश

**तेहरान।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को कम करने के लिए ईरान ने मध्यस्थता की पेशकश की है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग़ची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में दोनों पड़ोसी देशों के बीच शांति स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने लिखा कि ईरान का भारत और पाकिस्तान के साथ सदियों पुराना सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध है, और तेहरान इन संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। अराग़ची ने आगे कहा कि इस मुश्किल समय में ईरान नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों की मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। उन्होंने अपनी इस भावना को फ़ारसी कवि सादी की एक कविता के माध्यम से भी व्यक्त किया।

# शहबाज शरीफ का पाकिस्तान के सशस्त्र बलों से तैयार रहने का आह्वान

**एजेंसी**

**एबटाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आज सुबह एबटाबाद के काकुल स्थित पाकिस्तान सैन्य अकादमी के पासिंग आउट समारोह में हिस्सा लिया। शहबाज ने इस मंच का भी उपयोग भारत को धमकी देने के लिए किया। उन्होंने धमकी भरे लहजे कहा कि भारत आरोप-प्रत्यारोप का खेल बंद करे। पाकिस्तान उसके किसी भी दुस्साहस का ताकत से जवाब देने के लिए तैयार है। शरीफ ने मुल्क की संप्रभुता की रक्षा के लिए सशस्त्र बलों से तैयार रहने का आह्वान किया। न्यूज की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज ने शनिवार को भारत से लगातार आरोप-प्रत्यारोप का खेल बंद करने की मांग की और कहा कि किसी भी दुस्साहस का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने



कहा कि पहलगाम हमले के भारत मुल्क पर निराधार आरोप लगा रहा है। भारत के पास आरोपों के पक्ष में कोई साक्ष्य नहीं हैं। पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय निष्पक्ष और पारदर्शी जांच जरूरी है।

शहबाज ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान के जल हिस्से को रोकने या मोड़ने के किसी भी कदम के खिलाफ सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इस मोर्चे पर पाकिस्तान के संकल्प के बारे में किसी को भी कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान ने भारत के 2019 के हवाई हमले का माकूल जवाब दिया। भविष्य में किसी भी दुस्साहस का इसी तरह का जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान शांति के लिए खड़ा है, लेकिन इसे कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। मुल्क की गरिमा और सुरक्षा से कभी समझौता नहीं किया जाएगा। सिंधु जल संधि देश के 240 मिलियन लोगों के लिए जीवन रेखा है। इसके पानी की उपलब्धता को हर कीमत पर और हर परिस्थिति में सुरक्षित रखा जाएगा।

## बांग्लादेश पुलिस ने श्रीलंका के तीन अपहृत नागरिकों को छुड़ाया, चार लोग गिरफ्तार

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस ने पिछले दिनों ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अगवा किए गए श्रीलंका के तीन नागरिकों को छुड़ा लिया। आरोपितों ने तीनों के घरवालों को फोन कर फिरौती मांगी थी। पुलिस ने इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। द डेली स्टार की खबर के अनुसार श्रीलंकाई नागरिक 22 अप्रैल को बागेरहाट के शाहिदुल शेख नामक एक व्यापारी के निमंत्रण पर व्यापारिक उद्देश्यों से बांग्लादेश पहुंचे थे। ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 22 अप्रैल को श्रीलंका के तीनों नागरिकों का अपहरण किया गया था।इनको छुड़ाने का अभियान दोपहर 12फीसदी 15 बजे बागेरहाट जिले के मोल्लाहाट उपजिला के कोडालिया क्षेत्र में शुरू किया गया। बांग्लादेश पुलिस नस तीनोंचस को सुरक्षित बचा लिया। डीआईजी (खुलना रेंज) मोहम्मद रजाउल हक ने



पत्रकारों को बताया कि अपहरण के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए चार लोगों में काजी इमदाद हुसैन, शाहिदुल शेख, जॉनी शेख और एसएम शमसुल आलम हैं। इन लोगों ने बांग्लादेशी फोन नंबर से श्रीलंकाई नागरिकों के परिवारों से संपर्क करके फिरौती मांगी थी। पुलिस ने इमदाद के घर पर छापा मारा और तीनों श्रीलंकाई बंधकों को बचा लिया।

# यूएनएससी ने पहलगाम हमले की निंदा की

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्यों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।संयुक्त राष्ट्र सूचना केन्द्र की ओर से जारी प्रेस वक्तव्य के अनुसार सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पीड़ितों के परिवारों और भारत सरकार तथा नेपाल सरकार के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने इस बात पर पुनः जोर दिया कि आतंकवाद अपने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष जेरोम बोनाफोंट (फ्रांस) ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने इस सदस्यों ने दोहराया कि आतंकवाद का कोई भी कृत्य आपराधिक और अनुचित है, चाहे उसका उद्देश्य कुछ भी हो, चाहे वह कहीं भी, कभी भी और किसी के द्वारा भी किया गया हो। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और




बात पर जोर दिया कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, और सभी देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून और प्रासंगिक सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया। सुरक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, अंतर्राष्ट्रीय शरणार्थी कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अन्य दायित्वों के अनुसार सभी राज्यों द्वारा आतंकवादी कृत्यों के कारण अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरों से हर तरह से निपटने की आवश्यकता की पुष्टि की।

## पाकिस्तान की सीनेट ने प्रस्ताव पारित कर पहलगाम आतंकी हमले पर भारत के आरोपों को खारिज किया

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उपजी स्थितियों पर आज पाकिस्तान संसद के उच्च सदन सीनेट (आइवान-ए बाला) में चर्चा हुई। सीनेट ने सर्वसम्मत से प्रस्ताव पारित कर हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के भारत के आरोपों को खारिज कर दिया। सीनेट ने आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। न्यूज की खबर के अनुसार, सीनेट में पारित किए गए प्रस्ताव में सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की गई है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना पाकिस्तान के मूल मूल्यों के खिलाफ है। हमले के बाद भारत के सिंधु जल संधि को स्थगित करने की घोषणा से जले-भुने पाकिस्तान के नेताओं ने सीनेट में इसकी निंदा की। प्रस्ताव में चेतावनी दी गई कि पाकिस्तान किसी भी आक्रमण का जवाब देने में सक्षम है। इस दौरान पुराना राग अलापते हुए कश्मीरी लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए अटूट समर्थन को दोहराया गया। उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने सीनेट को बताया कि भारत ने हालांकि सीधे तौर पर पाकिस्तान का नाम लेने से परहेज



किया है, लेकिन बिना किसी सबूत के इस ओर इशारा किया है। साथ ही डार ने सदन को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक के निर्णयों की जानकारी दी। इसकी जानकारी कल 26 देशों को दी गई। बाकी को आज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने शाम सात बजे बातचीत का समय निर्धारित करने का अनुरोध किया है। डार ने धमकी के अंदाज में कहा कि पाकिस्तान के सशस्त्र बल पूरी तरह से तैयार हैं। सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज ने कहा कि यह प्रस्ताव विरोधियों को एकीकृत संदेश भेजता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत लगातार आतंकवाद के बहाने पाकिस्तान को बदनाम करता है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की सीनेटर शेरी रहमान ने भी सत्ता प्रतिष्ठान के नेताओं की हां में हां मिलाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के मसले पर भारत से बातचीत करने की कोशिश की थी, लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इस दौरान अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) के अध्यक्ष ऐमल वली ने कहा कि युद्ध से किसी को कोई लाभ नहीं होता। उन्होंने कहा कि दोनों देशों में एक-दूसरे को पूरी तरह से नष्ट करने की पर्याप्त शक्ति है। उन्होंने भारत में उन लोगों से आह्वान किया जो शांति चाहते हैं, अहिंसा के सिद्धांतों का पालन करते हैं और आतंकवाद का विरोध करते हैं कि वे युद्ध के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं।

# पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार में विदेशी मीडिया का सहारा लिया

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आरोपों से घिरा पाकिस्तान विदेशी मीडिया की शरण में पहुंचा है। इस बहाने अपनी पुरानी आदत के अनुसार, भारत के खिलाफ राग अलाप रहा है। मुल्क के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में भारत पर तमाम आरोप लगाते हुए पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच कराने की मांग की है। डॉन अखबार की रिपोर्ट में ख्वाजा के इस इंटरव्यू की चर्चा की गई है। इसमें कहा गया है कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले में 26 लोग मारे गए।इनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। वर्ष 2000 के बाद यह सबसे घातक सशस्त्र हमला है। हमले की जिम्मेदारी कथित तौर पर द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। हमले के बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के खिलाफ कई तरह के कदम उठाए हैं। भारत ने सिंधु जल



संधि को स्थगित करने की घोषणा की है। पाकिस्तान ने शिमला समझौते को स्थगित कर भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। आसिफ ने द न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए साक्षात्कार में कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की किसी भी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार है। पहलगाम में हुई घटना से भारत को सिंधु जल संधि को निलंबित करने का बहाना मिल गया है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान नहीं चाहता कि जल 'युद्ध' भड़के। आसिफ ने सफाई दी कि प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा निष्क्रिय हो चुका है। उसके पास पाकिस्तान से हमले की योजना बनाने या उसे अंजाम देने की कोई क्षमता नहीं है। लश्कर के लोगों में से कुछ को घरों में नजरबंद कर दिया गया है और कुछ को हिरासत में लिया गया है। आसिफ ने इंटरव्यू में दुनिया को यह बताने की कोशिश की है कि यह हमला भारत सरकार ने ही कराया। पिछले एक दशक से भारत इस संधि से बाहर निकलने की कोशिश करता रहा है। इस हमले के बहाने उसे अब मौका मिल गया है। स्काई न्यूज के साथ एक अलग साक्षात्कार में रक्षामंत्री आसिफ चेतावनी दे चुके हैं अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो युद्ध छिड़ सकता है।

## डॉ. जयशंकर ने राजदूत शर्मा से मिल पहलगाम हमले में मारे गए नेपाली युवक के प्रति संवेदना जताई

**एजेंसी**

**काठमांडू।** भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दिल्ली में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा को बुलाकर पहलगाम हमले में मारे गए नेपाली युवक के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। भारतीय विदेश मंत्रालय में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर विभिन्न देशों के राजदूतों से मिलने के क्रम में डॉ. जयशंकर ने नेपाल के राजदूत डॉ. शर्मा से मुलाकात की है। भारतीय विदेश मंत्रालय में हुई इस



मुलाकात के दौरान जयशंकर ने पहलगाम हमले में मारे गए नेपाली नागरिक सुदीप न्यौपाने के प्रति दुख प्रकट करते हुए अपनी संवेदना जताई है। डॉ. शर्मा ने बताया कि विदेशमंत्री डॉ. जयशंकर के अनुसार, भारत सरकार न्यौपाने के पीड़ित परिवार को वह सभी सुविधाएं मुहैया कराएगी, जो उस हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों को मिलेंगी। विदेशमंत्री ने पहलगाम हमले पर नेपाल सरकार के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के तरफ से संवेदना प्रकट करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को व्यक्तिगत रूप से फोन कर इस दुख के क्षण में भारत के साथ खड़े होने पर भी धन्यवाद दिया।

# पाकिस्तान में सिंधु पर नहर परियोजना का विरोध, आंदोलन से डरी सरकार

**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान का सिंध प्रांत संघीय सरकार की सिंधु नदी पर नहरों का जाल बिछाने की योजना के खिलाफ उबल रहा है। राजधानी कराची से लेकर गांव और शहरों के लोगों ने बगावत का झंडा उठा लिया है। अरब सागर के तट पर बसे कराची में अशांति की लपटें उठ रही हैं। नहर प्रदर्शनकारियों के धरना समाप्त करने से इनकार करने की वजह से करीब 15 हजार मालवाहक वाहन बीच रास्ते में फंस गए हैं। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, नहर प्रदर्शनकारियों को संघीय सरकार के आश्वासन पर भरोसा नहीं है। उन्होंने धरना समाप्त करने से इनकार कर दिया है। हालांकि आंदोलन से भयभीत संघीय सरकार ने सिंधु नदी पर विवादास्पद नहर परियोजना को रोकने का निर्णय लिया है। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि आंदोलन के कारण देश की आपूर्ति श्रृंखला में गंभीर व्यवधान पैदा हो गया है। ट्रांसपोर्ट गुड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तारिक गुज्जर ने कहा कि सड़कों पर लगाए गए अवरोधों के कारण सुक्कुर-लरकाना डिवीजन और बहावलपुर के आसपास 15,000 से अधिक ट्रॉलर, कंटेनर, ट्रक और तेल टैंकर फंसे हुए हैं। गुज्जर का कहना है कि आंदोलन में वकीलों के कूद जाने से हालात और बिगड़ गए हैं। प्रदर्शनकारी दो मई का इंतजार कर रहे हैं। संघीय सरकार ने घोषणा की है कि नहर परियोजनाओं को रोकने की आधिकारिक अधिसूचना का दो मई को जारी होगी। संघीय सरकार ने घोषणा की कि प्रस्तावित नहर परियोजना तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि दो मई को होने वाली काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स की बैठक में आम सहमति नहीं बन जाती। हालांकि, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी और प्रदर्शनकारी वकीलों का प्रतिनिधित्व करने वाले एडवोकेट आमिर वराइच के बीच बैठक हुई है। इस बीच, सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने प्रदर्शनकारियों से अवरुद्ध राजमार्गों को खोलने और माल की आवाजाही को फिर से शुरू करने की अपील की है। कराची चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष जावेद बिलवानी ने पिछले 10-12 दिनों में निर्यात ऑर्डर और स्थानीय उत्पादन में 500 बिलियन रुपये (1.8 बिलियन डॉलर) से अधिक के संचयी नुकसान का अनुमान जताया है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) सिंध के महासचिव राशिद महमूद सूमरो ने संघीय सरकार के मौखिक आश्वासन को खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार के सिंधु जल संधि को स्थगित करने से पाकिस्तान में कोहराम मचा हुआ है।

## नेपाल-भारत सीमा पर रेलवे ट्रैक का पैडल खोलते पकड़े गए मदरसे के दो लड़के

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल-भारत की सीमा पर रहे रेलखंड में ट्रेन दुर्घटना कराने की नीयत से रेलवे ट्रैक का पैदल खोलते हुए पुलिस ने दो लड़कों को नियंत्रण में लिया है। ये दोनों ही लड़के पास के मदरसे के हैं। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के कुण्डवा चैनपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर दो दर्जन पैडल के साथ मदरसे के दो छात्रों को रेलवे पुलिस बल ने हिरासत में लिया है।

रेलवे लाइन के कई पेडल खुले हुए पाए गए हैं, जिससे आशंका है कि यह ट्रेन को नुकसान पहुंचाने की नीयत से की गई कोशिश हो सकती है। इस गतिविधि की भनक सीमा जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को लगी। इस संगठन के लोगों ने रेलवे पुलिस बल को तत्काल इसकी सूचना दी। उन्होंने इस कार्य में मदरसा में पढ़ने वाले कई नाबालिग




लड़कों के शामिल होने की जानकारी दी। रेलवे पुलिस बल की टीम को आता देख अधिकांश बच्चे फरार हो गए जबकि दो बच्चों को आरपीएफ ने अपने नियंत्रण में लिया। आरपीएफ की टीम ने मदरसे के दोनों छात्रों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ के एएसआई सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन छात्रों का असल मकसद क्या था और पेडल खोलने के लिए उन्हें किसने कहा था?

## एपस्टीन मामले में आरोप लगाने वाली वर्जीनिया गिफ्रे ने 41 वर्ष की आयु में आत्महत्या की

**कैनबरा ।** जेफरी एपस्टीन के शोषण और तस्करी नेटवर्क को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली वर्जीनिया गिफ्रे ने 41 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली। उनके परिवार ने पुष्टि की कि उनका निधन ऑस्ट्रेलिया के नीगैंबी में हुआ। गिफ्रे ने साहस के साथ एप्सटीन और उनके प्रभावशाली सहयोगियों के खिलाफ आरोप लगाए। उन्होंने यौन शोषण और तस्करी से प्रभावित लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और न्याय की लड़ाई लड़ी। अंत में उन्होंने ऐसे लोगों को सजा दिलाई।

# कोलंबिया विवि के छात्र और फिलिस्तीन समर्थक खलील को बिना वारंट हिरासत में लेने का खुलासा

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** फिलिस्तीन समर्थक और कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्नातक छात्र महमूद खलील को पिछले महीने बिना किसी गिरफ्तारी वारंट के हिरासत में लिया गया। सीरिया में जन्मे और ग्रीन कार्ड धारक खलील को 8 मार्च को रमजान के दौरान इफ्तार से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। न्यूज चैनल के अनुसार, जारी किए गए अदालती दस्तावेजों से इसकी पुष्टि हुई है कि खलील को बिना किसी गिरफ्तारी वारंट के हिरासत में लिया गया। अदालती दस्तावेजों में होमलैंड सुरक्षा विभाग के वकीलों ने कहा कि आव्रजन अधिकारियों के पास 'वारंट रहित गिरफ्तारी करने के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ थीं'। यह आशंका थी कि वह वह सहयोग नहीं करेगा और भागने की फिराक में है। संघीय आव्रजन अधिकारियों ने कहा कि उन्हें विश्वास था कि उसके भागने का जोखिम है। इसलिए गिरफ्तारी आवश्यक थी। चैनल के अनुसार, गिरफ्तारी के वीडियो फुटेज में खलील को सहयोग करते हुए और अधिकारियों से यह कहते हुए दिखाया गया है, 'हां, मैं आपके साथ



चलने के लिए तैयार हूं।' खलील इस समय लुइसियाना में एक इमिग्रेशन डिटेंशन सुविधा में हिरासत में है। खलील की पत्नी नूर अब्दुल्ला ने पिछले दिनों पहले बच्चे के जन्म दिया है। खलील के वकीलों का तर्क है कि उनके मुवक्किल के अपार्टमेंट बिल्डिंग में प्रवेश करने के लिए वारंट की आवश्यकता थी। खलील की कानूनी टीम मामले को खारिज करने की मांग कर रही है। टीम का दावा है कि उसने गिरफ्तारी के दौरान अधिकारियों के साथ सहयोग किया और यह साबित करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं किया गया है कि वह भागने का जोखिम था। होमलैंड सुरक्षा विभाग की सहायक सचिव ट्रिसिया मैकलॉघलिन ने एक ई-मेल बयान में कहा, खलील ने भागने की कोशिश की, इसलिए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके यहां जाते समय प्रशासनिक गिरफ्तारी वारंट निष्पादित किया गया था। कोलंबिया विश्वविद्यालय ने इस मामले में किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। उधर, ट्रंप प्रशासन ने आठ मार्च को न्यूयॉर्क शहर में खलील की गिरफ़्तारी के बाद से उसे अमेरिका से निर्वासित करने के लिए दो आधार प्रस्तुत किए हैं। प्रशासन ने इमिग्रेशन कानून में एक प्रावधान का हवाला दिया जो राज्य के सचिव को किसी व्यक्ति को निर्वासित करने का अधिकार देता है। दूसरा आधार 23 मार्च को सार्वजनिक किया गया। इसमें आरोप लगाया गया है कि खलील ने कुछ संगठनों में अपनी सदस्यता के बारे में जानकारी छुपाई और अपने स्थायी निवास आवेदन में बेरूत में ब्रिटिश दूतावास में सीरिया कार्यालय में अपने रोजगार का खुलासा करने में विफल रहा।

कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# 'सिंधु जल संधि' पर निर्णय, पानी को मोड़ेगा भारत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ 'सिंधु जल संधि' को स्थगित कर दिया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के बीच करीब 45 मिनट की बैठक में चर्चा हुई। अमित शाह के आवास पर हुई बैठक में तात्कालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक उपायों पर विचार किया गया। बैठक के बाद पाटिल ने मीडिया को बताया, मोदी सरकार द्वारा सिंधु जल संधि पर लिया गया ऐतिहासिक निर्णय पूर्णतः न्यायसंगत और राष्ट्रहित में है। हम ख्याल रखेंगे की पाकिस्तान में सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी नहीं जाए। उन्होंने कहा कि तुरंत पानी साझा करने के सभी संभावित तरीकों पर कार्य शुरू होगा। जल्द ही नदियों की गाद निकालने का कार्य किया जाएगा, जिससे पानी रोका जाएगा और इसे मोड़ा जाएगा।

# मुठभेड़ के बाद पुलिस ने कुख्यात वाहन चोर आमिर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस ने कुख्यात वाहन चोर आमिर को साकेत इलाके में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान आमिर को पकड़ने के लिए पुलिस ने उसके पैर में गोली मारी। फिलहाल, उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि आमिर के विरुद्ध 27 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से चोरी की कार व एक पिस्टल बरामद की है।पुलिस के अनुसार जिले की एएटीएस की टीम वाहन चोरी की घटनाओं की जांच कर रही थी। इसी क्रम में एएटीएस को सूचना मिली कि बुलंदशहर निवासी आमिर नामक कुख्यात वाहन चोर साउथ दिल्ली में सक्रिय है। इस दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि आमिर वारदात के इरादे से साकेत इलाके में आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर एएटीएस की टीम ने इलाके में ट्रैप लगाया। चोरी की कार में सवार होकर आए आमिर को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर गोली चलाई। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई में दो राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली आरोपित के पैर में लगी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। घायल को पुलिस ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर उसके नेटवर्क की जांच कर रही है।

# हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नकुल सांगवान उर्फ दीपक गैंग के सक्रिय सदस्य सुधीर राणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से .32 बोर की एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। जांच में पता चला है कि पकड़ागया आरोपित आदतन अपराधी है और उसके ऊपर दिल्ली/एनसीआर में हत्या के प्रयास, डकैती, चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी और आर्म्स एक्ट जैसे पांच मामलों में शामिल रहा है।स्पेशल सेल के डीसीपी मनोज सी ने बताया कि स्पेशल सेल की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि नकुल सांगवान उर्फ दीपक गिरोह का एक सक्रिय सदस्य सुधीर राणा अपने साथियों से मिलने के लिए गुरुवार रात को लाडपुर गांव आने वाला हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीमने इलाके में जाल बिछाया और आरोपित को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# हत्या व लूट के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या व लूटपाट के मामले में 16 साल से फरार चल रहे मुकेश उर्फ गुज्जर को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित हत्या, हत्या के प्रयास, हथियार लूट और डकैती सहित 19 जघन्य अपराधों में शामिल रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि क्राइम ब्रांच वांछित बदमाशों की तलाश कर उन्हें पकड़ने का लगातार काम कर रही है। इसी क्रम मेंक्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि हत्या व लूट के मामले में वर्ष 2009 से फरार आरोपित मुकेश रोहिणी इलाके में आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया और मुकेश को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला है कि मुकेश ने आनंद पर्वत इलाके में 28 फरवरी 2002 को अपने साथियों संजीव वर्मा उर्फ संजू, राकेश और विजय उर्फ राजेश के साथ मिलकर मोहन लाल बंसल की कार को रोका और उनसे 25 लाख रुपये लूट लिए। घटना के कुछ दिनों बाद पुलिस ने सभी आरोपितों कोगिरफ्तार किया। वर्ष 2009 में आरोपित मुकेश पैराल लेकर फरार हो गया। जांच में पता चला कि पकड़ा गया आरोपित मुकेश उर्फ गुज्जर उर्फ हेमू उप्र का रहने वाला है। वह बहुत कम उम्र में अपने माता-पिता के साथ दिल्ली आ गया था। उसने 9वीं कक्षा तक पढ़ाई की है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस से उठा लोगों का भरोसा: राष्ट्रीय महिला आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने हाल ही में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में बड़े पैमाने पर हुई सांप्रदायिक हिंसा पर गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त की है। अध्यक्ष विजया रहाटकर के नेतृत्व में चार सदस्यीय जांच समिति ने पिछले सप्ताह प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मुर्शिदाबाद की पीड़ित महिलाओं और लड़कियों से मुलाकात की और उनके ऊपर हुए अत्याचार की रिपोर्ट तैयार की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस हिंसा के बाद से पश्चिम बंगाल पुलिस से लोगों का भरोसा उठ गया है। आयोग ने जारी रिपोर्ट में बताया कि पीड़ितों को उनके घरों से घसीटा गया, क्रूरता से हमला किया गया और कुछ मामलों में उन्हें अपनी बेटियों को दुष्कर्म के लिए भेजने के लिए कहा गया। आयोग ने कहा कि इन महिलाओं पर जो आघात पहुंचा है, वह गंभीर है और इसका असर मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से लंबे समय तक रहने




वाला है। जबरन विस्थापन ने इन महिलाओं को और भी असुरक्षित स्थिति में धकेल दिया है, जिससे उनके बुनियादी मानवाधिकारों और सम्मान का हनन हुआ है। आयोग ने बताया कि मुर्शिदाबाद में प्रशासनिक मशीनरी और शासन पूरी तरह से विफल रही हैं। पूर्व खुफिया जानकारी और क्षेत्र में स्पष्ट तनाव के बावजूद राज्य सरकार इसे रोकने में विफल रही है। मूकदर्शक बनी रही। हिंसा जानबूझकर और पूर्व नियोजित प्रतीत होती है, जिसमें कई पीड़ितों ने आरोप लगाया कि भूमि और संपत्ति हड़पने के स्पष्ट प्रयास में हिंदुओं के घरों और व्यवसायों को चुनिंदा रूप से निशाना बनाया गया। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने पीड़ितों की मदद के लिए की गई कॉल को या तो नज़रअंदाज़ किया या धीमी और अप्रभावी तरीके से जवाब दिया। अविश्वास इस धारणा से और बढ़ गया है कि पुलिस दंगाइयों के प्रति नरम थी, जो शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता के बजाय राजनीतिक एजेंडे में बदल गई। पीड़ितों को भोजन, कपड़े, पेयजल, स्वच्छता और चिकित्सा सहायता जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा। राज्य सरकार न्यूनतम राहत भी प्रदान करने में विफल रही है, जिससे पहले से ही सदमे में आए परिवार निरंतर संकट और अनिश्चितता की स्थिति में हैं।

# देश में गर्मी का सितम जारी, ब्रह्मपुरी (विदर्भ) में पारा 45.5 डिग्री के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का सितम जारी है। ब्रह्मपुरी (विदर्भ) में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पूर्वोत्तर और पश्चिमी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, विदर्भ, समीपवर्ती मराठवाड़ा, पूर्वोत्तर झारखंड, पश्चिमी गंगा के तटीय क्षेत्र, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया। विदर्भ में कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बनी हुई है। उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी कुछ स्थानों पर लू चली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक गर्मी का सितम इसी तरह जारी रहेगा। दिल्ली का अधिकतम तापमान 41.9 दर्ज किया और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल के साथ 30 किमी प्रति घंटा रफ्तार से हवाए चल सकती है। दिल्ली के कुछ स्थानों पर हीट वेव की संभावना है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 41 से 43एष्ट और न्यूनतम तापमान 23 से 25एष्ट





के बीच रहने की संभावना है। इसी तरह रविवार को भी कमोवेश ऐसी ही स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अरुणाचल प्रदेश, उत्तर-पूर्व असम, निकोबार द्वीप समूह में अधिकतम तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है। उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में 1-2 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है और देश के बाकी हिस्सों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है।

# जुमे के खुत्बे में शाही इमाम बुखारी ने पहलगाम की आतंकी घटना को शर्मनाक बताया

एजेंसी

**नई दिल्ल्सी।** जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की चौतरफा निंदा की जी रही है। इसी संदर्भ में दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने जुमे की नमाज के खुत्बे में कहा कि एक निर्दोष की हत्या ईश्वरीय प्रकोप को दावत देती है। इस संबंध में उन्होंने कुरान की एक आयत का भी उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि किसी एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या पूरी मानवता की हत्या है और किसी एक व्यक्ति की रक्षा पूरी मानवता की रक्षा है। उन्होंने कहा कि जिन आतंकवादियों ने यह जघन्य कृत्य किया है, उन्होंने पूरी मानवता को शर्मसार किया और इस्लामिक सिद्धांतों की पूरी अवहेलना की है। इसका किसी भी इस्लामी विचारधारा से कोई लेना-देना नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की अनेकता में एकता और वैभवशाली संस्कृति की जड़ें इतनी गहरी हैं कि वह समाज में विभाजन



पैदा करने वाली किसी भी तरह की विचारधारा का डट कर मुकाबला कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस वक्त पूरी दुनिया हिंसा की लपेट में है, लेकिन यह समय मानवता को जोड़ने का भी है। हिंदू-मुस्लिम में भेद को भी खत्म करना होगा। इसके लिए हमें देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए मजबूत चट्टान की तरह खड़ा रहना पड़ेगा। भारत का एकता और अखंडता पर जब भी कोई खतरा मंडलाएगा, भारतीय समाज सारी नफरतें मिटा कर एकजुटता के साथ देश की रक्षा के लिए खड़ा होगा। हमारा देश पूरे विश्व में एक विशेष स्थान रखता है, यहां विभिन्न समुदाय एकसाथ मिलजुल कर रहते हैं और अपनी परंपराओं का पालन भी करते हैं। हमारी हजारों साल पुरानी संस्कृति और दर्शन सामाजिक समरसता का परिचायक है। शाही इमाम ने अपने इस जुमा के खुत्बे में इस आतंकी घटना में हताहत हुए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने भारत और समूचे विश्व के लिए शांति, सद्भाव और भाईचारे की कामना की।

# राहुल गांधी ने दिल्ली में निकाला कैंडललाइट मार्च, आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति जताई एकजुटता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में आज नई दिल्ली में एक कैंडललाइट मार्च निकाला गया। इसमें उन्होंने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले के निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति अपनी एकजुटता जताई। यह मार्च पार्टी मुख्यालय से महात्मा गांधी स्मृति तक निकाला गया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।वेणुगोपाल ने पोस्ट में आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने इस शांति मार्च में हस्तक्षेप किया, जिससे स्थल पर पूरी तरह से अराजकता और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस का यह व्यवहार भाजपा की एकता और एकजुटता के प्रति खोखली प्रतिबद्धता को उजागर करता है। गांधी ने आज जम्मू-



कश्मीर का भी दौरा किया था। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा था कि हम सभी पीड़ितों के परिवारों के साथ खड़े हैं। यह समय एकजुटता का है, न कि विभाजन का। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी ने आज देशभर में अलग-अलग स्थानों पर पहलगाम हमले के विरोध में मार्च निकाला है।

# राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन: शहरी नदी पुनरुद्धार को मजबूत करने के लिए कार्य योजना 2025 को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शहरी नदियों के सतत पुनरुद्धार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने रिवर सिटी एलायंस (आरसीए) के लिए एक वार्षिक योजना को मंजूरी दी है। इसमें पूरे साल चलने वाली पहलों के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है। इस योजना में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, ज्ञान आदान-प्रदान मंचों, तकनीकी उपकरणों के विकास, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और विषयगत केस स्टडी की एक श्रृंखला शामिल है, जो देश के शहरों में नदी-संवेदनशील शहरी नियोजन को एकीकृत करने पर केंद्रित है। वर्ष 2021 में शुरू किया गया रिवर सिटी एलायंस जल शक्ति मंत्रालय और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की एक अग्रणी पहल है। रिवर सिटी एलायंस 145 शहरों की वर्तमान सदस्यता के साथ शहरी नदी प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है, संस्थागत क्षमता को मजबूत करता है, नदी घाटियों के भीतर इंटर सिटी सहयोग को बढ़ावा देता है और शहरी नदी प्रबंधन योजनाओं (यूआरएमपी) के निर्माण का समर्थन करता है। इस वर्ष की स्वीकृत योजना रणनीतिक हस्तक्षेपों के साथ योजनाओं के लक्ष्यों को क्रियान्वित करने के लिए तैयार की गई है। इस वर्ष राज्यों में रिवर सेन्सिटिव मास्टर प्लानिंग (आरएसएमपी) प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से नदी संबंधी विचारों को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। शहरी नदी प्रबंधन योजनाओं (यूआरएमपी) के निर्माण का समर्थन करने के लिए, एनएमसीजी तमिलनाडु में आरसीए शहरों के लिए विशेष रूप से ऑनबोर्डिंग कार्यक्रमों सहित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेगा, साथ ही अन्य राज्यों के लिए भी आगे के सत्रों की योजना बनाई गई है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने नदियों के शहरी प्रबंधन में पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक आयामों पर विचार करने के लिए वर्ष 2020 में अर्बन रिवर मास्टर प्लान की शुरुआत की थी। कानपुर, अयोध्या, छत्रपति संभाजी नगर, मुरादाबाद और बरेली ने अपने अर्बन रिवर मास्टर प्लान विकसित कर लिए हैं। छत्रपति संभाजी नगर के खाम नदी पुनरुद्धार मिशन को विश्व संसाधन संस्थान के रॉस सेंटर पुरस्कार फॉर सिटीज द्वारा वैश्विक रूप से मान्यता दी गई थी, जो इस पहल की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित करता है। आगामी वर्ष में 25 और अर्बन रिवर मास्टर प्लान का विकास किया जाएगा जो अगले दो से तीन वर्षों में पूरे देश में 60 ऐसी योजनाएं बनाने के लिए एक बड़े मिशन के पहले चरण का हिस्सा होगा। विश्व बैंक द्वारा समर्थित यह पहल रिवर सेन्सिटिव शहरी शासन को मजबूत करने की दिशा में एक साहसिक कदम है। योजना निर्माण और कार्यान्वयन को मार्गदर्शन देने के लिए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में संचालन समितियों का गठन किया जा चुका है।

# सराय रोहिल्ला में ट्रेन के इंजन से टकराया ट्रक

एजेंसी

**नई दिल्ली** । सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन की वाशिंग लाइन के पास एक ट्रक ट्रेन से टकरा गया। राहत की बात यह रही है कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रेलवे की टीम ने पहुंचकर ट्रेन के इंजन में फंसे ट्रक के टायर को हटा दिया। फिलहाल रेलवे पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।रेलवे डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11.37 बजे सूचना मिली कि दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन की वाशिंग लाइन के पास एक ट्रक ने ट्रेन में टक्कर मार दी है। रेलवे पुलिस मौके पर



पहुंची तो जांच में पता चला है कि हरियाणा नंबर के ट्रक ने ट्रेन संख्या 12259 बीकानेर सियालदाह दुरंतो एक्सप्रेस के इंजन में टक्कर मारी है। घटना के वक्त ट्रेन किशनगंज स्टेशन की ओर से धीमी गति से आ रही थी। डीसीपी के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कृषि क्षेत्र में साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की आवश्यकता: डॉ. एमएल जाट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (एनएएएस) और ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (टीएएएस) ने आज नई दिल्ली में दो प्रख्यात के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया, जिसका उद्देश्य कृषि विज्ञान, अनुसंधान और नीति विकास में सहयोगी पहलों को बढ़ाना है।




कृषि वैज्ञानिकों डॉ. हिमांशु पाठक और डॉ. एमएल जाट को उनके संबंधित संस्थानों में प्रतिष्ठित नेतृत्व भूमिकाओं में उनकी नियुक्ति पर सम्मानित करने के लिए एक संवादात्मक बैठक और सम्मान समारोह का आयोजन किया। डॉ. पाठक आईसीआरआईएसएटी के महानिदेशक और डॉ. एमएल जाट कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक हैं। इस अवसर पर टीएएएस और एनएएएस कार्यक्रम के दौरान डॉ. जाट ने कृषि बिरादरी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत काल के सपने को साकार करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि में विज्ञान और साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाने के साथ ही किसानों के लिए स्थायी आजीविका बनाने के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाने और अपने लक्ष्यों को हमारे राष्ट्र के लक्ष्यों के साथ जोड़ने के लिए यह साझा सहयोगी मिशन का समय है। उन्होंने कहा कि हमें वैश्विक मेगाट्रेंड के संदर्भ में उभरती कृषि मांगों का अध्ययन करना चाहिए। आंतरिक प्रणालियों और बाहरी क्षमताओं दोनों को मजबूत करना और उनका तालमेल सुनिश्चित करना एक लचीला कृषि पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की कुंजी है। उन्होंने भारतीय कृषि की विविधता से उत्पन्न चुनौतियों और उन्हें संबोधित करने के लिए सुनियोजित, एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Srikanta W/O: Prakash Chand, R/O 193, Block A-1, Paschim Vihar, West Delhi , Delhi - 110063,have changed my name and shall hereafter be known as KANTA DEVI.

**NAME CHANGE**

I, LONG SHRI Mother of JC-483162P Rank-NB/SUB Name-RAJENDRA SINGH residing at VILL-GADORA, PO-NAYAKPURA, TEHSIL & DIST-MORENA, MADHYA PRADESH-476001, have changed my name from KAMLA DEVI to LONG SHRI for all future purposes vide Affidavit dated 26/04/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, K SAMUNDEESWARI Sister of JC-313523W Rank-SUB Name-SARAVANAN K residing at 2/95, NANDANAR STREET, VILL-PERUMALNAGAR, PO-KONAVATTAM, DIST-VELLORE, TAMIL NADU-632013, have changed my name from K SAMUNDEESWARI to SAMUNDEESWARI K for all future purposes and in my brother's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1974 instead of my correct date of birth as 02/06/1974 vide Affidavit dated 26/04/2025 before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुक्किल गीता गुप्ता पत्नी श्री लेट श्री अशोक गुप्ता पता मकान न 71,1 फ्लोर, ज ब्लाक, गली न 4, लक्ष्मी नगर न्यू दिल्ली–110092 दूसरा पता मकान न 1414, गली न चूले वाली पान मंडी सदर बाज़ार दिल्ली–110006 with shop से अपने पुत्र व उसकी पत्नी शिल्पा कश्यप उनके बुरे व्यहवार के कारण मैं अपनी अचल व चल संपत्ति से बेदखल कर रही हु । भविष्य में मेरा इनसे किसी तरह का कोई लेना देना नहीं है और नाही भविष्य में इन के लेन देनों की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

**DR. RADHA PARIHAR & ASSOCIATES ADVOCATE**
CH.NO D-603 KARKARDOOMA COURT DELHI-110032

**NAME CHANGE**

I, MAHENDER KUMAR KOCHAR S/O MILKHI RAM residing at 16/867, JOSHI LANE JOSHI ROAD, KAROL BAGH, DELHI-110005. have changed my name to MAHENDER KOCHAR for all future purpose

**NAME CHANGE**

I, PRADEEP KUMAR SHARMA S/o Late JAGDISH PRASAD TIWARI R/o WZ-327, GALI NO-22, SADH NAGAR PART-II, PALAM COLONY, NEW DELHI-110045, have changed my name from PRADEEP KUMAR SHARMA to PRADIP KUMAR SHARMA for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, PEBBILI SRINIVASA VARALAKSHMI W/o PEBBILI SRINIVASA RAO R/o 175/29, KABUL LINE, GURNAM ENCLAVE, DELHI CANTT-110010, have changed my name from PEBBILI SRINIVASA VARALAKSHMI to PEBBILI VARALAKSHMI for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Shilpy Bhalla D/O Vinod Kumar Bhalla W/O Chirag Chpra R/O Flat no 901 Tower-1 Paras Tierea Sec 137 Noida Gautam Budha Nagar Uttar Pradesh, Have changed my name to Shilpy Chopra for all future purposes.

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राजू उर्फ गेंड़ा पुत्र:** धर्मपाल वर्मा **पता:** बी–273 स्वर्ण जयंती पार्क गाजियाबाद उ.प्र. ने **FIR No. 195/19, U/s 356/379/411/34 IPC थाना: शाहदरा दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ गेंड़ा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ गेंड़ा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 195/19, U/s 356/379/411/34 IPC थाना: शाहदरा दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ गेंड़ा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री स्वाति शर्मा**
**सीजेएम कक्ष संख्या 57**
**कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली**

**DP/5067/SHD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल यादव उर्फ टीटू, पुत्र** : श्री राज यादव, **पता:** 372, गली नं. 1, गाँव भोवापुर, कौशाम्बी, गाज़ियाबाद, उ.प्र. ने मुकदमा **FIR No. 18637/21 U/s 411 / 34 IPC, थाना: शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल यादव उर्फ टीटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल यादव उर्फ टीटू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 18637/21 U/s 411 / 34 IPC, थाना: शाहदरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल यादव उर्फ टीटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**स्वाति शर्मा**
**मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी**
**कमरा नं. 59, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5069/SHD/2025**
**(Court Matter)**

**NAME CHANGE**

I, ANUSAYA BAI Mother of No-15183887H Rank-HAV Name-PAWAR YOGESH ASHOK R/o VILL-KHADKI BK, PO-TAMBOLE, TEH-CHALISGAON, DIST-JALGAON, MAHARASHTRA-424101, have changed my name from ANUSAYA BAI to ANUSAYABAI ASHOK PAWAR for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 12/08/1966 instead of my correct date of birth as 01/06/1953 vide affidavit dated 26/04/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, PAWAR ASHOK SAJAN Father of No-15183887H Rank-HAV Name-PAWAR YOGESH ASHOK R/o VILL-KHADKI BK, PO-TAMBOLE, TEH-CHALISGAON, DIST-JALGAON, MAHARASHTRA-424101, have changed my name from PAWAR ASHOK SAJAN to ASHOK SAJAN PAWAR for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 06/11/1963 instead of my correct date of birth as 01/06/1951 vide affidavit dated 26/04/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, RAJKUMAR SHRIVASTAV S/o SHRI SHANKER SHRIVASTAV R/o H NO. - 156, GALI NO-12, SHIV MANDIR GALI, MAUJPUR NORTH EAST DELHI – 110053, have changed my name from Raj Kumar to Rajkumar Shrivastav for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, PRIYNKA Wife of No. 3008386H Rank-LHAV Name-SUSHIL KUMAR Presently residing at VPO-BADHEDI MAJBATA, TEH-DEOBAND, DIST-SAHARANPUR, UTTAR PRADESH-247554, have changed my name from PRIYNKA to PRIYANKA for all future purposes vide Affidavit dated 26/04/2025 before Notary Public, Delhi.

## ऊर्जा संरक्षण पर रिटेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य संबंधित हितधारकों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**गुरुग्राम।** हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (हरेडा), जो कि हरियाणा राज्य में ऊर्जा संरक्षण प्रावधानों को लागू करने हेतु स्टेट डेजग़िनेटेड एजेंसी (एसडीए) है, द्वारा एक दिवसीय रिटेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ऊर्जा संरक्षण पर अन्य हितधारकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडीसी हितेश कुमार मीणा के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम सेक्टर 12 स्थित होटल कंट्री इन में आयोजित किया गया था। हरेडा के परियोजना अधिकारी प्रमोद वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यशाला में 50 से अधिक रिटेलर्स एवं अन्य हितधारकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व एवं इसके माध्यम से समग्र ऊर्जा लागत में कमी लाकर सार्वजनिक अवसंरचना में स्थिरता बढ़ाने की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने 5-स्टार रेटेड उपकरणों के उपयोग जैसे ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइटिंग, बीएलडीसी फैन, एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर एवं अन्य विद्युत उपकरणों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही प्रतिभागियों को अपने जीवन में ऊर्जा संरक्षण अपनाने एवं अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक ज्योति प्रसाद भट्टाचार्य, मोहित त्रिपाठी, अनुज गुप्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार के दिशा निर्देशन में सीएमओ डॉ अलका सिंह की अध्यक्षता में राजकीय कन्या विद्यालय जैकमपुरा में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन (वीबीडी) डॉ विकास स्वामी ने उपस्थितजन को मलेरिया के कारण व इसके बचाव के बारे में जागरूक किया। सीएमओ डॉ अलका सिंह ने गुरूग्राम में मलेरिया दिवस पर सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों से आह्वान किया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष हमें जिला गुरुग्राम में अधिक सजग होकर एकजुटता से काम करना है ताकि मलेरिया के केसों में वृद्धि न हो। इस दौरान उन्होंने ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत के मुखिया को मलेरिया के बारे में बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाने के लिए सामंजस्य स्थापित करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर कूलरों, टंकीयो, हौदियो, गमलों व टायर इत्यादि को चकिंग कर लार्वा के ठहराव वाले स्थानो की सफाई करने के लिए लोगों को भी जागरूक कर रहे है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की स्थिति को संभालने के लिए जिला स्तर पर और हर स्वास्थ्य केन्द्र पर रैपिड रिस्पोंस टीम का गठन किया गया है। कार्यक्रम ने डिप्टी सिविल सर्जन डॉ प्रदीप, डॉ. रणविजय यादव, डॉ. नूतन, डेंटल सर्जन डॉ. अनुषा सहित कई अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## तावडू में स्रोत पृथक्करण को लेकर नगर पालिका तावडू द्वारा जन जागरूकता अभियान आयोजित

**तावडू।** नगर पालिका द्वारा स्रोत पृथक्करण को लेकर डोर-टू-डोर एवं बाजार क्षेत्र में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करने के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस अभियान में स्वच्छ भारत मिशन के एक्सपर्ट आदिल हुसैन ने अपनी टीम के साथ सहभागिता की और आमजन को स्रोत पृथक्करण के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कचरे का सही तरीके से पृथक्करण किया जाए तो न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है बल्कि स्वच्छता भी बनाए रखना आसान होता है। इस अवसर पर नगर पालिका की टीम से नीरज एवं भूपेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। नगर पालिका का यह प्रयास स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## तावडू में 4 गांवों में आग लगने लाखों रूपए का नुकसान

**तावडू।** उपमंडल के 4 गांवों में आग लग जाने के कारण लाखों रूपए का नुकसान हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी सामान जल कर राख हो गया था। फायरकर्मी सुखबीर ने बताया कि गांव सूबासेडी में इकबाल के खेत में एक बोंगा भूसा, 2 झोपडी, 2 तखत, 3 पंखा, एक पलंग, एक कूलर, 1 हुक्का, कोल्ड ड्रिंक के पेटियां, एक एलसीडी, गांव सूबासेडी के ही नवाब के 2 बिटोडा व ईंधन की लकडी, गांव के ही सौकीन का 2 बिटोडा व ईंधन की लकडी, आरिफ की ईंधन की लकडी व तूडी, इसाक के लकडी ईंधन की व सरसों की तूडी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद काबू पाया। वहीं दूसरी ओर गांव कोटा खंडेवला के पहाड में लकडियों में आग लग गई। गांव पाडा में खेत में रखे 10 ट्रॉली भूसा में आग लग गई। गांव हसनपुर की बनी में लकडियों में आग लग गई।

## महेशनगर ड्रेन को 24 करोड़ रुपए की लागत से पक्का किया जा रहा है, अब ड्रेन में गाड़ियां उतारकर इसकी सफाई होगी : विज

**कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने आज दलीपगढ़ से बेहड़े वाले पीर तक और रामनगर गुरुद्वारा साहिब से सूर मंडी तक ड्रेन को पक्का करने के कार्य का शिलान्यास किया**

एजेंसी

**अम्बाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि 'अम्बाला छावनी के लोगों से मुझे बहुत प्यार मिला है और वो प्यार ही मेरे काम करने की ताकत है, मेरे सिर पर और किसी का हाथ नहीं, सिर्फ अम्बाला छावनी की शहर के बीचों बीच कई कालोनियों से होकर निकलती है जो सूर मंडी तक है। यह हर साल बरसातों में ओवरफ्लो होती है, इसे अब 24 करोड़ की लागत से पक्का किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाला कालोनियों में बीचों-बीच होकर निकलता है और लोगों ने नाले तक जाने के रास्तों में मकान बना रखे हैं इसलिए सफाई में दिक्कत होती थी।



जनता का हाथ है। आपकी ताकत मेरे लिए पावर हाऊस है, मेरी बैटरी जब डाउन हो जाती है तो मैं इसी से चार्ज हो जाता हूं तथा आपके प्यार व शक्ति से बड़ी से बड़ी ताकतों से टकरा जाता हूं'। उन्होंने पंजाबी में पंक्तियां पढ़ी और कहा कि 'रौया करेंगा सानू याद करके, जे रब न करे मैं चला जावां सीढ़िया चढ़के'। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी में महेशनगर ड्रेन मगर अब नाला पक्का होने पर इसमें गाड़ियां उतारकर सफाई होगी।महेशनगर ड्रेन को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अलग-अलग चरणों में पक्का किया जा रहा है और कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने आज दलीपगढ़ से बेहड़े वाले पीर तक और रामनगर गुरुद्वारा साहिब से सूर मंडी तक ड्रेन को पक्का करने के कार्य का शिलान्यास किया।

# सीएम नायब सैनी ने जाना जय भगवान शर्मा डीडी का कुशलक्षेम

**एक्सीडेंट में घायल डीडी के आवास पहुंचे मुख्यमंत्री ने की शर्मा के स्वास्थ्य लाभ की कामना**

एजेंसी

**कुरूक्षेत्र।** वरिष्ठ बीजेपी नेता एवं पिहोवा से बीजेपी पूर्व प्रत्याशी पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के आवास पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उनसे मुलाकात की और कुशलक्षेम जाना। सीएम ने जय भगवान शर्मा डीडी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। आपको बता दें कि बीते दिनों जय भगवान शर्मा डीडी कुरूक्षेत्र से पिहोवा जाते वक्त पिहोवा लुखी रोड पर उनकी गाड़ी का एसिडेंट हो गया जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जय भगवान शर्मा डीडी मैक्स हॉस्पिटल मोहाली में कूल्हे की सर्जरी के बाद डॉक्टरों के निर्देश पर घर में विश्राम पर हैं जहां आए दिन कार्यकर्ता, नेता और पार्टी के संसद, विधायक व पद्दाधिकारी उनका हाल पूछने आ रहे हैं। आज हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने उनका कुशलक्षेम पूछा और डीडी का हौंसला बढ़ाया। इस दौरान जय भगवान शर्मा डीडी और सीएम के बीच तूफान और आगजनी प्रभावित पिहोवा के मांगना, दीवाना व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान की माँग सीएम के सामने रखी जिस पर सीएम ने डीडी शर्मा को आश्वासन दिया।

सीएम ने जय भगवान शर्मा डीडी की पीठ थपथपाई और कहा कि मौसम प्रभावित आगजनी, तूफान का शिकार हुए क्षेत्रों में सरकार किसानों को मुआवजा देगी।



**सैंकड़ों कार्यकर्ता का उमड़ रहा हज्जुम,सुबह शाम लगा तांता**

वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा के साथ हुई सड़क दुर्घटना की जैसे जैसे खबर लोगो तक पहुंच रही है वैसे वैसे उनके कार्यालय, आवास और अलग अलग प्रतिष्ठानो पर लोगो की भीड़ उमड़ रही है। हरियाणा भर के ब्राह्मण संस्थाओं के प्रतिनिधि, नेता, प्रधान जहां डीडी शर्मा का हाल जानने पहुंच रहे हैं वहीं देश विदेश से फोन की घंटियां नहीं थम रहीं। प्रतिदिन पिहोवा, थानेसर लाडवा समेत प्रदेशभर से बीजेपी नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी सुबह शाम डीडी के कुरुक्षेत्र आवास, कार्यालय पहुंच रहे हैं। जय भगवान शर्मा डीडी उतरी हरियाणा में मजबूत और लोकप्रिय ब्राह्मण नेता हैं, इसके अलावा इनका रियल एस्टेट कारोबारी के तौर पर देशभर में नाम है। डीडी शर्मा से मिलने दिल्ली, एनसीआर, गुरुग्राम, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश के व्यापारी, कर्मचारी नेता पहुंच रहे हैं।

### सीएम नायब सैनी धरतीपुत्र किसान के सच्चे हितैषीः डीडी शर्मा

वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी अपने व्यवहार और काम के जरिए हरियाणा की जनता का दिल जीत रहे हैं । उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकार किसान, व्यापारी और मजदूर के हित में काम कर रही है। मंडियों में उठान और भुगतान की बात हो या फिर किसानों के लिए एमएसपी या अन्य मुद्दों पर सीएम नायब सैनी दरियादिली से काम कर रहे हैं। उन्होंने सीएम नायब सैनी द्वारा पिहोवा के ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान की अधिकारियों से रिपोर्ट मांगने और उचित मुआवजे के आश्वाशन पर कहा कि सीएम धरतीपुत्र किसान की आवाज हैं। डीडी ने कहा कि उन्हें सरकार और मुख्यमंत्री पर विश्वास है कि वे हरियाणा और खासकर पिहोवा के किसानों के हितों का ध्यान रखेंगे।

## समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी : सर्वप्रिय त्यागी

एजेंसी

**गुरुग्राम।** आगामी कार्यक्रमों को लेकर पार्टी कार्यालय गुरुकमल में संगठनात्मक बैठक हुई। जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी की अध्यक्षता एवं संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की मौजूदगी में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संगठन को बूथ लेवल तक और अधिक मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में प्रदेश सचिव गार्गा कक्कड़, गुरुग्राम जिला प्रभारी संदीप जोशी, बल्लभगढ़ जिला प्रभारी कमल यादव, महामंत्री रामबीर भाटी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जयवीर यादव व सभी मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की नींव होते हैं और उनके ही दम पर पार्टी अपना बेहतर प्रदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम हैं।

ये कार्यक्रम बूथ स्तर पर होंगे। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर स्थानीय लोगों को साथ लेकर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनें। साथ ही उन्होंने कहा कि 28 अप्रैल को बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि डा. भीम राव अंबेडकर की गोष्ठी पार्टी कार्यालय गुरुकमल में 12 बजे होगी और इसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ होंगे। सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका




सम्मान को चरितार्थ करते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी इन कार्यक्रमों में जनता को मोदी और नायब सरकार की नीतियों और योजनाओं के बारे में बताएं। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों से मंडलों में संयोजक बनाने के भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बीते दिनों में किए कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक क्रियाकलापों की समीक्षा भी की। संगठन मंत्री शर्मा ने कहा कि हम सभी भाजपा के अनुशासित एवं संगठित दल के कार्यकर्ता हैं, हमें अपने संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरंचना बूथ से होती है इसलिए हमें अपने बूथों को और अधिक मजबूत करना है।

शर्मा ने कहा कि बूथ के सभी कार्यक्रमों को बूथ पर आयोजित करना चाहिए इससे संगठन भी मजबूत होगा। फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी और राज्य की नायब सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सरकार की योजनाएं लोगों को बताएं और पात्र लोगों को योजनाओं से जोडने़ का काम भी करें।

## बस स्टैंड रोड और महावीर चौक से अग्रसेन चौक तक जीएमडीए ने हटाया अतिक्रमण

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने आयोजित बैठक में उठाए गए मुद्दों के संदर्भ में त्वरित कार्रवाई की। बस स्टैंड रोड और अग्रसेन चौक से महावीर चौक तक बड़े पैमाने पर अतिक्रमण का मुद्दा सामने आया। जारी निर्देशों के बाद जीएमडीए की प्रवर्तन शाखा ने 48 घंटे से भी कम समय में कार्रवाई की और सड़क के 500 मीटर से अधिक हिस्से को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। डीटीपी जीएमडीए आरएस बठ के नेतृत्व में जीएमडीए की प्रवर्तन शाखा और एटीपी जीएमडीए सतेंद्र आर्य और एटीपी जीएमडीए मांगे राम पिलानिया ने स्थानों का दौरा किया। इस दौरान एसडीओ कृष्ण, जूनियर इंजीनियर और गुरुग्राम पुलिस कर्मियों सहित एमसीजी के 40 अधिकारी भी मौजूद थे। डीटीपी आरएस बाठ ने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रही करीब 35 रेहड़ियां हटाई गईं, ताकि सुरक्षित पैदल आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

## कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्णः कृष्ण लाल पंवार

एजेंसी

**करनाल।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार करनाल में दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में साथ न्याय करने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में पांच ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। इसके अलावा भी और



जान गंवाने वाले नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के सेक्टर-7 स्थित निवास स्थान पर पहुंचे और विनय नरवाल को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि यह बहुत निंदनीय घटना है, ऐसी दुखदायी घटना से पूरा देश दुःखी है और इस दुःख की घड़ी में केंद्र व प्रदेश सरकार परिवार के साथ खड़ी है और वे विश्वास दिलाते है कि इस आतंकी हमले का सरकार मुंहतोड़ जवाब देगी तथा पीड़ित परिवार के कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बेहद ही कायराना तरीके से हमला किया है जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बुजदिल और घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई होगी, क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार अपराध के सख्त खिलाफ है। यह हमला ना केवल निर्दोष पर्यटकों के जीवन पर हमला है।

## जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने किया 12 परिवादों का समाधान




एजेंसी

**यमुनानगर।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में जिला यमुनानगर में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक हुई। बैठक में पहले से निर्धारित 16 परिवाद रखे गए, जिनमें से कैबिनेट मंत्री ने 12 परिवादों को मौके पर ही समाधान करके फाइल कर दिया तथा शेष 4 परिवादों को आगामी बैठक तक हल करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने 12 परिवादों का मौके पर ही निपटान करके फाइल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली के एक मामले में पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि बिजली की तारो, ट्यूबवेल की मोटरों आदि की चोरियां ज्यादा हो रही है। इसके लिए पुलिस विभाग की स्पेशल टीम गठित कर इसकी जांच करवाकर चोरी पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने सुनवाई के उपरांत संबंधित विभागों द्वारा उक्त परिवादों के निपटान हेतु की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के बाद उक्त परिवादों को फाईल करने के निर्देश दिए।

## समाधान शिविरों में हर शिकायत पर गंभीरता से हो रहा काम

एजेंसी

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों में प्रत्येक शिकायत पर जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य करता है। इसी कड़ी में आज जिला स्तर पर लगने वाले समाधान शिवरों में अपनी शिकायतें रखने का बहुत अच्छा प्लेटफार्म मिला है। ऐसे में अधिकारी प्रत्येक समस्या को पूरी गंभीरता के साथ समझें तथा उसका निश्चित अवधि के दौरान निराकरण भी करें । उन्होंने बारी-




अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने इस सप्ताह सोमवार व वीरवार को लगाए गए समाधान शिवरों में आई शिकायतों की समीक्षा बैठक ली। एडीसी ने कहा कि आम जनता को सोमवार व वीरवार को उपमंडल स्तर तथा बारी से सभी विभागों के अधिकारियों से इस सप्ताह आई समस्याओं के निराकरण के बारे में रिपोर्ट ली। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# रबी फसल की खरीद कार्यों को लेकर डीसी ने ली समीक्षा बैठक

- **जिला महेंद्रगढ़ में अब तक 87650 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद**
- **किसानों का समय पर हो रहा फसल का भुगतान**

एजेंसी

**नारनौल।** उपायुक्त डा. विवेक भारती ने आज लघु सचिवालय में जिला में चल रही रबी फसल की सरकारी खरीद के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने खरीद कार्यों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए। डीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में अब तक 87650 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद हो चुकी है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीद कार्य के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश अनुसार सही समय पर किसानों के खाते में उसकी फसल की रकम उनके खाते में पहुंच जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि अब तक जिला महेंद्रगढ़ में 60815 एमटी उठान कार्य हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नकली सरसों के संबंध में भी वे अलर्ट रहें। अगर कोई व्यक्ति इस तरह की हरकत करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस मौके पर अतिरिक्त



उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा, नगराधीश मंजीत कुमार, डीएफएससी कुशलपाल बूरा, एएफएसओ अरुण कुमार सैनी, डीएम हैफेड प्रवीण भारद्वाज, डीएम वेयरहाउस रेखा मलिक के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने बताया कि किसान सेवा केंद्र कनीना का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इनकी नकली सरसों रेवाड़ी के एचडब्ल्यूसी के गोदाम में पहुंच गई थी। वहां पर पता चला की सरसों नकली है। इस पर डीएम वेयरहाउस ने तुरंत कार्रवाई की और इसके सैंपल निरीक्षण हेतु लैब में भेज दिए हैं। अगर इसमें मिलावट पाई जाती है तो इस आढ़ती पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने वसीयत सत्यापन में पाई गंभीर अनियमितताएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने करनाल स्थित एस्टेट ऑफिस में पंजीकृत वसीयतों के सत्यापन की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और पक्षपातपूर्ण आचरण को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने सहायक जिला अटॉर्नी श्री अवतार सिंह सैनी की भूमिका को असंगत और जवाबदेही से परे पाया है। आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अनियमितताओं के संबंध में जांच से यह स्पष्ट हुआ कि सत्यापन प्रक्रिया में एकरूपता का पालन नहीं किया गया, बल्कि चुनिंदा आवेदकों को लक्षित कर उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया गया। रिकॉर्ड की समीक्षा में यह भी पाया गया कि अधिकांश फाइलों में की गई टिप्पणियां लगभग एक जैसी थीं और यह कहना कठिन है कि वास्तव में सत्यापन की प्रक्रिया संपन्न हुई थी या नहीं। आयोग का मानना है कि यह मामला केवल किसी एक कर्मचारी की लापरवाही का नहीं, बल्कि एक संगठित और योजनाबद्ध उत्पीड़न को दर्शाता है।

# तावडू में समस्याओं को अंबार, नहीं हो रही कोई सुनवाई, शहरवासी परेशान

एजेंसी

**तावडू।** स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से शहरवासियों में रोष पनप रहा है। शहरवासियों की समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान न देना व संबंधित विभाग द्वारा ठीकरा एक-दूसरे पर थोपना लोगों के लिए समस्या बन कर रह गया है। जिससे शहरवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। शहरवासियों का मानना है कि स्थानीय अधिकारियों का लंबे समय तक समस्या का समाधान न करना मानो अधिकारियों को उच्च अधिकारियों की कोई परवाह ही नहीं। शहर के मुख्य मार्ग पर लगभग 10 दिनों से थाने वाली गली में एक ट्रक के कारण सडक धंसने से ट्रक पलट गया था। प्रशासन ने उस सडक की मरम्मत कराने के बजाए गड्ढे के आसपास लकडी के बेरिगेट लगा दिए थे। यह अस्थाई रूप से लगे बेरिगेट वाहन चालकों के लिए परेशानी बन रहे थे। जो वाहनों से टकराकर यह अस्थाई बेरिगेट टूट कर गिर गए। यह बेरिगेट आवागमन में भी दिक्कत बन रहे हैं। लोगों की मानें तो नगरपालिका व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एक दूसरे पर इस समस्या को गेर रहे हैं। जिससे लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर की पुरानी अनाज मंडी से सरकारी अस्पताल जाने वाले मार्ग पर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर वाली सड़क में बीचों बीच सडक धंसने से गड्ढे बना हुआ है। यह समस्या कई माह से चली आ रही है।

## एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने लोन दर 0.25 फीसदी घटाया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** आवास ऋण देने वाली कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी होम लोन दर में 0.25 फीसदी की कटौती करने की घोषणा की है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के नीतिगत दर रेपो रेट में कटौती के बाद यह कदम उठाया है। नई दरें 28 अप्रैल से लागू होंगी। देश की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एकएलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने जारी एक बयान में कहा कि यह परिवर्तन विभिन्न होम लोन योजनाओं पर लागू होगा, जिसमें न्यू फिक्स्ड 10 योजना भी शामिल है। एलआईसी हाउसिंग प्राइम लेंडिंग रेट (एलएचपीएलआर) में यह कटौती मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को लाभान्वित करेगी, क्योंकि इससे होम लोन ज्यादा किफायती हो जाएगा। कंपनी के मुताबिक संशोधित ब्याज दरें अब 8 फीसदी से शुरू होंगी, जो 28 अप्रैल से लागू होंगी। एलएचपीएलआर सभी प्रकार के ऋणों पर ब्याज दरों को निर्धारित करने के लिए बेंचमार्क दर के रूप में कार्य करता है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक है, जो एलआईसी की सहायक कंपनी है। ये कंपनी मुख्य रूप से लोगों को आवास ऋण प्रदान करती है, जो आवासीय घर यानी फ्लैट खरीदने या बनाने के लिए वित्तपोषण चाहते हैं।

## मूंगफली के बम्पर उत्पादन का असर, मूंगफली तेल का भाव 4 साल में सबसे कम

**राजराजकोट।** राज्य में इस साल मूंगफली के बम्पर उत्पादन का असर मूंगफली के तेल की कीमत पर हुआ है। गुजरात में कपासिया तेल के बाद सबसे अधिक मूंगफली के तेल का इस्तेमाल खाद्य तेल के रूप में किया जाता है। इस साल गुजरात में मूंगफली का उत्पादन रिकॉर्ड 50 लाख टन से अधिक हुआ है। इसके कारण मूंगफली तेल का भाव पिछले 4 साल में सबसे कम हो गया है। गुजरात में 15 किलो मूंगफली तेल का डिब्बा अब 2300 रुपये से लेकर 2370 रुपये बिक रहा है। इससे गृहणियों को बड़ी राहत हुई है। लगातार तीन दिनों से मूंगफली के तेल की कीमत में गिरावट दर्ज की जा रही है। इन तीन दिनों में 15 किलो के डिब्बे पर 40 रुपये कीमत नीचे आई है। दिवाली से अभी तक की कीमत में 15 किलो पर 250 रुपये से लेकर 300 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। भाव गिरने का मुख्य कारण इस साल मूंगफली की बम्पर उपज होना है। जानकारी के अनुसार राजकोट के अलावा पूरे सौराष्ट्र में मूंगफली तेल की सर्वाधिक खपत है। राजकोट यूनिवर्सिटी रोड पर स्थित भावेश ऑयल एजेंसी के व्यापारी भावेश भाई के अनुसार हाल ऑफ सीजन के कारण मूंगफली तेल की कीमत गिरी है। मूंगफली तेल के 15 लीटर के डिब्बे की कीमत 2300 रुपये के आसपास है। यह भाव पिछले 4 साल में सबसे कम है। दूसरी बड़ी वजह है कि मूंगफली तेल का निर्यात अभी घट गया है।

## ईएसआई योजना के तहत फरवरी में जोड़े गए 15.43 लाख नए कर्मचारी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना के तहत फरवरी में कुल 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। इसके अलावा फरवरी, 2025 में 23,526 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईएसआईसी की जारी अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी, 2025 में 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। मुताबिक फरवरी, 2025 के महीने में 23,526 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। आंकड़ों के मुताबिक फरवरी माह के दौरान ईएसआईसी योजना के तहत जोड़े गए कुल 15.43 लाख कर्मचारियों में से 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के 7.36 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 47.7 फीसदी हैं। पेरोल आंकड़ों का लिंग-वार विश्लेषण यह दर्शाता है कि फरवरी, 2025 में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 3.35 लाख रहा है। इसके अलावा फरवरी, 2025 में ईएसआई योजना के तहत कुल 74 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है, जो समाज के हर वर्ग को अपने लाभ पहुंचाने की कर्मचारी राज्य बीमा निगम की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

## केयर्न ने केजी बेसिन में अन्वेषण के लिए ईएमजीएस के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** तेल एवं गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस ने कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन में गहरे पानी में हाइड्रोकार्बन की खोज के लिए नॉर्वे की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक जियोसर्विसेज़ (ईएमजीएस) के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह साझेदारी केयर्न के पूर्वी तट स्थित अपतटीय ब्लॉक केजीडीडब्ल्यूएचपी-2017/1 में 3डी कंट्रोल्ड सोर्स इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सर्वेक्षण कराने के लिए की गई है। यह तकनीक उपसतही प्रतिरोधकता को मैप करके हाइड्रोकार्बन की पहचान की सटीकता बढ़ाने में मदद करती है। ईएमजीएस का पोत 'अटलांटिक गार्जियन' इस समय ÷डीप ब्लू÷ स्रोत प्रणाली का उपयोग करके सर्वेक्षण के लिए डेटा एकत्र कर रहा है। यह डेटा हाल ही में पुनः संसाधित 3डी भूकंपीय (सीस्मिक) डेटा के साथ मिलाकर केजी ब्लॉक में संभावनाओं की पहचान करने, उन्हें प्राथमिकता देने और उपसतही मॉडल को और अधिक सटीक बनाने में मदद करेगा।

# दक्षिण कोरिया ने अमेरिका से टैरिफ पर मांगी छूट, जुलाई तक इंतजार करने को तैयार

एजेंसी
**वाशिंगटन।** दक्षिण कोरिया के उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री चोई सांग-मोक और व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री आह्न डुक-ग्यून टैरिफ पर चर्चा के लिए अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन पहुंचे हैं। दक्षिण कोरिया के व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के पारस्परिक और क्षेत्र विशेष विशिष्ट टैरिफ उपायों से छूट देने का अनुरोध किया गया है। दक्षिण कोरिया इस मुद्दे पर जुलाई तक इंतजार करने पर सहमत हो गया है। द कोरिया टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, दोनों मंत्रियां ने वाशिंगटन में अमेरिकी वित्त और व्यापार अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ता की। इस वार्ता में अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीर ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पारस्परिक




टैरिफ लगाने के बाद व्यापार विचार-विमर्श किया। इस वार्ता के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में चोई ने बताया कि उन्होंने अमेरिका के लिए प्रमुख रुचि वाले क्षेत्रों जैसे व्यापार, निवेश, जहाज निर्माण और ऊर्जा पर सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी टैरिफ दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। यह टैरिफ खासकर ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए निराशाजनक है। चोई ने कहा कि हमने स्पष्ट किया कि हमें शांत और व्यवस्थित वार्ता की आवश्यकता है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल के निष्कासन के बाद नेतृत्व परिवर्तन और तीन जून को होने वाले आगामी राष्ट्रपति चुनाव का जिक्र किया। वार्ता में दोनों पक्षों में इस बात पर सहमति हुई कि दक्षिण कोरिया आठ जुलाई से पहले टैरिफ हटाने के लिए 'जुलाई पैकेज' तैयार करेगा। चोई ने कहा कि इस दौरान टैरिफ और गैरटैरिफ उपाय, आर्थिक सुरक्षा, निवेश सहयोग और विदेशी मुद्रा नीति पर चर्चा हुई।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर



एजेंसी
**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने आंकड़ों के मुताबिक 18 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.52 अरब डॉलर बढ़कर 578.49 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.57 अरब डॉलर बढ़कर 84.57 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.57 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.51 अरब डॉलर हो गया।सितंबर, 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

## सीमा पर तनाव से शेयर बाजार में तेज गिरावट, दिन के दूसरे सत्र में खरीदारी से सुधरे हालात

एजेंसी
**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने तनाव के माहौल की वजह से आज घरेलू शेयर बाजार तेज गिरावट का शिकार हो गया। दिन के पहले सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1.5 प्रतिशत से अधिक टूट गए। हालांकि, दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिसकी वजह से शेयर बाजार की स्थिति में कुछ सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.74 प्रतिशत और निफ्टी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान रियल्टी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह एनर्जी, ऑटोमोबाइल, मेटल, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बीएसई और एनएसई में आज सिर्फ आईटी सेक्टर में मजबूती नजर आई। निफ्टी का आईटी इंडेक्स आज 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।



ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने नौ लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 420.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 429.63 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 8.80 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## ईपीएफओ ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाता की स्थानांतरण प्रक्रिया को बनाया आसान

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाता स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इसके लिए ईपीएफओ ने एक नया फॉर्म-13 सॉफ्टवेयर फंक्शनलिटी लॉन्च किया है, जिससे नए खाते में फंड ट्रांसफर करने में तेजी आएगी। इससे अब अधिकांश मामलों में नियोक्ता से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाते के ट्रांसफर की प्रक्रिया को और सरल बनाने से 1.25 करोड़ से अधिक सदस्यों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे प्रति वर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रुपये का अंतरण हो सकेगा, क्योंकि सम्पूर्ण हस्तांतरण प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक अब तक भविष्य निधि (पीएफ) जमा के स्थानांतरण में दो कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) कार्यालय शामिल होते थे। इनमें एक स्रोत




कार्यालय, जहां से पीएफ राशि को स्थानांतरित किया जाता था और दूसरा गंतव्य कार्यालय, जहां अंतिम रूप से राशि जमा की जाती थी।इस प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने के उद्देश्य से ईपीएफओ ने एक संशोधित फॉर्म 13 सॉफ्टवेयर कार्यक्षमता शुरू करके गंतव्य कार्यालय में सभी अंतरण दावों के अनुमोदन की जरूरत को हटा दिया है। यह संशोधित कार्यक्षमता फॉर्म पीएफ संचय के कर योग्य और गैर-कर योग्य घटकों का विभाजन भी प्रदान करती है, जिससे कर योग्य पीएफ ब्याज पर टीडीएस की सटीक गणना की जा सके।

## सरकार ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नियम किए अधिसूचित

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) (प्रक्रिया) नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसमें आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और मिले-जुले ढंग से सुनवाई का प्रावधान किया गया है। अधिसूचना के अनुसार यह नियम 24 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। वित्त मंत्रालय ने देश में कर-संबंधी विवादों को सुलझाने की प्रक्रिया को कारगर बनाने और अप्रत्यक्ष कर विवादों के निपटारे में उद्योग जगत को बहुत जरूरी राहत प्रदान करने वाले एक कदम के तहत जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 को अधिसूचित किया है। इस अधिसूचना में कहा गया है कि यह नियम 24 अप्रैल, 2025 को प्रभावी हो गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे के हिस्से के रूप में माल और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी)




(प्रक्रिया) नियमों को अधिसूचित किया गया है, जो ऑनलाइन फाइलिंग, हाइब्रिड सुनवाई और मामलों को तत्काल आधार पर सूचीबद्ध करने की अनुमति देते हैं। इन नियमों में यह भी प्रावधान है कि अगर आवेदक दोपहर 12 बजे से पहले कोई अत्यावश्यक मामला दायर करता है और यदि आवेदन सभी मामलों में पूर्ण है, तो उसे अगले कार्य दिवस ही अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

मंत्रालय के मुताबिक कुछ अपवादों में अपीलीय न्यायाधिकरण या अध्यक्ष की विशेष अनुमति से दोपहर 12 बजे के बाद लेकिन दोपहर तीन बजे से पहले किए गए आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध किया जा सकता है। जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए एक महत्वपूर्ण निकाय जीएसटीएटी की पीठें सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बैठेंगी। ये कार्य अवधि अध्यक्ष के किसी भी आदेश के अधीन होंगी।

अधिसूचना के मुताबिक माल और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 के अनुसार अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रशासनिक कार्यालय सभी कार्य दिवसों में सुबह 9:30 बजे से शाम छह बजे तक खुले रहेंगे। सरकार ने पिछले साल मई में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) का पहला अध्यक्ष बनाया था।

## मारुति सुजुकी का मुनाफा मार्च तिमाही में एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये

एजेंसी
**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये रहा है। मारुति सुजुकी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 135 रुपये का अंतिम डिविडेंड भी घोषित किया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार नियामकीय फाइलिंग में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये रह गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 3,952 करोड़ रुपये था। कंपनी ने प्रति शेयर 135 रुपये का अंतिम डिविडेंड भी घोषित किया है। हालांकि, कंपनी का राजस?व जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 6.37 फीसदी बढ़कर 40,920.1 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इससे पिछले वित?त वर्ष की इसी तिमाही में यह 38,471.2 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मारुति सुजुकी इंडिया का कुल खर्च सालाना आधार पर 8.55 फीसदी बढ़कर 37,585.5 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने सबसे ज्यादा वार्षिक कुल बिक्री और निर्यात भी दर्ज किया। इसके अलावा कंपनी लगातार चौथे साल शीर्ष निर्यातक बनी रही, जो अब भारत से कुल यात्री वाहन निर्यात में लगभग 43 फीसदी का योगदान देती है।

# आर्थिक विकास में आईआरएस अधिकारियों की भूमिका अहम: पंकज चौधरी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आंध्र प्रदेश के पालसमुद्रम् स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नार्कोटिक्स अकादमी में 25 पुरुष और 17 महिला अधिकारियों सहित 42 भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी प्रशिक्षुओं के 75वें बैच की पासिंग आउट परेड की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने आईआरएस अधिकारियों की भूमिका को अहम बताया। चौधरी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी ईमानदारी, निष्ठा और दक्षता के साथ राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और राजस्व प्रणाली को सशक्त बनाएंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस अवसर पर वित्त राज्यमंत्री चौधरी ने बैच की उपलब्धियों की सराहना की



और पारदर्शी तथा जवाबदेह कर प्रणाली के निर्माण में उनकी जिम्मेदारी पर जोर दिया। चौधरी ने आर्थिक विकास में आईआरएस अधिकारियों की भूमिका को रेखांकित किया और उनसे साहस और स्पष्टता के साथ नेतृत्व करने का आग्रह किया। उन्?होंने आर्थिक प्रगति और सामाजिक समानता को बढ़ावा देकर सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की उनकी क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया।इस अवसर पर सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में 75वें बैच के अधिकारियों को बधाई दी। उन्?होंने राजस्व जुटाने, व्यापार सुविधा और राष्ट्रीय विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और उनसे अपडेट रहने, ईमानदारी बनाए रखने और कुशलतापूर्वक सेवा करने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाने का आग्रह भी किया। अग्रवाल ने अधिकारियों से प्रवर्तन और सुविधा के बीच संतुलन बनाने का आग्रह किया और अधिकारियों को सहानुभूति, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ नेतृत्व करने को प्रोत्साहित किया।

## सीबीआईसी ने हवाई परिवहन के लिए कंटेनरों के आयात की प्रक्रिया को सरल बनाया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने हवाई मालवहन में इस्तेमाल होने वाले कंटेनरों (यूएलडी) के अस्थाई आयात की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। यूनिट लोड डिवाइस (यूएलडी) कंटेनर का उपयोग विमान पर यात्रियों एवं कार्गो सामान लादने और उसे सुरक्षित करने के लिए किया जाता है। इस कदम से कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने यूनिट लोड डिवाइस (यूएलडी) या एयर कंटेनरों के अस्थायी आयात के लिए प्रक्रिया को सरल और सुसंगत बना दिया है। इसके अलावा सीबीआईसी ने 24 अप्रैल से सभी ट्रांसशिपमेंट मूवमेंट के लिए




ट्रांसशिपमेंट परमिट शुल्क को माफ करने का भी निर्णय लिया है। यह कदम व्यापार को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस संबंध में अधिसूचना संख्या 30/2025-सीयूएस (एनटी) दिनांक 24 अप्रैल 2025 https://www.cbic.gov.in/f2d0927b-945d-411c-8c34-65d272a6d047 के माध्यम से विनियमों में परिवर्तन जारी किए गए हैं। सीबीआईसी ने उच्च मूल्य एवं जल्दी खराब होने वाले बागवानी उत्पादों सहित एयर कार्गो के लिए बुनियादी ढांचे और गोदाम के विकास की सुविधा और कार्गो स्क्रीनिंग और सीमा शुल्क प्रोटोकॉल को सुव्यवस्थित करने और इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए विशेष रूप से एयर कार्गो और सामान्य रूप से ट्रांसशिपमेंट मूवमेंट में कई व्यापार सुविधाजनक उपाय लागू किए हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंदीय बजट 2025-26 में इसकी घोषणा की थी।

## ट्राई अध्यक्ष लाहोटी का धोखाधड़ी वाले काल,संदेशों से निपटने में अन्य विनियाकों के सहयोग पर बल

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विनिमायक प्राधिकरण (ट्राई) के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए असुविधा पैदा करने वाले तथा धोखाधड़ी करने वाले स्पैम संदेशों और कॉलों से निपटने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाए जाने की जरूरत पर बल दिया है। श्री लाहोटी शुक्रवार को यहां ट्राई के मुख्यालय पर विभिन्न क्षेत्र के विनियामकों की संयुक्त समिति (जेसीओआर) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक के उद्घाटन भाषण में स्पैम संदेशों और धोखाधड़ी के लिए की जाने वाली काल के इस संबंध में जेसीओआर द्वारा की गई प्रगति तथा भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के बीच विनियामक सहयोग की आवश्यकता वाले मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी)/स्पैम और धोखाधड़ी वाले संचार से निपटने सहित सहयोगात्मक उपायों को तय किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि व्हाट्सएप जैसे ओवर दी टॉप (ओटीटी) और आरसीएस (रिच कम्यूनिकेशन सिर्विसेज) संचार प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्पैम और घोटाले के मुद्दे पर चर्चा की गई।

## सरकार देशभर में ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध : राजू श्रीनिवास वर्मा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग, सार्वजनिक उद्यम और इस्पात राज्यमंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने शनिवार को कहा कि सरकार देशभर में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वर्मा ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही, जहां राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) को उद्योग विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे भारत में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए केंद्र सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में बताया।अपने संबोधन के दौरान वर्मा ने केरल के पलक्कड़ में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) की परिवर्तनकारी क्षमता की सराहना की और कहा कि यह परियोजना केरल और देश के व्यापक दक्षिणी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक परिदृश्य को नया आकार देने के लिए तैयार है। इस कार्यक्रम में भारत के लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने में एनएलडीएसल के योगदान को भी प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम पर केंद्रित एक तकनीकी सत्र भी शामिल था जिसमें आगामी पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी की रणनीतिक दृष्टि, योजना और प्रगति के बारे में गहन जानकारी दी गई। एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड द्वारा एक समर्पित सत्र में लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक और यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म के माध्यम से तैनात किए जा रहे अभिनव डिजिटल समाधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुडुसेरी मध्य, पुडुसेरी पश्चिम और कन्नम्बरा में 1,710 एकड़ में फैला पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी केरल के औद्योगिक विकास में एक प्रमुख मील का पत्थर है। पलक्कड़ शहर से 21 किमी, कोचीन से 120 किमी और कोयंबटूर से 50 किमी दूर रणनीतिक रूप से स्थित यह परियोजना निर्बाध अंतरराज्यीय संपर्क और महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक लाभ मुहैया कराती है। इसे सड़क, रेल और हवाई मार्ग से अच्छी तरह से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के साथ शहर को उच्च गुणवत्ता वाले निवेश को आकर्षित करने और क्षेत्रीय रोजगार तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

**परियोजना की प्रमुख उपलब्धियां-**

-आवश्यक भूमि का 81 फीसदी हिस्सा पहले से ही कब्जे में है।

- सभी भूमि खंडों के लिए पर्यावरणीय मंजूरी 01 जनवरी, 2025 को प्रदान कर दी गई हैं।

-परियोजना प्रबंधन और निर्माण परामर्शदाता को कार्य-निष्पादन पत्र जारी कर दिया गया है।

-ईपीसी निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप देने का कार्य प्रगति पर है।

इस कार्यक्रम में भारत के लॉजिस्टिक्स तंत्र को बदलने में एनएलडीएसएल के योगदान को दर्शाया गया।

सितंबर 2022 में अपनी स्थापना के बाद से यूलिप ने 11 मंत्रालयों की 43 प्रणालियों को एकीकृत किया है जो 129 एपीआई और 1,800 से अधिक डेटा फील्ड के जि?रए जुड़ी हैं, 1,300 से अधिक पंजीकृत कंपनियों को सशक्त बनाया है और 100 करोड़ से अधिक एपीआई लेनदेन को सक्षम किया है। यह प्रौद्योगिकी-संचालित प्लेटफ़ॉर्म भारत में एकीकृत, कुशल और पारदर्शी लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का उदाहरण है। उद्योग विकास कार्यक्रम में एनआईसीडीसी को मिली मान्यता भारत के औद्योगिक परिवर्तन को गति देने तथा वैश्विक विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में देश की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

## गर्मियों के सुपरफूड खरबूजा या तरबूज दोनों में से कौन है ज्यादा फायदेमंद



गर्मी में तरबूज और खरबूज दोनों ही फायदेमंद होते हैं लेकिन इन दोनों के गुणों में थोड़ा फर्क होता है इसलिए इसे शरीर के हिसाब से ही खाना चाहिए.

गर्मियां आते ही बाजार में हर तरफ तरबूज और खरबूजा ही दिखाई देते हैं. यह दोनों ही हाइड्रेटिंग फल है जो शरीर को ढेर सारे फायदे पहुंचाते हैं. दोनों में ढेर सारे न्यूट्रिएंट्स होते हैं और इनमें करीब 90 प्रतिशत तक पानी होता है. लेकिन जब बात दोनों में तुलना की आती है तो अक्सर लोग कंफ्यूज हो जाते हैं कि तरबूज या खरबूज दोनों में से सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद कौन है? आइए इस बारे में विस्तार से जानें दोनों में से ज्यादा फायदेमंद और बेहतर कौन है?

जो लोग इन दिनों वजन घटाने का सोच रहे हैं वह तरबूज खा सकते हैं क्योंकि इसमें कैलोरी काउंट कम होती है. इस मामले में यह खरबूजा से बेहतर है. 100 ग्राम तरबूज में 30 कैलोरी होती है वहीं 100 ग्राम खरबूजे में 34 कैलोरी होती है. तरबूज में लाइकोपीन नाम का एंटीऑक्सीडेंट्स होता जो शरीर से चर्बी घटाने का काम करता है.

प्रोटीन किसमें ज्यादा है?

मांसपेशियों को मजबूत और शरीर को एक्टिव रखने के लिए प्रोटीन जरूरी होता है. ऐसे में प्रोटीन के लिए आप कोई फल खाना चाहते हैं तो खरबूजा बेस्ट ऑप्शन है. प्रोटीन के मामले में खरबूज बेस्ट है. इसमें तरबूज से ज्यादा प्रोटीन होते हैं.

हाइड्रेशन के लिए क्या बेस्ट है

दोनों ही फल गर्मियों में मिलते हैं, ऐसे मौसम में लंबे समय तक हाइड्रेटेड रहना है तो इन दोनों फल से बेहतर कोई और ऑप्शन नहीं हो सकता है. खरबूजे के मुकाबले तरबूज में ज्यादा पानी होता है और यह बॉडी को देर तक हाइड्रेट रख सकता है.

किसमें है ज्यादा विटामिन?

खरबूजा या तरबूज दोनों में से किसमें है ज्यादा विटामिन तो आपको बता दें कि इस मामले में खरबूजा है बेस्ट. खरबूजे में विटामिन सी, विटामिन बी 6 और विटामिन होते हैं. जबकि तरबूज में विटामिन ए, विटामिन बी वन और बी फाइव ज्यादा होते हैं. वहीं तरबूज में विटामिन सी कम पाया जाता है जोकि शरीर की इम्युनिटी के लिए फायदेमंद है.

फाइबर में कौन है आगे?

खरबूजा या तरबूज दोनों में फाइबर की मात्रा होती है लेकिन तुलना करें तो इसमें खरबूजा, तरबूज से काफी आगे है. खरबूजे में फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो डाइजेशन को बूस्ट करने का काम करता है. यही कारण है कि आप जब खरबूजा खाते हैं तो देर तक पेट भरा हुआ महसूस होता है. इससे ओवरईटिंग और वेटलॉस में भी मदद मिलती है.

निष्कर्ष

गर्मियों के लिए यह दोनों ही फल सेहत के लिए फायदेमंद है लेकिन इन दोनों को साथ में कभी न खाएं क्योंकि इससे नुकसान भी हो सकता है. तरबूजे की तासीर गर्म होती है वहीं खरबूजे की तासीर ठंडी होती है. तरबूजे में पानी की मात्रा ज्यादा है वहीं खरबूजे में फाइबर जिससे दोनों के पचने और तरीका एक-दूसरे से काफी अलग है. ऐसे में दोनों को साथ में खाने से डाइजेशन खराब हो सकता है.

# रो रही है झेलम कश्मीरियत के क़त्ल पर




श्रीनगर में जहां कदम-कदम पर फौजी नंगी स्टैनगनों के साथ मुस्तैद नज़र आए थे, वैसा पहलगाम में नहीं दिखा था। पहलगाम यानी चरवाहों का गांव और वाकई लिद्दर नदी के हमराह यहां सिर्फ घोड़े ही घोड़े नज़र आते हैं। ऊपर के गांवों से नीचे आते हुए घोड़े और फिर इन्हीं रास्तों से लौटते हुए, मानों पहाड़ों के साथ सड़कों पर भी इन्हीं का राज हो। वहां के गुर्जर चरवाहों की यही रोज़ी है।हां,झेलम मंगलवार की रात से ही रो रही है कश्मीरियत के क़त्ल पर क्योंकि यही वह नदी है जो कश्मीर की जीवन रेखा है; और गवाह है धरती के इस खूबसूरत हिस्से की भोगी हुई पीड़ाओं की। इसने जाना है कि %धरती का स्वर्ग% कहलाने के बाद आततायी किस तरह पहले लालची नज़रों से देखते हैं और फिर खूनी वार करते हैं। इसने देखा है कि शातिरों ने इसके अपने बच्चों के हाथों में कैसे बंदूकें थमा दीं, लेकिन अब इसने चाहा है कि इस बेहद सुन्दर जगह को जिन बुरी नज़रों ने घेर रखा है उनकी शिनाख्त ज़रूरी है। झेलम का ज़ार-ज़ार रोना जारी है क्योंकि जिन मासूम बेगुनाहों का खून उसने देखा है, वह उसे भीतर से सुखा दे रहा है। वह नई नवेली दुल्हन जो अपने पति के शव के पास बिलख रही है, झेलम उसके दुःख को झेल पाने में नाकाम है। इसे कश्मीरी अवाम ने भी उसी तरह महसूस किया है और यही वजह है कि ग़मज़दा होकर वह सड़कों पर हैं, मशालें लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रही है। अपने शहर बंद कर रही है। जम्मू से श्रीनगर तक यही भावना है, जैसे अभी चुप रहेंगे तो आगे और बड़े गुनाहों के भागी होंगे। वह गुहार लगा रही है %बंद करो, बंद करो यह खूनी हिंसा बंद करो!ज् वह शर्मिंदा भी है कि अपने मेहमानों को नहीं बचा सकी। वे लगातार बोल रहे हैं, लिख रहे हैं कि हम शर्मिंदा हैं और इस कुकृत्य पर हमारा सर शर्म से झुका हुआ है। हिंदी पट्टी का सोशल मीडिया अगर बहस कर रहा है कि धर्म पूछ कर मारा या सरकार के इंटेलिजेंस की नाकामी है या बिना फ़ोर्स के उस जगह तक पर्यटकों को जाने की अनुमति क्यों थी, तो कश्मीर के लोग लिख रहे हैं कि कोई भी कहानी ऐसे अंत के लिए नहीं बनी है। यह तस्वीर हमेशा-हमेशा के लिए कश्मीर को दर्द देती रहेगी।आतंकियों ने धर्म पूछा फिर मारा यह बात हरेक के दिल में घर कर गई है। जो केवल यही सच है तो फिर अनंतनाग के सय्यद हुसैन शाह को किसने मारा? मृतकों में उनका नाम क्यों है? वह घायलों को बचाते हुए कुर्बान हुआ। लेखक आशुतोष कुमार लिखते हैं कि अगर आप इतना ही याद रखेंगे और यह भूल जाएंगे कि हमले के दौरान और उसके ठीक बाद घायलों को अपने कंधों पर या घोड़ों से अस्पताल पहुंचाने वालों ने न धर्म पूछा न जाति, तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं। अस्पतालों में डाक्टरों और नर्सों ने बहुत कम सुविधाओं के साथ अपनी भूख, प्यास और नींद सब भूलकर घायलों का इलाज किया, जिससे मृतक संख्या को नियंत्रित किया जा सका। अगर आप इसे भूल जाएंगे तो आतंकवादियों की ही मदद कर रहे होंगे। बहुत देर तक कोई सरकारी सहायता नहीं पहुंच पाई थी, कोई वाहन नहीं थे, तब स्थानीय लोग घरों से बाहर निकले और अपनी जान की बाजी लगाकर उन लोगों को रेस्क्यू किया जो हमले की ज़द में थे। अगर आप यह भी भूल जाएंगे तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं। सारा का सारा जम्मू-कश्मीर इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में उठ खड़ा हुआ है। बिना किसी भय और हिचक के उन्हें संदेश दिया कि कश्मीर का बच्चा-बच्चा उनके खिलाफ़ तनकर खड़ा है। अगर आप यह भूल जाएंगे और केवल हिंदू-मुस्लिम नफ़रती पोस्टर बनाने वालों को याद रखेंगे तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं।पोस्टर की बात करें तो छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का ही एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब प्रचार पा रहा है। पोस्टर में पत्नी का पति के शव के साथ स्केच है और उस पर लिखा है - %धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।% इसे क्या कहा जाए कि पार्टी बेहतर महसूस कर रही है कि जाति नहीं पूछी क्योंकि वे खुद धर्म की सियासत करते हैं और उनके विरोधी जाति की। आपदा में अवसर शायद इसे ही कहा जाता है कि भीषण दुःख और अपरिहार्य परिस्थिति में भी दलों से सियासत नहीं भूली जाती। किसी को भी यह समझने में क्यों भूल करनी चाहिए कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता। वे अपने हिंसक आक़ाओं की हसरतों के मोहरे भर होते हैं। अगर जो होता तो श्रीलंका में लिट्टे यानी लिबरेशन टायगर्स ऑफ़ तमिल ईलम नहीं होता जिसने भारत के एक युवा प्रधानमंत्री (राजीव गांधी) की जान ली थी।

धर्म देखकर फ्रिज खोलकर मीट चेक करने के बाद हत्या को अंजाम तो कुछ और भी लोगों ने दिया है। बेहतर है कि पहलगाम में 27 निर्दोषों की हत्या को इस तंग नैरेटिव के बीच न सीमित कर दिया जाए। सरकार को इस घटना से ऐसा सबक लेना चाहिए कि कश्मीर में फिर कभी ऐसी विभीषिका न हो। सरकार ने ही संसद में अपनी बात कहकर लोगों को यकीन दिलाया था कि कश्मीर में सब कुछ सामान्य है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह सरकार चुप बैठने वाली नहीं है, घर में घुसकर मारती है। अब जो हुआ है, यह उन सैलानियों के यकीन का क़त्ल है। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि आप यहां आएं, आप सुरक्षित हैं। नतीजतन 2023 में दो करोड़ दस लाख से ज़्यादा सैलानी यहां आए जो साल 2020 में 35 लाख से भी कम थे। अभी तो सीजन शुरू ही हुआ था और अगले तीन महीनों तक यह सिलसिला जारी रहना था लेकिन पहलगाम की घटना ने कश्मीर को फिर पीछे पंहुचा दिया है।इसी यकीन के भरोसे सपरिवार पिछले बरस आठ दिन कश्मीर में और दो दिन पहलगाम में बिताए थे। सब खुश थे। घोड़े वाले, टैक्सी वाले, होटल वाले, कॉफ़ी शॉप वाले कि घाटी में बहार आई है और सैलानी लगातार आ रहे हैं। ऑटो और शिकारा चलाने वाले भी बेहद खुश थे कि इस बार टूरिस्टों की संख्या ने उनके घर, दुकान, गाड़ियों के लोन अदा करवा दिए। खूब तो ऊनी कपड़े पसंद किये गए, खूब मखमली केसर और अखरोट सैलानी अपने घर ले गए। उनका बस चलता तो घाटी का बेमिसाल मौसम भी साथ ले आते। वह आता भी है तस्वीरों में कैद होकर, लेकिन पहलगाम के इन पर्यटकों के साथ ऐसा नहीं हुआ।श्रीनगर में जहां कदम-कदम पर फौजी नंगी स्टैनगनों के साथ मुस्तैद नज़र आए थे, वैसा पहलगाम में नहीं दिखा था। पहलगाम यानी चरवाहों का गांव और वाकई लिद्दर नदी के हमराह यहां सिर्फ घोड़े ही घोड़े नज़र आते हैं। ऊपर के गांवों से नीचे आते हुए घोड़े और फिर इन्हीं रास्तों से लौटते हुए, मानों पहाड़ों के साथ सड़कों पर भी इन्हीं का राज हो। वहां के गुर्जर चरवाहों की यही रोज़ी है। सर्दियों में वे अपने बनाए गर्म कपड़ों को लेकर भारत के मैदानों में आ जाते हैं। टूरिस्ट पहलगाम से टैक्सी लेकर आस-पास के स्थानों पर दिन भर में घूमकर पहलगाम लौट आते हैं। आरु वैली, बेताब वैली, चन्दन बाड़ी (जो अमरनाथ यात्रा का बेस पॉइंट है), बैसरन घाटी जैसे कई पिकनिक स्पॉट्स तक सैलानी जाते हैं।इस यात्रा ने जिस बात ने अभिभूत किया वह थी कश्मीरियों की मेज़बानी। वे सैलानी को बहुत सम्मान देते हैं। ग़लती से आप किसी ऐसी जगह पहुंच जाते हैं जो टूरिस्ट के लिए नहीं, तब भी वे आपकी आवाभगत करते हैं। पहलगाम के आतंक ने उन्हें भीतर तक हिला दिया है। वे सड़कों पर निकल पड़े हैं। उनका विरोध और भारत सरकार के पाकिस्तान को मज़बूत जवाब देने की नीयत, दोनों का एक साथ आना कश्मीर के हालात को बदल सकता है। फ़िलहाल जवाब तो इस बात के भी ढूंढने होंगे कि इन सैलानियों की सुरक्षा के लिए क्यों कोई जवाबी कार्रवाई नहीं देखी गई? सुरक्षा बल वहां क्यों नहीं थे? यह चूक क्यों थी? बैसरन घाटी का हमला पुलवामा के बाद सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। इतना बड़ा इंटेलिजेंस फेलियर कैसे हुआ ? जो कोई इनपुट मिले थे तो सुरक्षा क्यों नहीं बरती गई और जो नहीं मिले तो यह कैसे संभव हुआ?मुख्यधारा का मीडिया और हिंदी के ज़्यादातर अख़बार धर्म के नैरेटिव को सेट करने में लगे हैं? ज़िम्मेदार देश को यूं बांटने और अस्थिर करने की साज़िश पर क्यों मौन हैं? कश्मीर के अख़बारों ने काली जगह छोड़कर विरोध जताया है। कश्मीर टाइम्स ने अपनी एक स्टोरी में बताया है कि पहलगाम की किशोरी रूबीना, जो वहां पर्यटकों को नन्हें ख़रगोश बेचती है, उसने अपने छोटे से घर को सैलानियों के लिए सुरक्षित आवास में बदल दिया। वह और उसकी बहन मुमताज़ तीन बार पार्क में गए और घायलों को सुरक्षित नीचे अपने घर ले लाए। आज रूबीना है और सोलहवीं सदी में शायरा हब्बा ख़ातून थीं जिनका संदेश केवल मोहब्बत रहा है। दोनों ने हर बार, हर हाल में कश्मीरियत को ज़िंदा रखा। हब्बा ख़ातून (जूनी ) जिनके प्रेम में पगे लोकगीत आज भी गाए जाते हैं। यह शायरी जैसे उन्होंने अपने साथ उन जोड़ों के लिए भी लिखी थी जो इस दुर्दांत आतंकी घटना में बिछड़ गए। उनकी इस रचना तुम बिन का अनुवाद सुरेश सलिल ने किया है-

संपादकीय

## पहलगाम त्रासदी को भुनाने की कवायद शुरू

27 लोगों की जान लेने वाले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले को अभी 48 घंटे भी नहीं हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसका लाभ लेने की कवायद प्रारम्भ कर दी। बिहार के मधुबनी के झंझारपुर की लोहना पंचायत में %पंचायती राज दिवस% पर आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकियों को यह कहकर %मिट्टी में मिलाने% की धमकी दी कि %उन्होंने सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं वरन भारत पर हमला किया है।% इस राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिये मोदी की इस सभा को चुनावी प्रचार का आगाज़ भी माना जा रहा है। मोदी ने इस सभा से बिहार की 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।बेशक यह सभा विकास कार्यों के शिलान्यास-उद्घाटन के लिये आयोजित की गयी थी परन्तु पहलगाम हादसे के बाद भी इसे रद्द न करने से बात साफ हो गयी थी कि इसका लाभ लेने की कोशिश होगी। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर लौटे प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाईअड्डे पर ही बैठक की और पाकिस्तान के खिलाफ़ कई फैसले लिये लेकिन इसे लेकर न तो कोई अधिकृत बयान दिया, न कोई जनता को संदेश। सत्ता समर्थक मीडिया तथा सोशल मीडिया में बुधवार से ही यह बात घूमने लगी थी कि %प्रधानमंत्री पाकिस्तान को कड़ा संदेश बिहार की धरती से देंगे।% यह सचमुच आश्चर्यजनक था कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की इस बड़ी घटना के बारे में कुछ कहने के लिये उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली को नहीं चुना, न ही संसद में या सर्वदलीय बैठक में चेतावनी देनी पसंद की। रेडियो- टीवी पर वे देशवासियों को सम्बोधित कर सकते थे। साफ है कि वे इसका लाभ लेने की पहले से ठान चुके थे।इन अनुमानों को मोदी ने गलत साबित नहीं होने दिया। सभा में उन्होंने आतंकियों के हाथों मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये सभी से दो मिनट का मौन धारण कराया तथा उनके परिजनों को यह कहकर सांत्वना दी कि देश उनके साथ है। फिर इस घटना का ज़िक्र करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी कि उनकी बची-खुची जमीन भी खत्म कर दी जायेगी। उन्होंने ऐलान किया कि अब उन्हें मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। जिन आतंकियों ने देश की आत्मा को चोट पहुंचाई है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था। भावुकता की रौ में बहे मोदी दुख और गुस्सा दोनों का इज़हार करते नज़र आये। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। सरकार इसके भी प्रयास कर रही है कि जिन घायलों का इलाज जारी है वे जल्द स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पर्यटकों को मारने वाले आतंकियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा-मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंकी देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं।मोदी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह ज़रूर कहा कि %140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति %आतंक के आकाओं% की कमर तोड़ देगी।% फिर भी, उनकी रैली में %पाकिस्तान मुर्दाबाद% के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है; या कम से कम किसे समझा जा रहा है। यह समझ से परे हैं कि आखिर पाकिस्तान का नाम लेने में दिक्कत क्या है जबकि वे सिंधु जल बंटवारा संधि तोड़ चुके हैं, पाक उच्चायुक्त के कुछ लोगों को वापस जाने के लिये कह चुके हैं, पाकिस्तान से अपने कुछ अधिकारियों को बुला रहे हैं .

# नरेंद्र मोदी के सामने पाकिस्तान की आईएसआई से निपटने का यक्ष प्रश्न

## पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक 'अभिन्न अंग' है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें 'दो-रार्ष्ट्र सिद्धांत' गहराई से समाया हुआ है

पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक अभिन्न अंग है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें दो-रार्ष्ट्र सिद्धांत गहराई से समाया हुआ है। पाकिस्तानी अखबार ने पहलगाम को पर्यटक आकर्षण का केंद्र और 2000 के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला% कहा। मारे गये लोगों में एक भारतीय नौसेना अधिकारी और भारतीय सेना का एक अरुणाचली सैनिक शामिल था।

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से प्रेरित मुस्लिम आतंकवादियों द्वारा कश्मीर के दर्शनीय पहलगाम में पर्यटक हिंदू भारतीय पुरुषों की गोली मारकर हत्या करने के एक दिन बाद बुधवार को पाकिस्तान ने भारत में हुई त्रासदी के लिए सहानुभूति जताते हुए पर्यटकों की जान जाने पर चिंता व्यक्त की, एक पाकिस्तानी अखबार ने रिपोर्ट की।जनरल असीम मुनीर की संक्षिप्त जीवनी में कहा गया है कि वे दो-राष्ट्र सिद्धांत के पक्षधर हैं। 10 दिन पहले ही जनरल मुनीर ने दो-राष्ट्र सिद्धांत और हिंदू-मुस्लिम अलगाव की बात की थी और 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना हुई। मुनीर को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से परेशानी है। इसके अलावा, अमेरिकी मीडिया में कुछ समय पहले आयी खबरों में बताया गया था कि पाक कॉकस से जुड़े कुछ कांग्रेसियों ने मुनीर को संवेदनशील पद से हटाने की मांग की थी। कई विशेषज्ञों का कहना है कि क्या पहलगाम में हत्याएं उनकी सत्ता के दावे का हिस्सा थी?आतंकवादियों ने 26 हिंदू पुरुषों को उनकी स्तब्ध पत्नियों के सामने पैंट नीचे करने का आदेश देने के बाद गोली मारने से पहले हिंदू चमड़ी की जांच की। इसे पुष्टि, तथ्य-जांच कहते हैं!

पाकिस्तानी अखबार ने पीड़ितों को भारत-अधिकृत कश्मीर में लोकप्रिय गंतव्य के आगंतुक कहा। अखबार,अनेक अन्य पाकिस्तारनियों की तरह मानता है कि मुस्लिम बहुल जम्मू और कश्मीर एक नासूर %विवाद% है जबकि भारत कश्मीर को %अभिन्न अंग% कहता है।पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक अभिन्न अंग है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें दो-रार्ष्ट्र सिद्धांत गहराई से समाया हुआ है। पाकिस्तानी अखबार ने पहलगाम को पर्यटक आकर्षण का केंद्र और 2000 के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला कहा। मारे गये लोगों में एक भारतीय नौसेना अधिकारी और भारतीय सेना का एक अरुणाचली सैनिक शामिल था।



पाकिस्तान ने संवेदना व्यक्त की। क्या पाकिस्तान चीफ जनरल असीम मुनीर का सिर थाली में परोस कर देगा? ध्यान रहे, बदला अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी समस्या है। मोदी ने अपनी सऊदी अरब यात्रा को बीच में ही रोक दिया और भारत के मुख्यधारा के टेलीविजन मीडिया ने इसे मोदी के इतिहास का सबसे बड़ा बलिदान करार दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के पास भागने के लिए कोई जगह नहीं है। अगर वे सऊदी अरब की यात्रा पर पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष होते और पहलगाम में कोई घटना होती, तो उन्हें सऊदी अरब में शरण मिल सकती थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा को बीच में ही रोककर वापस भारत आने का फैसला किया और गृह मंत्री अमित शाह को जम्मू-कश्मीर जाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मोदी के पास बचने का कोई रास्ता नहीं है।

अमित शाह को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक हफ़्ते पहले ही शाह सुरक्षा समीक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर में थे और फिर सुरक्षा भंग हो गई! सवाल पूछे जाएंगे, लेकिन सवालों को गोदी मीडिया की सुरक्षा से परे जाना होगा। यह एक बार फिर पुलवामा जैसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस समय फिल्म की शूटिंग के लिए उतने ही दूर थे।26 मई, 2014 से ही प्रधानमंत्री के कंधे पर एक अपशकुन सवार है। क्या किसी ने इसे पनौती नहीं कहा? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मोदी है तो मुमकिन है की किंवदंती के सामने खड़ा होना होगा। आतंकवादियों ने मारे गये लोगों की पत्नियों से कहा कि जाओ मोदी से कहो , यह खून जमा देने वाला संदेश मोदी के लिए माहौल तैयार करता है।तो, प्रधानमंत्री मोदी को बता दिया गया है। अब क्या? यह भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के लिए चुनौती है, जिसके मोदी बहुत करीब हैं। मोदी को अपने मन में सीमा पार करनी है और मोदी %भारत द्वारा चुनी गयी जगह और समय% के पीछे छिप नहीं सकते। वह बहाना अब खत्म हो चुका है। यह समय %विशेष% है। यहां तक कि सबसे ज़्यादा चापलूसी करने वाला %मोदी भक्त% भी बदला मांग रहा है।क्या प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर साबित कर देंगे कि वे सिफ़ बकवास करने वाले नहीं हैं; कि वे वाघा के इस तरफ़ से सुनी जाने वाली पाकिस्तानी बातों से मूर्ख नहीं बनते, जब भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी कश्मीर में घुसते हैं?पहलगाम श्रीनगर से 90 किलोमीटर दूर है और हिंदू पर्यटकों की आतंकवादी हत्याओं के एक घंटे के भीतर पहलगाम पर्यटक-मुक्त हो गया था। एक पल में हज़ारों हिंदू पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे और आतंकवादी हमले के तुरंत बाद हज़ारों की संख्या में पलायन हो गया, ठीक वैसे ही जैसे 1989-90 में हुआ था, जब कश्मीरी पंडित सुरंग के अंत की रोशनी की तरफ पलायन कर गये थे!

भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण का क्या हुआ? पहलगाम 2025, 5 अगस्त, 2019 पर एक काला धब्बा है। पर्यटकों की संख्या स्टेरॉयड पर एड्रेनालाईन की तरह बढ़ गयी थी, और सुरक्षा का स्तर एक नयी ऊंचाई पर पहुंच गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्रीनगर के लाल चौक पर स्नोबॉल खेला!

सारी मेहनत पहलगाम में बेकार चली गयी। कश्मीर फिर से पहले जैसी स्थिति में आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कुछ भी कहते हैं, उससे कश्मीर को उस रसातल से बाहर निकालने में मदद नहीं मिलेगी, जिसमें वह गिर गया है। अनेक सवाल हैं, और सबसे असहज सवाल भी। मोदी समर्थक मीडिया को मोदी महिमा मंडन तुरंत बंद कर देना चाहिए।प्रधानमंत्री मोदी को काम करना होगा या फिर पीछे हटना होगा। मोदी है तो मुमकिन है% की टैगलाइन धराशायी हो गयी है। अपने मारे गये पति के शव के बगल में बुद्ध की तरह बैठी नई युवा विधवा की तस्वीर, सड़ांध का प्रतीक और प्रतीकात्मक है। मोदी को यह बताओ कहा गया। वह आतंकवादी है और मोदी को बता दिया गया है कि वह क्या करने जा रहा है; क्या वह कुछ करेगा?

## आज का इतिहास

- 1904 : अमेरिका के बाल्टिमोर में जबरदस्त आग लगने से 1500 इमारतें जल कर खाक।
- 1940 : ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण हुआ।
- 1944 : जर्मनी ने इटली के एंजियो इलाके में जवाबी हमले किये।
- 1945 : ब्रिटेन,अमेरिका और रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण पर चर्चा की।
- 1947 : अरब और यहूदियों ने फिलीस्तीन को विभाजित करने के ब्रिटेन के प्रस्ताव को खारिज किया।
- 1959 : फिदेल कास्त्रो ने क्यूबा के नये संविधान की घोषणा की।
- 1965 : अमेरिका ने उत्तरी वियतनाम में लगातार हवाई हमले शुरु किये।
- 1983 : पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता (अब कोलकाता) में ईस्टर्न न्यूज एजेंसी की स्थापना हुई। 1992....स्वदेश निर्मित पहली पनडुब्बी आईएनएस शाल्की नौसेना में शामिल।
- 1999 : जॉर्डन के युवराज अब्दुल्ला ने गद्दी संभाली।
- 2001 : इजरायल के प्रधानमंत्री एहुद बराक चुनाव में पराजित, एरिएल शेरोन नये प्रधानमंत्री बने।
- 2009 : राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल को महाराष्ट्र के राज्यपाल एससी जमीर ने डी लिट की उपाधि से नवाजा।

## मेकअप



### दुल्हन बनने जा रही है तो अपनाएं ये टिप्स

दुहर लड़की चाहती है कि शादी वाले दिन वह सुंदर लगे। इस दिन पर सब की नजर उसी पर ही रहती है इसलिए खूबसूरत लगने के लिए वह कुछ दिन पहले से ही तैयारी करनी शुरू कर देती है। आजकल मार्किट में कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स होने से लड़कियां इस कंफ्यूजन में रहती हैं कि कौन सा मेकअप करवाने से उसको नैचुरल लुक मिलेगा। अगर आप भी दुल्हन बनने वाली हैं तो आज हम आपको ब्राइडल मेकअप के कुछ टिप्स देंगे। जिनको अपनाकर आप शादी वाले दिन खूबसूरत लग सकती हैं।

- प्राकृतिक सुंदरता पाने के लिए इस दिन आप नैचुरल स्किन केयर प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें। यह प्रॉडक्ट्स स्किन से रूखेपन को खत्म करने में सहायक है। जब त्वचा में डलनेस नहीं रहती तो चेहरा चमकने लगता है।
- सर्दियों के मौसम में थ्रेडिंग, ब्लीचिंग और अपर लिप्स करवाने के बाद मसाज करवाना बहुत जरूरी होता है। मसाज करवाने से शुष्क मौसम में त्वचा का नैचुरल ग्लो बना रहता है।
- स्किन मॉइस्चराइज करवाने के लिए हमेशा घरेलू चीजों का ही इस्तेमाल करें। आप चाहें तो ओटमील का उपयोग भी कर सकती है। ओटमील मॉइश्चरॉइज करने से मृत कोशिकाएं, डलनैस जैसी समस्याओं को खत्म करके त्वचा में एक नई जान डालता है।
- रूखेपन और महीन रेखाओं को छिपाने के लिए मिनरल या सिलिकॉन मेकअप अच्छा होता है, क्योंकि यह हर तरह की त्वचा के लिए उपयुक्त है। अगर आप सामान्य तरीके से फाउंडेशन लगाने के बजाय एयर-ब्रश का इस्तेमाल कर रही हैं तो एयर ब्रश में सिलिकॉन मेकअप रखें।
- आजकल सिलिकॉन एयरब्रश मेकअप बहुत चलन में। भले ही इस तरह का मेकअप करवाने में बहुत पैसे लगते हैं पर इससे परफेक्ट लुक मिलती है।
- शादी वाले दिन होंठों को खूबसूरत दिखना बहुत जरूरी होता है। इनको सुंदर दिखाने के लिए महंगे और लंबे समय तक चलने वाले लिप कलर का इस्तेमाल करें। आखरी समय में परेशान होने से बेहतर है कि कुछ दिन पहले ही अच्छी लिपस्टीक का लगाकर देख लें कि यह आप पर अच्छी लग रही है कि नहीं।





कामकाजी महिलाओं के लिए घर-परिवार और ऑफिस के बीच खुद के लिए टाइम निकालना एक बड़ा चैलेंज होता है। ये परेशानी उन महिलाओं को विशेषकर होती है जिनके बच्चे छोटे होते हैं। इतनी व्यस्ता में ज्यादातर कामकाजी महिलाओं के पास मेकअप करने और खुद की अच्छी तरह देखभाल करने का समय नहीं होता है इसलिए वो अपनी स्किन और बालों का वैसा ख्याल नहीं रख पाती हैं जैसा उन्हें रखना चाहिए। ऐसे में ज्यादातर महिलाओं की त्वचा ध्यान न देने के कारण धीरे-धीरे रूखी हो जाती है। लेकिन इन टिप्स को अपनाकर वर्किंग वुमन भी कम समय में अपना प्रॉपर मेकअप करके खुद का ख्याल रख सकती हैं।

# वर्किंग वुमन

## ऐसे रखें खुद का ख्याल

वर्किंग वुमन्स का घर और ऑफिस के बीच बिजी होने के कारण अपने लिए टाइम निकालना मुश्किल हो जाता है। इसके कारण वो रोजाना जल्दी- जल्दी तैयार हो कर अपने काम पर चली जाती है, जिससे कई बार उन्हें लोगों के सामने शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता। इससे उनका आत्मविश्वास भी कम होने लगता है। ऐसे में आज हम आपको मेकअप के कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिसके लिए आपको ज्यादा वक्त भी नहीं लगेगा और आपको खुबसुरत लुक भी मिल जाएगा।



### बालों को सुखाना

गीले बालों न सुखने के कारण आप कोई हेयर स्टाइल भी नहीं बना पाती। ऐसे में बालों को सुखाने के लिए पहले उनको टॉवल से साफ करें और उसके बाद सूती कपडे से लपेट ले। ऐसा करने से बालों की नमी निकल जाएगी। इससे बालों की ज्यादातर नमी निकल जाएगी और नैचुरल मॉइश्चर बचा रहेगा। इससे आप जैसे चाहेंगे बाल वैसे मुड़ जाएंगे और अपनी मनपसंद हेयर स्टाइल आसानी से चुन पाएंगे। बालों में शाइन के लिए आप इस तरह से सुखाने के बाद सीरम का प्रयोग भी कर सकती हैं।

### ड्राक सर्कल

रात को देर से सोने के कारण आपकी नींद पूरी नहीं हो पाती जिससे आंखों के नीचे डार्क सर्कल पड़ जाते है। ऐसे में इन्हें छुपाने के लिए आप स्किन टोन या सफेद पेंसिल लगाएं और आईलाइनर भी जरूर लगाएं।

### अगर शैम्पू के लिए टाइम नहीं है

अगर शैम्पू के लिए टाइम नहीं है तो आपके लिए ड्राई शैम्पू एक अच्छा विकल्प है। ये शैम्पू स्प्रे के रूप में होता है जिसे बालों पर स्प्रे करने से आपके बालों की गंदगी साफ हो जाती है। इससे बालों का एक्सेस ऑयल भी निकल जाता है और बालों शाइन करने लगते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि इसके इस्तेमाल के बावजूद सप्ताह में कम से कम एक बार बालों को लिक्विड शैम्पू से भी साफ कर लें। लेकिन ध्यान रहें कि हफ्ते में कम से कम 1 बार बालों को लिक्विड शैम्पू से जरूर धोएं।

### मैनीक्योर और पेडीक्योर

वर्किंग वुमन होने के कारण आपके पास इतना टाइम नहीं होती की आप अपने हाथों- पैरों की देखभाल कर पाएं। ऐसे में आप रात को सोने से पहले अपने हाथों और पैरों में पेट्रोलयम जेली लगाए। इसके बाद पैरों में जुराबे पहन ले और हाथों को किसी कपड़े से ढक लें। इससे स्किन में नैचुरल नमी बनी रहेगी।

### नींद पूरी न होने की स्थिति में

अगर ज्यादा व्यस्तता के कारण आपकी नींद पूरी नहीं हो पाती है या रात को किसी पार्टी से लौटने में देर हो जाती है और सुबह जल्दी ऑफिस निकलना होता है तो चेहरे पर एक अजीब तरह की डलनेस आ जाती है, जो सबसे ज्यादा आपके आंखों की आसपास की त्वचा पर झलकता है। ऐसी स्थिति में आंखों के आसपास की स्किन का रंग गहरा हो जाता है और पलकें बोझिल लगती हैं इसकी वजह से आपका चेहरा भी बेजान दिखता है। लेकिन इस डलनेस को आप आसानी से छुपा सकती हैं। इसके लिए आंखों के निचले हिस्से में अपने स्किन के कलर से मैच करता हुई या सफेद रंग की पेंसिल लगाएं और आंखों पर आई लाइनर लगा लें। इससे आंखें सुंदर दिखने लगेंगी।

आईलैश को सुंदर बनाने के लिए आइलैश( बरौनी) भी आपकी खूबसूरती को उभारते हैं। इसके लिए मस्कारा लगाने के बाद रुई के एक फाहे पर थोड़ा सा बेबी पाउडर डालकर इसे हल्के हाथों से आईलैश पर लगाएं और इसके बाद एक बार फिर से हल्का सा मस्कारा लगा लें। इससे आपके आईलैश उभरे हुए दिखेंगे और आंखे बेहद खूबसूरत नजर आएंगी।

## वर्किंग वुमन अपनाएं यह डाइट-चार्ट

महिलाओं को अपने खान पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि उन्हें ऑफिस के साथ घर का काम भी संभालना होता है। कई बार महिलाएं सबका ख्याल रखने में अपना ध्यान रखना भूल जाती हैं। कामकाजी महिलाओं को अपने खाने में उन्हीं चीजों को शामिल करना चाहिए, जिससे उन्हें भरपूर पोषण मिले। घर व बाहर का काम करते हुए अक्सर महिलाएं जल्दीबाजी में अपनी सेहत का ख्याल नहीं रखती है। जबकि कामकाजी महिलाओं का खान-पान आम महिलाओं की अपेक्षा और भी न्यूट्रीशियस और स्वास्थ्यवर्धक होना चाहिए। ऐसे में महिलाओं को कुछ ऐसा खाना चाहिए जिससे उन्हें ऊर्जा मिल सकें। कामकाजी महिलाओं को अपना एक डाइट चार्ट बनाना चाहिए और उसी के अनुसार चलना चाहिए। उनके खाने में विटामिन,जिंक,प्रोटीन और कैल्शियम की भरपूर मात्रा होनी चाहिए।

**नाश्ताः** कामकाजी महिलाओं को सुबह का नाश्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि सुबह के समय आपके शरीर को ऊर्जा की जरूरत होती है, ऐसे में नाश्ता बहुत जरुरी है। घर से निकलने से पहले नाश्ते में आप दूध, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स या सैंडविच खा सकती हैं। सुबह के नाश्ते में विटामिन ए वाले फल जैसे सेब, पपीता व स्ट्राबेरी खाना काफी फायदेमंद होता है। समय की कमी के चलते अगर आप यह सब नहीं खा सकती हैं तो सिर्फ एक गिलास दूध और कोई फल भी ले सकती हैं। इसके अलावा थोड़े से ड्राईफरूट्स अपने साथ रख लें समय मिलने पर खा लें।

**लंचः** कामकाजी महिलाओं के लंच व नाश्ते में चार से पांच घंटे का ही अंतर होना चाहिए। लंच में स्वास्थ्यवर्धक आहार होना चाहिए जिससे आप चुस्त दुरुस्त रहें। अपने लंच में सब्जी, दाल, दही व चपाती को शामिल करें। हरी सब्जियां काफी फायदेमंद होती हैं जैसे ब्रोकली, पालक आदि का सेवन करें या कम तेल में बनी पनीर की भुजिया भी लंच में ले सकती हैं। अगर आप अंडा खाती है तो हरी सब्जी और दाल की जगह अंडे की भुजिया खा सकती हैं। लंच में सलाद का सेवन जरूर करें। सलाद में शिमला मिर्च, खीरा, ककड़ी, सलाद का पत्ता, किशमिश और थोड़ा-सा नींबू डालकर खाएं। जिससे इसका स्वाद बढ़ जाएगा।

**स्नैक्सः** अक्सर काम के दौरान शाम के समय भूख लग जाती है और आप कुछ अनहेल्थी चीजों का सेवन कर लेती हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। ऐसे में आप अपने साथ कोई फल या स्प्राउट्स रख लें और शाम के समय स्नैक्स के तौर पर उसे खाएं। इससे आपकी भूख भी मिट जाएगी और यह आपके लिए हेल्थी भी है।

**डिनरः** रात का खाना हमेशा सोने से दो या ढाई घंटे पहले खा लेना चाहिए। इससे खाने को पचने का पूरा समय मिल जाता है। रात में बिना खाना खाए नहीं सोना चाहिए। खाने में अधिक तली भुनी चीजों का सेवन नहीं करें। कोशिश करें कि गेंहू की चपाती और कम मसालेवाली सब्जी खाएं। ऐसा खाना पचने में आसान होता है और इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है।





# मां की इन बातों के कारण नाराज हो जाती है बेटियां




मां-बेटी का सबसे प्यारा रिश्ता होता है। परिवार में मां ही बेटी की सबसे अच्छी दोस्त होती है। मां से ही बेटी अपनी पर्सनल बातें शेयर कर सकती है क्योंकि मां ही अपने बच्चों का बुरे वक्त पर साथ देती है। कई बार मां की डांट जरूर बुरी लग जाती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि वह आपसे प्यार नहीं करती। बल्कि वह कभी भी अपने बच्चों का बुरा नही चाहती। अगर मां कुछ ऐसी बातों को लेकर डांट भी देती है तो बेटियों को उनकी बात का बुरा मानने की बजाय उन्हें समझने की कोशिश करनी चाहिए और उनसे कुछ सीखें।

### काम-काज के कारण

हर मां यही चाहती है कि मेरी बेटी को घर के सभी काम-काज आए। उसे कभी भी अपने ससुराल घर में काम-काज की दिक्कत न आए। इसी कारण मां अपनी बेटी को घर के काम में हाथ बटाने को कहती है, लेकिन बेटियां अपनी मां की इस बात को समझ नहीं सकती। इस बात को लेकर मां-बेटी में नोक-झोक हो जाती है। बेटियों को बहस करने की बजाय अपनी मां की भावना को समझना चाहिए।

**तुलना :** अक्सर पेरेंटस अपने बच्चों की तुलना दूसरों के बच्चों से करने लग जाते हैं। जब मां अपनी बेटी की तुलना दूसरों की बेटियों से करने लग जाती है तो इस बात को लेकर मां-बेटी में झगड़ा हो जाता है। बेटियों को इस बात को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि तुलना करना सभी मां-बाप की आदत होती है। उनकी बातों का कभी भी बुरा नहीं मानना चाहिए।



### मोबाइल फोन

सोशल मीडिया का जमाना होने के कारण अक्सर बच्चे फेसबुक और व्हाट्सएप पर लगे रहते हैं। जिसे कोई भी मां अच्छा नहीं समझती। अगर मां मोबाईल फोन के कारण डांटती है तो उनकी बात पर ध्यान देना चाहिए और बेटियों को अपने फोन पर लगे रहने की बजाय अपनी मां के साथ समय बिताना चाहिए।

**लेट शादी के कारणः** आजकल की लड़कियां जल्दी शादी कराना पसंद नहीं करती। लेकिन हर मां का यह सपना होता है कि उसकी बेटी की शादी सही समय पर अच्छे से लड़के के साथ हो जाए और उनकी जिम्मेदारी खत्म हो जाएं। अकसर इस कारण भी मां-बेटी में नोक झोक हो जाती है।

**जल्दी न जागने के कारणः** बहुत से बच्चों को सुबह लेट उठने की आदत होती है। और मां-बाप हमेशा चाहते है कि उनके बच्चे सुबह सही समय पर उठें। जब आप गहरी नींद में होती हैं और आपकी मां सुबह उठाती हे तो आपको उन पर गुस्सा आने लग जाता है। इस कारण सुबह-सुबह ही झगड़ा शुरू हो जाता है।



# लूज मोशन दूर करने के घरेलू उपाए

## 5 चीजों का करें सेवन

लूज मोशन व दस्त होने की कई वजह हो सकती है, लेकिन इस दौरान परेशानी का सामना जरूर करना पड़ता है, साथ ही दस्त होने से शरीर में कमजोरी आती है, सो अलग। हम आपको कुछ ऐसे उपाय बता रहे हैं, जो लूज मोशन को रोकने में सहायक होंगे-

### ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं

लूज मोशन होने की स्थिति में ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, क्योंकि इस दौरान शरीर से पानी भी बाहर निकल जाता है। अगर आप फल व सब्जियों का जूस, नींबू पानी, नमक-चीनी का घोल या फिर नारियल पानी पिएं तो और भी बेहतर होगा।

### अदरक का सेवन करें

लूज मोशन होने की स्थिति में अदरक का सेवन भी कारगर होता है। अदरक में एंटिफंगल और एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं, जो इस दौरान होने वाले पेट दर्द में राहत देते हैं। आप चाहे तो अदरक का पाउडर को दूध में मिलाकर पी सकते हैं।

### दही का सेवन करें

लूज मोशन होने की स्थिति में दही का सेवन भी फायदेमंद रहता है। दही में बैक्टीरिया मौजूद होते है, जो पेट जल्दी ठीक करने के साथ ही पेट को ठंडा रखने में मदद करते है।

### केला खाएं

लूज मोशन होने पर केले का सेवन भी राहत देता है। केले में मौजूद पेक्टिन लूज मोशन को रोकने का काम करता है।

### जीरा खाएं

लगातार लूज मोशन होने पर एक चम्मच जीरा चबा लें और पानी पी लें। ऐसा करने से लूज मोशन जल्दी रुकने में मदद मिलती है।



# जैतून की पत्तियां कई रोगों में फायदा करतीं हैं

आयुर्वेद की दुनियां में जैतून के तेल स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई से भरपूर जैतून का तेल खाना पकाने में, सौंदर्य प्रसाधन के लिए, दवाओं के निर्माण में और साबुन निर्माण में किया जाता है। यह कई रोगों में रामबाण के रूप में काम करता है। यह तो बात हुई जैतून के तेल की। अब बात करते हैं जैतून की पत्तियों की। तेल की तरह जैतून की पत्तियां भी बहुत गुणकारी है। जैतून की पत्तियों के बारे में आपने बहुत ही कम सुना होगा। जी हां, जैतून की पत्तियां भी सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद हैं। आइए जानते हैं जैतून की पत्तियां किन रोगों में फायदेमंद है।



## जैतून की पत्तियां के फायदे

### कैंसर

**जीवनशैली** में बदलाव की वजह से महिलाओं में स्तन कैंसर का जोखिम काफी बढ़ गया है। स्तन कैंसर होने का जोखिम आयु के साथ बढ़ता है। वहीं कई सालों तक शराब पीने, वजन बढ़ने और ज्यादा धूम्रपान करने से भी स्तन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

स्तर कैंसर में जैतून की पत्तियां काफी लाभदायक है। यह स्तन कैंसर की दवा के रूप में एक बढ़ियिा विकल्प है। यह किसी प्रकार का ट्यूमर या कैंसर होने की स्थिति में यह पेय ट्यूमर को धीरे-धीरे कम करने में सहायक है।

### प्रतिरोधक क्षमता

**मौसम** में बदलाव होने से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और कई तरह की बीमारियां हमें घेर लेती है। इम्यूनिटी सिस्टम ऐसा तंत्र होता है, जो बैक्टीरिया, वायरस और माइक्रोब्स को शरीर से दूर रखता है। यह किसी भी तरह की बीमारियों से लड़ने के लिए एक चटटान के रूप में खड़ा रहता है। इम्यूनिटी सिस्टम या रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए वैसे तो कई आहार है लेकिन यदि आप जैतून की सूखी पत्ति यों को पानी में उबालकर पीते हैं, तो उससे भी प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा होगा।

### ब्लड प्रेशर

**आज** की इस भागदौड़ वाली जीवन में हमें छोटी-छोटी समस्याओं से होकर गुजरना पड़ता है। लेकिन ये समस्याएं कब तनाव का रूप धारण कर लेती और हमें बीपी का मरीज बना देती हैं, हमें इस बारे में पता भी नही चलता। ब्लड प्रेशर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसे में जैतून की पत्तियों का सेवन करना काफी लाभ पहुंचाने का काम करता है।

### ऑस्टियोपोरासिस

**जैतून** की पत्तियां ऑस्टियोपोरोसिस में भी बहुत ही लाभदायक है। ऑस्टियोपोरोसिस एक ऐसा रोग है जिससे हडिडयां प्रभावित होती हैं। इसमें हडिडयां आसानी से टूट जाती हैं। यह मुख्य रूप से नितंब, कलाई और रीढ़ की हडिडयां प्रभावित होती हैं। यह पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को ज्यादा होती है। एक स्पेनिश रिसर्च के अनुसार जैतून की पत्तियां हडिडयों को रि-जनरेट कर जोड़ों और हडडी संबंधी समस्या में फायदेमंद है। खास तौर से ऑस्टियोपोरोसिस में यह गुणकारी है।

### हाइपरटेंशन



**चिन्ता**, परेशानी व गुस्सा हमारे दिल दिमाग व शरीर के दूसरे भागों को भी प्रभावित करता है। धूम्रपान, मोटापा और मधुमेह आदि के कारण हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में आपको जैतून की पत्तियों का सेवन करना चाहिए। इसमें मौजूद तत्व रक्त वाहिनियों को आराम देते हैं और नलिकाओं में जमने वाले रक्त के थक्के को रोकने में बेहद्द मददगार है।

## रेसिपी



### सोया चिली

**सामग्री**

- सोयाबीन नगेट्स - 100 ग्राम
- लहसुन पेस्ट- 1/2 चम्मच
- तेल- 2 चम्मच
- बारीक कटा हरा प्याज- 1 कप
- कटी हुई हरी मिर्च- 2
- सोया सॉस- 2 चम्मच
- विनिगर- 2 चम्मच
- नमक- स्वादानुसार

**विधि**

**सोयाबीन** नगेट्स को आधे घंटे के लिए पानी में भिगोने के बाद पानी निचोड़ दें। एक बाउल में सोया नगेटस, एक चम्मच नमक और लहसुन का पेस्ट डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें हरे प्याज को डालकर थोड़ी देर भूनें। हरी मिर्च डालें और कुछ सेकेंड पकाएं। अब कड़ाही में बचा हुआ नमक, सोया सॉस, विनिगर और सोयाबीन डालें, अच्छी तरह से मिलाएं। तेज आंच पर दो-चार मिनट पकाएं और सर्व करें।



### अचारी चिकन पास्ता

**सामग्री**

- पास्ता- 2 कप
- लहसुन की कलियां- 12
- बारीक कटा प्याज- 2
- सूखी लाल मिर्च- 2
- चिकन ब्रेस्ट- 2
- नमक- स्वादानुसार
- अचारी मेयोनीज- 3 चम्मच
- टोमैटो प्यूरी- 1/2 कप
- दूध- 3/4 कप
- ऑरिगैनो- 1 चम्मच
- तेल- 4 चम्मच
- बटर- 1 चम्मच

**विधि**

**एक** सॉसपेन में पानी उबालें। उसमें पास्ता और थोड़ा-सा नमक डालें। पास्ता को लगभग दस मिनट तक उबालें। इसके बाद गर्म पानी से उसे निकालकर कुछ देर टंडे पानी में रखें और फिर एक बाउल में रख दें। चिकन ब्रेस्ट को लंबाई में पतला-पतला काट लें। अब पैन में एक चम्मच तेल गर्म करें और उसमें लहसुन और लाल मिर्च डालें। जब लहसुन पक जाए, तो पैन में प्याज डालें और सुनहरा होने तक भूनें। उसमें ऑरिगैनो भी डालें और गैस बंद कर दें। अब प्याज-लहसुन के मिश्रण को ग्राइंडर में डालें और पेस्ट बना लें। कड़ाही में दो चम्मच तेल और एक चम्मच बटर गर्म करें। अब चिकन ब्रेस्ट को गर्म तेल में डालें और कड़ाही को ढककर चिकन ब्रेस्ट को पकाएं। आठ-नौ मिनट बाद कड़ाही में टोमैटो प्यूरी डालकर मिलाएं। जब टोमैटो प्यूरी से बुलबुले निकलने लगें, तो कड़ाही में प्याज वाला पेस्ट और अचारी मेयोनीज डालें और मिलाएं। जब मसालों के मिश्रण में उबाल आने लगे तो उबले हुए पास्ता को कड़ाही में डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। स्वादानुसार नमक चखें। चार से पांच मिनट तक मध्यम आंच पर पकाएं और गर्मागर्म सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय समान्य रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग हैं। शुभांक-5-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-2-5-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें। शुभांक-4-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। शुभांक-2-4-6

## लॉफिंग ज़ोन

एक बार चमन अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ फिल्म देखने गया। वहाँ भी उसकी पत्नी हर समय उससे बातचीत में ही लगी रही। तंग आकर उसने इंटरवेल में पत्नी के लिए पान खरीदा और उसे दे दिया।

पत्नी बोली- एक पान तुम भी ले लो?

चमन बोला- मैं तो बिना पान खाए भी खामोश रह सकता हूँ।

□ □ □

चिंटू (चमन से)- क्या तुम बता सकते हो कि एक आदमी नेता बनने के बाद क्या खास काम करता है?

चमन- चुनाव के पहले वह अपना हाथ हिलाता है और बाद में जनता के विश्वास को।


□ □ □

कवि सम्मेलन के दौरान एक व्यक्ति अपने पास की कुर्सी पर बैठे कवि से बोला- कविवर, आपके पास पाँच सौ के छुट्टे है क्या?

कविवर (जिनके जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं थी) इत्मीनान से बोले- छुट्टे तो नहीं हैं! किंतु.... यह पूछकर आपने जो मेरा मान बढ़ाया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

□ □ □

## काकुरो पहेली - 4036



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.


उदाहरणतः

1 2 3 4 5


7 8 9

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 4035 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली-4036




**बायें से दायें:-**

१. फिल्म 'कर्ज' में नायिका कौन थी-२
२. फिल्म 'चला मुरारी हीरो बनने' का नायक कौन था-४
६. फिल्म 'अभय' में दोहरी भूमिका करने वाला नायक -३
७. 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'विश्वनाथ' में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नायिका कौन थी-२
१०. फिल्म 'मैं ने प्यार किया' में सलमान खान की माँ की भूमिका किसने की थी-२
११. हेमा मालिनी वाली फिल्म 'प्रेमनगर' का नायक कौन था?-३
१६. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
१७. संजय, चंद्रचूड़, महिमा चौधरी की फिल्म-२,१,२
१८. 'मेरे दिल ने जो माँगा' गीत वाली फिल्म-४
२०. फिल्म जिसमें राजकपूर का डबल रोल था-२
२१. 'तू कितने बरस की' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२३. ऋषिकपूर, जेबा की 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
२४. फिल्म 'शोले' में अमिताभ के किरदार का क्या नाम था?-२
२६. फिल्म जगत में राजेश खन्ना का प्रचलित नाम-२
२८. सलमान, रेवती की 'आजा गिव मी ए किस' गीत वाली फिल्म-२
३०.'इस जहाँ की' गीत वाली जैकी, अनु अग्रवाल, नगमा की फिल्म-२,३
३१. लोकप्रिय गीत 'इश्क कमीना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बहुत खूबसूरत गजल' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
२. फिल्म 'गदर' में अमीषा पटेल के पिता की भूमिका किसने की थी?-४
३. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
४. 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
५. विश्वजीत, राजश्री की ' ना ये जमीं थी ना आसमाँ' गीत वाली फिल्म-३
९. 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१२. 'हम प्यार में जलनेवालों को' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'तुम मुझे यूँ' गीत वाली फिल्म जिसमें शम्मी ने पागल की भूमिका की-३,२,१
१४. 'आला रे पाउस आला' गीत वाली फिल्म-३
१५. बॉबी, ट्विंकल खन्ना की 'तेरी अदाओं पे मरता हूँ' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'अच्छा जी मैं हारी' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
१७. 'रू तू तू दिल में है तू' गीत वाली अक्षय कुमार, रवीना टंडन की फिल्म-२
१९. 'आजा सजन आजा' गीत वाली फिल्म-५
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की एक फिल्म-३
२५. संजयदत्त, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२९. नाना, पुरु, अनुपमा की 'बहुत खूबसूरत हैं आँखें तुम्हारी' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली -4035



## सूडोकु 4036


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -4035 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 4036



**बाएँ से दाएँ**

1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

### शब्द पहेली 4035 का हल



## कलकत्ता हाई कोर्ट में वकील से मारपीट का आरोप, तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज

एजेंसी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और चार बार के तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी पर एक अन्य वकील के साथ कोर्ट परिसर में पीटने का आरोप लगा है। पीड़ित अधिवक्ता अशोक कुमार नाथ ने कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कल्याण बनर्जी ने उन्हें गालियां दीं, कॉलर पकड़कर घसीटा और चेहरे पर मुक्का मारकर घायल कर दिया।यह घटना लगभग 11 बजे कोर्ट नंबर 11 के बाहर हुई, जो न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति रीतोब्रत कुमार मित्रा की डिवीजन बेंच है। उस समय कोर्ट की कार्यवाही स्थगित थी।नाथ ने बताया कि उन्होंने कोर्ट के भीतर तृणमूल सांसद सौगत राय को लेकर बनर्जी द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों का विरोध किया था। इसके बाद कोर्ट से बाहर आकर बनर्जी ने उन्हें अपशब्द कहे और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बनर्जी ने अपने कुछ अधिवक्ता साथियों को भी हमला करने के लिए बुलाया।नाथ ने मीडिया से कहा, 'मैंने सौगत राय को लेकर की गई उनकी अभद्र टिप्पणियों का विरोध किया था, इसी पर वह भड़क गए और मुझ पर हमला कर दिया। मेरे चेहरे पर चोटें आईं और खून भी निकला।' नाथ ने थाने को सौंपी गई अपनी शिकायत को ही प्राथमिकी के रूप में दर्ज करने का अनुरोध किया है।

## अमृतसर में बीएसएफ ने खेतों से बरामद किया आरडीएक्स और हैंड ग्रेनेड

**चंडीगढ़।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने भारत-पाक सीमा पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अमृतसर जिले के साहोवाल गांव के पास खेतों से भारी मात्रा में आरडीएक्स और हथियार बरामद किए हैं। यह बरामदगी उस समय हुई जब किसान अपने खेतों में गेहूं की फसल काट रहे थे। किसानों को एक बड़ा संदिग्ध पैकेट नजर आया। किसान की सूचना पर पुलिस तथा बीएसएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और खेत में तालाशी अभियान शुरू किया। बीएसएफ एवं पंजाब पुलिस ने यहां से साढ़े चार किलो आरडीएक्स, पांच हैंड ग्रेनेड, पांच पिस्टल, आठ मैगजीन, 220 जिंदा कारतूस, दो बैटरियां, एक रिमोट कंट्रोल डिवाइस बरामद की है। इस बरामदगी के बाद बीएसएफ व पुलिस ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि यह विस्फोटक सामग्री पाकिस्तानी तस्करों द्वारा ड्रोन की मदद से भारतीय सीमा में गिराई गई हो सकती है। पुलिस और बीएसएफ ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें। ऐसे सतर्क नागरिकों की मदद से ही इस तरह की साजिशों को नाकाम किया जा सकता है।

## पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में गुना में निकाली गई रैली, आतंकवाद का किया पुतला दहन

**गुना।** कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हिंदुओं के सामूहिक नरसंहार की दर्दनाक घटना से देशभर में आक्रोश फैल गया है। इसी घटना के विरोध में गुना जिले के सकल हिंदू समाज द्वारा शनिवार को एक विशाल विरोध रैली निकाली गई। रैली हनुमान चौराहा से प्रारंभ हुई और हाट रोड, रपटा, नीचला बाजार, सदर बाजार, सुगन चौराहा और लक्ष्मीगंज होते हुए शास्त्री पार्क पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। रैली में पाकिस्तान और आतंकवाद के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। रैली के समापन पर शास्त्री पार्क में आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया, जिसे 'आतंकवाद का अंतिम संस्कार' नाम दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कश्मीर में मारे गए हिंदू श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। सकल हिंदू समाज के नेताओं ने इसे आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक बताया और कहा कि राष्ट्र को इस तरह की हिंसक घटनाओं के खिलाफ एक स्वर में आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ और भी कठोर कदम उठाने की मांग की।

## वर्षों से बंद पड़ी कताई मिल में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**बिजनौर।** जिले के थाना नगीना क्षेत्र में स्थित कोतवाली देहात मार्ग पर वर्षों से बंद पड़ी सहकारी कताई मिल में शनिवार को अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिल परिसर में मौजूद गार्ड ने सूखे पत्तों में आग लगाई थी, जो अचानक विकराल रूप ले गई। आग की तेज लपटों ने मिल के बड़े हिस्से को घेर लिया, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह जानने का प्रयास कर रही है कि आग फैलने की असली वजह क्या थी।

# उत्तराखंड में भी पाकिस्तानी नागरिकों के पहचान की कार्रवाई तेज

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में भी पाकिस्तानी नागरिकों के पहचान की कार्रवाई तेज कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजने की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पहलगाम (जम्मू कश्मीर) में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नेतृत्व में सी.सी.एस. की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रम में प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिकों के पहचान की कार्रवाई तेज कर दी गई है। उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जनपदों (यथा देहरादून, हरिद्वार एवं नैनीताल इत्यादि) में वर्तमान में लगभग 250 पाकिस्तानी नागरिक प्रवासरत हैं। जिनमें से 247 दीर्घकालिक वीजा पर भारत आए हुए। अधिकांशतः पाक हिंदू नागरिक हैं और 03 पाकिस्तानी नागरिक अल्पावधि वीजा पर प्रवासरत हैं। उत्तराखंड में



अल्पावधि वीजा पर रह रहे 03 पाक नागरिकों में से 02 को वापस भेज दिया गया है और 02 को वापस भेजने की कार्यवाही की जा रही है।प्रदेश में पाकिस्तानी राष्ट्रिकों को जारी वीजा के संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देशों व विदेश मंत्रालय की ओर से जारी दिशा निर्देशों के क्रम कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती की ओर से पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक अभिसूचना व सुरक्षा के साथ आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल एवं कुमाऊं को पत्र भेजा गया है। पत्र में स्पष्ट किया है, कि विदेश मंत्रालय की ओर से 22 अप्रैल को पहलगाम (जम्मू कश्मीर) में हुई आतंकवादी घटना के दृष्टिगत पाकिस्तानी नागरिकों के लिए जारी वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने इस संबंध में विदेश मंत्रालय के संदर्भित पत्र की अपेक्षा के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। अपर सचिव गृह की ओर से विदेश मंत्रालय के वर्णित पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अवगत कराया है कि केन्द्र सरकार पाकिस्तानी राष्ट्रिकों को निर्गत वर्तमान में सभी वैध वीजाओं को 27 अप्रैल 2025 से निरस्त किये जाने संबंधी सूचना से भी अवगत कराया गया है। अब पाकिस्तानी राष्ट्रिकों को निर्गत किये गये मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक ही वैध होंगे। उक्त के अतिरिक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्तानुसार वीजा का निरसन दीर्घकालिक वीजा और राजनयिक एवं आधिकारिक वीजा धारकों के संबंध में लागू नहीं होगा।

## मुठभेड़ में शहीद हवलदार झंटू अली शेख का पार्थिव शरीर बंगाल पहुंचा, एयरपोर्ट पर गूंजे 'अमर रहे' के नारे

एजेंसी

**कोलकाता।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद भारतीय सेना के विशेष बलों के जवान हवलदार झंटू अली शेख का पार्थिव शरीर रात नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। शव को जब तिरंगे में लिपटे ताबूत में लाया गया, तो मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस दौरान हवाई अड्डे पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और 'भारत माता के वीर सपूत झंटू शेख अमर रहे' के नारों से वातावरण गूंज उठा। पार्थिव शरीर को कोलकाता के एक शवगृह में रखा गया। पार्थिव शरीर को शनिवार सुबह नदिया जिले स्थित उनके पैतृक गांव ले जाया गया है।शहीद झंटू अली शेख अपने पीछे पत्नी, एक बेटी और एक बेटे को छोड़ गए हैं। वह तीन भाइयों में से एक थे, जिनमें से बड़े भाई रफीकुर शेख भी सेना में हैं। शेख की पत्नी ने मीडिया से कहा कि वह अब तक इस सच्चाई को स्वीकार नहीं कर पा रही हैं कि उनके पति अब कभी लौटकर नहीं आएंगे, न ही अपने बेटे और आसपास के बच्चों के साथ खेलेंगे। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह उन्हें शेख का संदेश मिला था कि वे व्यस्त हैं और अगली सुबह बात करेंगे।उन्होंने कहा, 'संदेश पढ़ने के बाद मैंने बेटे को स्कूल भेजा और अपने दिन के कामों में लग गई। लेकिन दोपहर में खबर मिली कि उन्हें गोली लगी है, लेकिन हालत स्थिर है। मुझे लगा वह जल्द ठीक हो जाएंगे, पर फिर असली खबर आई।' वह बोलीं, 'मेरे पति देश के लिए समर्पित थे। ऑपरेशन के बारे में कभी कुछ नहीं बताते थे। उनके लिए पहले देश था, फिर परिवार और बाकी सब।' 'नदिया जिले स्थित उनके गांव में मातम पसरा हुआ है। शेख को जानने वाले उन्हें एक शांत, दयालु और अनुशासित इंसान के रूप में याद कर रहे हैं, जिनका सपना वर्दी पहनकर देश की सेवा करना था।

## महाराष्ट्र में पाकिस्तानियों को 48 घंटे में बाहर निकाल दिया जाएगा : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में पाकिस्तानियों की पहचान का तेज गति से शुरु है, उनकी पहचान कर सभी को 48 घंटे में बाहर निकाल दिया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर दी है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करने का निर्णय लिया है। हमने तुरंत उनकी लिस्ट प्राप्त की है। महाराष्ट्र में उनकी पहचान की जा रही है। पुलिस स्टेशनों को सूचना दी गई है। कोई भी नागरिक पाकिस्तानी वीजा लेकर 48 घंटे से ज्यादा महाराष्ट्र में ना रुके हमने इसके प्रयास शुरू किए हैं। हम पूरी तरीके से निगरानी करेंगे एवं उनको बाहर निकालेंगे। जो लोग ज्यादा रुकेंगे। उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े फैसले



लेना शुरु कर दिया है। इसके तहत ही देश में रह रहे पाकिस्तानियों को बाहर निकालने का निर्णय लिया गया है। फडणवीस ने महाराष्ट्र में रहने वाले पाकिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत कर गई दी है।

# सीबीआई ने रेलवे, बिलासपुर के मुख्य अभियंता सहित चार लोगों को रिश्वत लेने के मामले में किया गिरफ्तार

एजेंसी

**रायपुर/बिलासपुर।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम ने रेलवे से जुड़े कामों में शामिल ठेकेदार कंपनी झाझरिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड पर छापा मारा। यह कार्रवाई सुबह के समय शुरू हुई, जिसमें 8 से 10 सदस्यों वाली सीबीआई टीम मौके पर जांच कर रही है। वहीं केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के मुख्य अभियंता (आईआरएसई- 2000) सहित चार लोगों को 32 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों में अधिकारी के एक पारिवारिक सदस्य, एक निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक और उक्त कंपनी का एक कर्मचारी शामिल हैं। सीबीआई ने मुख्य अभियंता, निजी



कंपनी, इसके प्रबंध निदेशक और कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि मुख्य अभियंता ने निजी कंपनी के पक्ष में रेलवे के ठेके और कार्य आदेशों में अनुचित लाभ देने के लिए रिश्वत ली। यह राशि उनके निर्देश पर उनके पारिवारिक सदस्य ने रांची में प्राप्त की।जांच में पता चला कि निजी कंपनी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए विभिन्न निर्माण कार्य कर रही थी, जिसमें छोटे-बड़े पुल, रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी), और ट्रैक लाइनिंग जैसे कार्य शामिल थे।सीबीआई ने 25 अप्रैल 2025 को जाल बिछाकर मुख्य अभियंता को तब पकड़ा, जब उनके पारिवारिक सदस्य ने निजी कंपनी के प्रतिनिधि से रांची में 32 लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार की। रिश्वत की राशि सीबीआई ने पारिवारिक सदस्य के कब्जे से बरामद किया है। वर्तमान में बिलासपुर और रांची सहित कई स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है। वहीं आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रेलवे प्रोजेक्ट्स में संभावित गड़बड़ियों और अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर बिलासपुर में झाझरिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड पर दबिश दी गई है। सीबीआई अधिकारियों ने कंपनी के कार्यालय में दस्तावेजों की गहन तलाशी ली और कई महत्वपूर्ण फाइलों व डिजिटल डेटा को जब्त किया। कंपनी के अधिकारियों से भी पूछताछ की गई।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से सबसे ज्यादा फायदा नौजवानों को होगा: शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ में गांधी भवन प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश नागरिक परिषद द्वारा आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि रहें केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सबसे ज्यादा फायदा नौजवानों को होगा। आज के समय में एक उम्मीदवार लोकसभा में हारकर फिर विधानसभा में लड़ जाता है। नौजवानों को तो मौका ही नहीं मिलता है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव होता है तो व्यापारी से चंदा लेते हैं। एक पार्टी ने ले लिया तो दूसरी आ जाती है और निर्दल भी चंदा मांगता है। चुनाव के समय जनता के काम नहीं हो पाते क्योंकि कड़े फैसले या बड़े फैसले नहीं होते हैं। उम्मीदवार तो लोगों से चुनाव के वक्त वायदे करते हैं, तुम हमें वोट दे दो हम तुम्हे तारे तोड़कर



दे देंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि एक पोस्टर पर लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार और विधानसभा के उम्मीदवार दोनों की फोटो लगी हो और एक समय में ही वोट करना हो, ऐसे में कितना खर्च बच जाएगा। इससे कोई नुकसान नहीं है। फिर भी विपक्ष कहेगा कि इससे भाजपा को फायदा हो रहा होगा, मैं कहता हूं कि भाजपा तो वैसे भी आज फायदे में ही है। शिवराज सिंह ने कहा कि एक ही मतदान केन्द्र पर दो पेटी रखी रहेंगी। जनता को विधायक भी चुनना है और सांसद भी, इस तरह से जनता की सरकार बनेगी। पांच वर्ष में एक चुनाव होंगे तो विधायक एवं सांसद मिलकर जनता के कार्यों को करेंगे और विकास कार्य करते दिखेंगे। लोकतंत्र के महापर्व में पहले मतदान होगा और बाद में जलपान भी होगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि आप सभी गांव-गांव, गली-गली जाएं, एक राष्ट्र एक चुनाव का अलख जगाएं। जब आप ऐसा करेंगे तो सभी राजनीतिक दल एक साथ कहने लगेंगे कि हां आप एक राष्ट्र एक चुनाव कराइये। हम भी पूरी तरह से तैयार हैं। जनता में सबसे ज्यादा ताकत होती है।

## वैश्विक खतरे की याद दिलाता है पहलगाम आतंकी हमला : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह आतंकवाद के वैश्विक खतरे की याद दिलाता है। तमिलनाडु के उधगमंडलम में दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में धनखड़ ने इस खतरे से निपटने के लिए मानवता के एकजुट होने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और सम्मेलन में हिस्सा ले रहे कुलपतियों के साथ एक मिनट का मौन रख कर पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। धनखड़ ने व्यक्तिगत, राजनीतिक या समूह हितों पर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को उद्धत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोच्च है और इससे समझौता नहीं किया जा सकता। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और देश के आंतरिक या बाहरी चुनौती का मजबूती से जवाब देने का भरोसा व्यक्त किया।

धनखड़ ने भारत के प्राचीन दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) पर भी प्रकाश डाला, जो शांति और एकता के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।उपराष्ट्रपति की टिप्पणी आतंकवाद से निपटने और शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय एकता और सहयोग के महत्व को रेखांकित करती है। हमले की निंदा करके और सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देकर, धनखड़ के बयान ने आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# भारत आध्यात्मिक आधार पर बनेगा विश्व की महाशक्ति : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**सरोही।** आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के मुख्यालय शांतिवन में शिक्षा प्रभाग द्वारा आयोजित शिक्षकों के महासम्मेलन के शुभारंभ पर पहलगाम में आतंकी हमलों में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई।

समग्र कल्याण के लिए शिक्षा विषय पर आयोजित सम्मेलन का केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत एक दिन आध्यात्मिक आधार पर विश्व की महाशक्ति बनेगा। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 में लागू की गई लेकिन ब्रह्माकुमारीज़ ने 88 साल पहले मूल्य शिक्षा देने के लिए पहल शुरू कर दी थी। संस्थान ने शिक्षा को अध्यात्म की पद्धति बनाई। फिजिक्स, कैमिस्ट्री, हिस्ट्री पढ़ने से मनुष्यों की दक्षता बढ़ती है, लेकिन मनुष्य तैयार नहीं होता है। अच्छा मनुष्य बनने के लिए मूल्य शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा जरूरी है। जो समाज के लिए मूलभूत शिक्षा है, यहां



ब्रह्माकुमार भाई-बहनें आठ दशकों से प्रेक्टिस कर रहे हैं। सम्मेलन में भाग लेने के लिए देशभर से 400 से अधिक शिक्षाविद पहुंचे है।उन्होंने कहा कि पाश्चात्य यदि जीवन को पटरी पर रखता तो शायद आज विश्व का पर्यावरण इतना खराब नहीं होता। भारत के सामान्य लोगों और जीवन में आध्यात्मिकता भरी पड़ी है। यहां बैठे शिक्षाविद् यदि और कोई क्षेत्र का चुनाव करते तो शायद आपका भौतिक विकास बहुत अच्छा होता लेकिन आपने समाज को परिवर्तन करने के लिए शिक्षा का क्षेत्र चुना और शिक्षक बने। उन्होंने कहा कि जब भारत आजादी की शताब्दी मना रहा होगा, वहीं ब्रह्माकुमारीज़ लोगों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा के माध्यम से नया दिग्दर्शन देने के लिए समर्पित रूप से लगा होगा। ब्रह्माकुमारीज़ की वैल्यु एजुकेशन के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से झलकती है। आज हम शिक्षा प्रभाग की नई इनीशिएटिव की शुरू कर रहे है जो आज के समय के लिए बहुत जरूरी है। लीप प्रोग्राम का उद्देश्य ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करना है जिनका जीवन मूल्यों से जुड़ा हो।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि 1937 के उस दौर में अखंड भारत देश का एक तबका आजादी की लड़ाई में लगा था वहीं ब्रह्मा बाबा ने सपना देखा कि यदि हमारा देश आजाद होगा तो उसका क्या भविष्य होगा। देश आजाद हो जाने से स्वराज मिल सकता है, स्वराज्य नहीं आ जाएगा। इसलिए उन्होंने लोगों को आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ विश्व विद्यालय की नींव रखी। शिक्षा को आध्यात्मिकता से जोड़ने की पहल शुरू की।

# पहलगाम आतंकी हमले के पीछे का मकसद देश के लोगों को बांटना था-राहुल गांधी

एजेंसी

**श्रीनगर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे का मकसद देश के लोगों को बांटना था और यह जरूरी है कि भारत आतंकवाद को हमेशा के लिए हराने के लिए एकजुट हो।

राहुल गांधी ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि यह एक भयानक त्रासदी है और मैं यहां यह जानने आया हूं कि क्या हो रहा है और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक कृत्य की निंदा की है। उन्होंने राष्ट्र का पूरा समर्थन किया है। कांग्रेस नेता शुक्रवार सुबह श्रीनगर पहुंचे और घायलों का हालचाल जानने के लिए बादामीबाग छावनी स्थित सेना के 92 बेस अस्पताल गए। उन्होंने कहा कि मैंने घायलों में से एक से मुलाकात की, मैं अन्य लोगों से नहीं मिल सका क्योंकि वह वापस चले गए थे। जिन लोगों ने



अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, उनके प्रति मेरा प्यार और स्नेह। मैं चाहता हूं कि सभी को पता चले कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। दिल्ली में गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एकजुट विपक्ष ने आतंकी हमले की निंदा की है और वह सरकार के साथ है। राहुल गांधी ने कहा कि जो कुछ हुआ है उसके पीछे समाज को बांटने, भाई को भाई से लड़ाने का विचार है और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट हो, साथ खड़ा हो ताकि हम आतंकवादियों की कोशिशों को हरा सकें। अपने दौरे के दौरान कांग्रेस नेता ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भी मुलाकात की और दोनों ने उन्हें घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैंने उन दोनों को आश्वासन दिया कि मैं और हमारी पार्टी उनका समर्थन करेंगे। देश के अन्य हिस्सों में कश्मीरियों के कथित उत्पीड़न पर राहुल गांधी ने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि कुछ लोग कश्मीर के मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम सभी एक साथ खड़े हों, एकजुट हों और इस घिनौनी कार्रवाई का मुकाबला करें और आतंकवाद को हमेशा के लिए हरा दें।

## विद्युत भार वृद्धि की प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्युत भार वृद्धि (लोड बढ़ाने) की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। उपभोक्ताओं की सुविधा को सर्वोपरि रखने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने निर्देशित किया है कि लोड बढ़ाने की प्रक्रिया में उपभोक्ता को कोई परेशानी न हो। तत्काल लोड बढ़ाया जाए। अब लोड बढ़ाने के लिए उपभोक्ताओं को विभागीय काउंटर पर जाने की जरूरत नहीं होगी। वहां कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। लोड बढ़ाने के लिये ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। www.uppcl.org पर उपलब्ध लोड परिवर्तन अनुरोध लिंक के माध्यम से कोई भी उपभोक्ता आवेदन कर सकेगा। जन सुविधा केंद्रों से भी यह प्रक्रिया संभव है।

**लोड बढ़ाना अब आसान**

उपभोक्ता किसी भी सीमा और किसी भी श्रेणी में लोड बढ़ाने का आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं।

इसके लिए जरूरी दस्तावेज जैसे बंध पत्र, क्रय फॉर्म, विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुबंध पत्र ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

बल्क लोड स्वीकृति की प्रक्रिया भी ऑनलाइन

अब बहुमंजिला इमारतों एवं कालोनियों के इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु बल्क लोड की स्वीकृति की प्रक्रिया भी ऑनलाइन कर दी गयी है। यह आगामी 1 मई से प्रारम्भ हो जाएगी।

## मप्र के शिवपुरी में वायुसेना के विमान से गिरा भारी धातु का टुकड़ा, मकान की छत टूटी

एजेंसी

**भोपाल/शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित पिछोर कस्बे में सुबह एक शिकंक के मकान पर आसमान से एक भारी भरकम धातु का टुकड़ा आकर गिरा। इससे मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मकान की छत गिर गई। दीवारों में दरारें आ गईं। साथ ही जमीन पर करीब आठ फीट का गड्ढा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम के अलावा ग्वालियर से वायुसेना की टीम भी जांच के लिए मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि वायु सेना के विमान से एक गैर विस्फोटक चीज मकान पर गिरी है। भारतीय वायु सेना की ओर से इस घटना के लिए खेद जताया गया है। वायु सेना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि वायु सेना शिवपुरी के पास उसके विमान से गलती से गिरे गैर विस्फोटक सामान के कारण संपत्ति को हुए नुकसान पर खेद व्यक्त करती है। घटना की जांच के लिए समिति का गठन किया गया है। दरअसल, घटना सुबह करीब 11 बजे पिछोर कस्बे की ठाकुर बाबा कॉलोनी में हुई। मकान मालिक मनोज सगर ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे हमारे मकान पर आसमान से भारी चीज तेज आवाज के साथ आकर गिरी। बाहर के दो कमरे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घर में हम चार सदस्य मौजूद थे।

अंदर होने की वजह से सभी सुरक्षित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वस्तु एक फाइटर जेट से गिरी थी, जिसकी वजह से मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस ने मकान को सील कर जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पिछोर थाना प्रभारी जितेंद्र मावई ने बताया कि घटना स्थल पर बारूद जैसी गंध आई। प्रारंभिक जांच में लग रहा है कि वस्तु संभवतः किसी फाइटर प्लेन से गिरी हो सकती है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय रहवासी आशंकित हैं। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के मुताबिक स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 11 बजे आसमान में फाइटर प्लेन की आवाज सुनी, ऊपर प्लेन देखा भी है। उससे कोई तीन साढ़े तीन फीट की वस्तु नीचे गिरी है। नीचे गिरने के बाद गड्ढा हो गया और वह चीज भी टुकड़ों में बंट गई। एयरफोर्स की टीम घटनास्थल पर पहुंचेगी, वहीं बता पाएंगे कि ये क्या था। घटना की जानकारी मिलने के बाद दोपहर बाद ग्वालियर से वायुसेना की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। टीम ने प्लेन से गिरी भारी भरकम धातु के टुकड़ों को एकत्रित किया। जिस जगह धातु का टुकड़ा गिरा, वहां जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया।



# बोर्ड की परीक्षा के आखिरी दिनों में रिवीजन के लिए अपनाएं ये टिप्स

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं परीक्षा 2022 का शेड्यूल जारी हो गया है और 26 अप्रैल से परीक्षाएं शुरू होंगी। परीक्षा के लिए छात्रों के पास एक महीने से भी कम का समय बचा है और छात्रों ने तैयारी को सम-अप कर लिया है। चाहे कितनी भी तैयारी हो छात्र अक्सर टेंशन में आ जाते हैं और उनकी तैयारी में गड़बड़ हो ही जाती है। इसके लिए आवश्यक है बेहतर रिवीजन टिप्स और स्ट्रेटेजी की। आइए जानते हैं कि छात्र किन टिप्स की मदद से आखिरी समय में छात्र रिवीजन कर सकते हैं जिससे उन्हें बेहतर अंक प्राप्त होंगे।

## सभी विषयों को समय दें

रिवीजन करते समय प्रत्येक विषय के लिए समय निकालने का अर्थ है कि आप सभी विषयों पर ध्यान दे रहे हैं। छात्र हर दिन हर विषय के लिए एक चैप्टर या एक दिन में एक विषय के सभी चैप्टर को रिवाइज करके समय को विभाजित कर सकते हैं। हर विषय का एक चैप्टर रोज रिवाइज करना बेहतर हो सकता है क्योंकि यह आपको बोर नहीं होने देगा। आप उन विषयों के साथ भी रिवीजन शुरू कर सकते हैं जिनमें आप पहले से ही अच्छे हैं। यह आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करेगा और आपको अन्य विषयों के लिए बेहतर तैयारी करने में भी मदद करेगा।

## महत्वपूर्ण विषयों को अच्छी तरह से रिवाइज करें

हालांकि आपको पूरे सिलेबस को रिवाइज करना होगा लेकिन महत्वपूर्ण विषयों को बार-बार रिवाइज करना बेहद जरूरी है। महत्वपूर्ण विषयों में वे भाग शामिल हैं जिनमें अंकों का वेटेज ज्यादा है।

## पुराने पेपर और सैंपल पेपर की प्रैक्टिस करें

सब कुछ जानना और परीक्षा में न लिख पाना एक आम समस्या है जिसका सामना कई छात्रों को करना पड़ता है। लेकिन इस समस्या से लड़ने के लिए छात्र हर हफ्ते कुछ पुराने प्रश्न पत्र या सैंपल पेपर को हल करना शुरू कर सकते हैं। जब आप परीक्षा के दिन उपस्थित होते हैं तो यह आपको टाइम मैनेजमेंट करने में भी मदद करता है।

## पढ़ाई के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें

जब परीक्षा नजदीक हो तो छात्र घंटों पढ़ाई करते हैं और ब्रेक लेना भूल जाते हैं। जिसके कारण छात्रों के बीच टेंशन और चिड़चिड़ापन जन्म ले लेता है। पढ़ाई जरूरी है लेकिन बीच-बीच में ब्रेक लेना भी उतना ही जरूरी है। लंच या डिनर करते समय आप कुछ सिटकॉम का एक छोटा एपिसोड देख सकते हैं। कभी-कभी बीच में झपकी लेने से भी आप ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं और अपने दिमाग को तरोताजा कर सकते हैं।



# इन टिप्स की मदद से क्लीयर कर पाएंगे एनडीए एग्जाम

भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए यूपीएससी नेशनल डिफेंस एकेडमी की परीक्षा आयोजित करने वाली है। परीक्षा में दो सेक्शन यानी मैथ्स और जनरल एबिलिटी टेस्ट से प्रश्न पूछे जाएंगे। जीएटी में 150 प्रश्न हैं, जिसमें अंग्रेजी के लिए 50 प्रश्न और सामान्य विज्ञान, भूगोल, इतिहास और राजनीति से संबंधित सामान्य ज्ञान के लिए 100 प्रश्न शामिल हैं। परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान किया गया है। हर साल लाखों छात्र इस परीक्षा में उपस्थित होते हैं लेकिन चांस उनको मिलता है जिनकी तैयारी बेहतर होती है। आइए इस लेख के माध्यम से जानत हैं कि किन टिप्स की मदद से छात्र इस परीक्षा को क्लियर कर सकते हैं।

## 11वीं और 12वीं की मैथ्स की बेहतर प्रैक्टिस

एनडीए में हर साल 30 से 40 प्रतिशत प्रश्न एनसीईआरटी सिलेबस पर आधारित होते हैं इसलिए, इसकी बेहतर तैयारी से परीक्षार्थी अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। 11वीं और 12वीं की मैथ्स को अच्छे से पढ़िए और पढ़ने उसके बाद उसका रिवीजन भी करिए। ऐसा करने से आप अपनी कमजोरियों पर काम भी कर पाएंगे।

## मॉक टेस्ट और पिछले साल के पेपर से करें तैयारी

पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों और मॉक टेस्ट के माध्यम से तैयारी करने पर परीक्षार्थियों को अच्छे अंक मिल सकते हैं। पिछले वर्ष के प्रश्न पत्रों की मदद से ना सिर्फ तैयारी अच्छी होती है बल्कि परीक्षार्थी को परीक्षाके बारे में जानकेरी भी प्राप्तहोती है। इसके साथ ही मॉक टेस्ट देने से आप परीक्षा हॉल के अनुरूप तैयारी कर सकते हैं। मॉक टेस्ट और पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र आपको आपकी कमजोरियां आंकने में भी मदद करता है।

## मैथ्स और जीएटी के लिए रेफरेंस किताबों का इस्तेमाल करें

जब गएक्टइ से तैयारी हो जाए गए तो रिवीजन के लिए संदर्भ यानी रेफरेंस पुस्तकों का इस्तेमाल करें। इन किताबों की मदद से आप कम समय में बेहतर रिवीजन कर पाएंगे। मैथ्स के शॉर्ट ट्रिक्स में दक्षता हासिल करने के लिएहर दिन कुछ नया पढ़ें।

## हाइड्रेटेड रहें

परीक्षा की तैयारी करते समय स्वास्थ्य का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। टेंशन छोड़ दें और स्वास्थ्य का ख्याल रखें। ठीक प्रकार से भोजन करें और खुद को हाइड्रेटेड रखें और तैयारी में ध्यान लगाएं।

## टाइम मैनेजमेंट का ध्यान रखें

परीक्षा की तैयारी करना अलग बात है और परीक्षा में सारे प्रश्न अटेम्प्ट करना अलग। कितनी भी तैयारी क्यों ना हो अगर सारे प्रश्न का उत्तर नहीं लिख पाते तो सारी मेहनत बेकार है। ऐसे में जरूरी है कि टाइम मैनेजमेंट का भरपूर ध्यान रखा जाए और टाइम मैनेजमेंट के लिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस की जाए।




# प्रोफेशन के तौर पर काम आरंभ कर सकते हैं मार्केट रिसर्च

**रोज बदलते बाजार का रुख जानना किसी भी व्यवसाय की प्रगति के लिए बेहद आवश्यक है। बाजार के ट्रेंड के इतर कोई विकास नहीं कर सकता। यही कारण है कि खाद्य पदार्थों, सीरियल और जूते की कंपनी से लेकर सरकारी योजनाओं तक में मार्केट रिसर्चर की मांग रहती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह क्षेत्र निरंतर विस्तार कर रहा है और आने वाले समय में इसमें नौकरियों की भरमार होगी। लोगों की किसी खास उत्पाद या वस्तु, नई योजनाओं आदि को लेकर प्रतिक्रिया, पसंद-नापसंद का अध्ययन मार्केट रिसर्चर का काम होता है। एक मार्केट रिसर्च प्रोफेशनल सप्लायर की ओर से भी काम कर सकता है और क्लाइंट की ओर से भी।**



आप भी मार्केट रिसर्च प्रोफेशनल के तौर पर काम आरंभ कर सकते हैं। खास बात यह है कि ऐसा नहीं है कि कोई खास डिग्री हासिल करने के बाद ही आप ये काम करें, बल्कि स्नातक करते हुए भी आप रिसर्च के क्षेत्र में कदम रख सकते हैं। अगर जल्दी काम करना शुरू करेंगे, तो पढ़ाई के साथ-साथ आप इस क्षेत्र से जुड़ी आवश्यकताओं को समझ पाएंगे और फिर संबंधित विषयों को पढ़ कर अपनी जॉब पात्रता को अधिक मजबूत बना सकेंगे। उस अनुभव का फायदा आपको प्रोफेशनल जीवन में मिलेगा।

## क्यों है यह क्षेत्र खास

पहले इनकी मांग विदेशों में ही अधिक होती थी, लेकिन अब वैश्विक स्तर पर इस तरह के विशेषज्ञों की मांग है। रिसर्च कराने का यह ट्रेंड पिछले 5 सालों में तेजी से बदला है। आज हर तरह के व्यवसाय के लिए मार्केट रिसर्च एक अहम पहलू बन गया है। यह व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए आवश्यक माना जाने लगा है। मार्केट रिसर्च में बाजार और ग्राहकों से संबंधित सूचनाएं एकत्रित की जाती हैं। जब मार्केट रिसर्च के परिणाम सामने आते हैं तो उसके आधार पर कंपनियां पैकेजिंग आदि से संबंधित फैसले लेती हैं और कंपनी अपने उत्पादों का प्रचार आदि भी मार्केट रिसर्च के आधार पर ही करना तय करती है। कई बार तो इस बात के लिए भी रिसर्च की जाती है कि ग्राहकों को क्या पसंद है और किन चीजों को वो किन कारणों से पसंद करते हैं। चूंकि आज ग्राहकों की पसंद काफी बदल गई है और बाजार में काफी प्रतियोगिता भी है, इसलिए ग्राहकों की मांग को जानने के लिए हर कंपनी इस तरह के शोध कराती है। नियमित तौर पर बदलते बाजार ट्रेंड को इनके जरिए जाना जा सकता है। सिर्फ कॉरपोरेट जगत में ही नही, बल्कि सरकारी योजनाओं को लागू करने से पहले आंकड़े जुटाए जाते हैं। राजनीतिज्ञ भी चुनाव से पहले रिसर्चर्स की मदद लेते हैं और किसी योजना को लागू करने के बाद उसके परिणामों को जानने तक में रिसर्चर ही अंतिम काम करते हैं।

## कितनी तरह की रिसर्च

हर तरह की कंपनियां यह रिसर्च कराती हैं। इसके अलावा सरकारी एजेंसियां, राजनीतिज्ञ, सेवा प्रदाता कंपनियां भी रिसर्च कराती हैं। इसका क्षेत्र काफी बृहद है। इस तरह के रिसर्च का परिणाम सर्वे डिजाइनर्स तैयार करते हैं।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए पहली योग्यता है किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से बीबीए की डिग्री। किसी भी विषय में 12वीं करने के बाद आप बीबीए कर सकते हैं। इसके आगे एमबीए की पढ़ाई कर सकते हैं। इसमें डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के विकल्प भी मौजूद हैं। और मास्टर्स स्तर पर मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का कोर्स कराया जाता है।

## नौकरी के अवसर

मार्केट रिसर्च में नौकरी के लिए स्नातक होना आवश्यक है। इसके अलावा अंग्रेजी पर अच्छी कमांड होनी चाहिए। मार्केटिंग, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, सोशोलॉजी में पढ़ाई काफी मददगार साबित होती है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। स्नातक के बाद आपको ट्रेनी की नौकरी मिल जाती है। इन्हें कोडर्स भी कहा जाता है। इसके बाद इंटरव्यूअर्स या रिसर्च असिस्टेंट की पोस्ट मिलती है। इसके बाद सीनियर पोस्ट आती हैं।

## कितना कमा सकते हैं

मार्केट रिसर्च में शुरुआती दौर में आप 15,000 रुपए प्रतिमाह तक कमा सकते हैं। इसके बाद पद के हिसाब से 5 से 15 लाख तक का सालाना पैकेज बढ़ता जाता है।

## कैसे की जाती है मार्केट रिसर्च

कस्टमर एनालिसिस, रिस्क एनालिसिस, उत्पाद रिसर्च, विज्ञापन रिसर्च आदि की मदद से मार्केट की रिसर्च की जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तेजी से विकास करते उद्यमों में से एक है और भविष्य में इस क्षेत्र में कई गुना नौकरियों की संभावना का विस्तार होगा। सबसे पहले पिछली बिक्री के डाटा लिए जाते हैं और उनका अध्ययन किया जाता है। प्रतियोगियों के बारे में जानकारी, विभिन्न उत्पादों के दाम और उनके मार्केटिंग के तरीकों, वितरण के तरीकों का अध्ययन किया जाता है। फिर ग्राहकों से बात की जाती है। इसके लिए उनसे क्वेश्चनेयर भरवाए जाते हैं, उन्हें फोन किए जाते हैं, इंटरनेट सर्वे और पर्सनल इंटरव्यू लिए जाते हैं। फिर सारी जानकारियां जुटा कर उत्पाद के दाम, बिक्री, मार्केटिंग, वितरण आदि का विश्लेषण होता है। इस पूरी प्रक्रिया में मार्केट रिसर्चर जिन विधियों को चाहे, उनका प्रयोग कर डाटा एकत्रित कर सकता है। ज्यादातर इसके लिए टेलीफोन, मेल या इंटरनेट सर्वे भी किए जाते हैं। इनके अलावा इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन या पब्लिक प्लेस में बूथ आदि लगा कर भी सर्वे होते हैं।

## ये स्किल्स हैं आवश्यक

- कम्युनिकेशन स्किल्स
- रचनात्मकता
- सेल्समेनशिप
- डाटा एकत्रित करना
- टीमवर्क
- विश्लेषण क्षमता
- लगन

## ये होते हैं पद

इस क्षेत्र में कदम रखने के बाद आप फील्ड वर्क से शुरुआत कर सकते हैं, इसके बाद वाइस प्रेसिडेंट ऑफ मार्केटिंग रिसर्च के पद तक पहुंच सकते हैं।



# बेहतर विकल्प के तौर पर उभर रहा है वीडियो एडिटिंग करियर

आज के दौर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और मनोरंजन जगत का विस्तार तेजी से हो रहा है। ऐसे में वीडियो एडिटिंग करियर के एक बेहतर विकल्प के तौर पर उभर रहा है।

## जॉब प्रोफाइल

अलग-अलग कई वीडियो को एक वीडियो बनाना, खराब दृश्यों में सुधार करना, साउंडट्रैक जोड़ना जैसे कार्य एक वीडियो एडिटर के जिम्मे होते हैं। एक वीडियो एडिटर का मुख्य काम किसी भी मोशन पिक्चर, केबल या ब्रॉडकास्ट विजुअल मीडिया इंडस्ट्री के लिए साउंडट्रैक, फिल्म और वीडियो का संपादन करना होता है। वीडियो एडिटर का कौशल ही फाइनल प्रोडक्ट की गुणवत्ता और डिलीवरी तय करता है। इसकी खास बात यह है कि बिना किसी औपचारिक शिक्षा के भी युवा इसे करियर विकल्प के तौर पर चुन सकते हैं। डिजिटल वीडियो एडिटिंग में करियर बनाने के लिए एक व्यक्ति के पास इसके लिए जरूरी कंप्यूटर सिस्टम और प्रोग्राम्स की ट्रेनिंग प्राप्त होना जरूरी है।

## क्या करता है वीडियो एडिटर

किसी भी फिल्म के निर्माण के दौरान रॉ फुटेज शूट के संपादन का काम एक वीडियो एडिटर के जिम्मे होता है। आधुनिक वीडियो डिजिटल कैमरे के बढ़ते इस्तेमाल से पहले फिल्म फुटेज को असली स्ट्रिप्स (पट्टियों) पर शूट किया जाता था। उस वक्त वीडियो एडिटर्स को हाथ से उन्हें काटना पड़ता था और कई दृश्यों को एक साथ जोड़ना पड़ता था। एक वीडियो एडिटर को आमतौर पर निर्देशक या निर्माता के साथ बैठकर घंटों तक शूट किए गए रॉ फुटेज को देखना होता है। फिर उनके साथ मिलकर यह निर्धारित करना होता है कि कौन-सा दृश्य रखना है और कौन सा हटाना है।

## रोजगार के अवसर

- फिल्म, टीवी और म्यूजिक प्रोडक्शन
- फिल्म और टीवी की मार्केटिंग और डिस्ट्रिब्यूशन
- फिल्म प्रोडक्शन, डिस्ट्रिब्यूशन या थियेटर संबंधी पर्सनल या फैमिली बिजनेस।
- पोस्ट प्रोडक्शन स्टूडियो
- कॉर्पोरेट एप्लायर (कॉर्पोरेट ट्रेनिंग वीडियो)
- विज्ञापन

## कोर्स का विवरण

वर्तमान में वीडियो या फिल्म एडिटिंग का कोर्स भारत के लगभग सभी प्रतिष्ठित फिल्म संस्थानों में उपलब्ध है। ये कोर्सेज सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा स्तर पर कराए जाते हैं। इन कोर्सेज का लक्ष्य फिल्म एडिटिंग के सभी पहलुओं जैसे नॉन-लीनियर एडिटिंग, प्रोफेशनल एडिटिंग, कैमरा बेसिक्स, ग्राफिक्स और स्पेशल इफेक्ट टेक्नीक्स इत्यादि की शिक्षा छात्रों को मुहैया कराना है।

फिल्म या वीडियो एडिटिंग के अंडरग्रेजुएट कोर्स में एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों का 12वीं पास होना जरूरी है और पीजी डिप्लोमा कोर्स के लिए संबंधित स्ट्रीम में ग्रेजुएट होना अनिवार्य शर्त है। वीडियो एडिटर के असिस्टेंट के तौर पर काम शुरू करने के लिए बैचलर डिग्री काफी है।

## वेतन

शुरुआती तौर पर अभ्यर्थी 7,000 से 10,000 रुपये तक कमा सकते हैं। दो से तीन साल का अनुभव प्राप्त करने के बाद वेतन 15,000 से 25,000 रुपये तक बढ़ सकता है। बेहद अनुभवी वीडियो एडिटर छह अंकों वाली उम्दा सैलरी की भी उम्मीद कर सकते हैं।

## रोजगार की संभावनाएं



भारत में हर साल 1000 से ज्यादा फिल्में बनाई जाती हैं, जो भारत को सबसे ज्यादा फिल्म बनाने वाले देशों में से एक बनाती हैं। फिल्म निर्माण के लिए एडिटिंग मौलिक जरूरत है, इसलिए कुशल वीडियो संपादकों की मांग आने वाले दशकों में घटने वाली नहीं है। वीडियो एडिटर के तौर पर एक व्यक्ति फीचर या नॉन फीचर फिल्मों, डॉक्युमेंट्री, विज्ञापनों और टीवी कार्यक्रमों में रोजगार तलाश कर सकता है। मोशन पिक्चर इंडस्ट्री में असिस्टेंट एडिटर से एडिटर के पद तक प्रमोशन पा सकते हैं। इसके अलावा किसी फिल्म स्कूल, टेक्निकल स्कूल या यूनिवर्सिटी में पढ़ाने का काम भी कर सकते हैं।



## ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम

**एजेंसी**

**पर्थ।** एक महीने लंबे सीनियर नेशनल कैंप के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम 26 अप्रैल से 4 मई के बीच पर्थ हॉकी स्टेडियम में पांच मुकाबले खेलेगी, जिनमें शुरुआती दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होंगे, जबकि शेष तीन मुकाबले 1, 2 और 4 मई को विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां टीम ने आठ मैचों में दो जीत और एक शूटआउट जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट का अंत टीम ने शानदार अंदाज में किया, जब उन्होंने विश्व नंबर-1 नीदरलैंड्स को 2-2 ड्रॉ के बाद शूटआउट में हराकर बोनस प्वाइंट हासिल किया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने इस श्रृंखला के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसकी कमान सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि नवनीत कौर उप-कप्तान होंगी। युवा ड्रैग फ्लिकर दीपिका बेहतरीन फॉर्म में हैं, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग के दौरान तीन गोल दागे थे।

## केयर्न ने केजी बेसिन में अन्वेषण के लिए ईएमजीएस के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** तेल एवं गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस ने कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन में गहरे पानी में हाइड्रोकार्बन की खोज के लिए नॉर्वे की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक जियोसर्विसेज़ (ईएमजीएस) के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह साझेदारी केयर्न के पूर्वी तट स्थित अपतटीय ब्लॉक केजीडीडब्ल्यूएचपी-2017/1 में 3डी कंट्रोल्ड सोर्स इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सर्वेक्षण कराने के लिए की गई है। यह तकनीक उपसतही प्रतिरोधकता को मैप करके हाइड्रोकार्बन की पहचान की सटीकता बढ़ाने में मदद करती है। ईएमजीएस का पोत 'अटलांटिक गार्जियन' इस समय ÷डीप ब्लू÷ स्रोत प्रणाली का उपयोग करके सर्वेक्षण के लिए डेटा एकत्र कर रहा है। यह डेटा हाल ही में पुनः संसाधित 3डी भूकंपीय (सीस्मिक) डेटा के साथ मिलाकर केजी ब्लॉक में संभावनाओं की पहचान करने, उन्हें प्राथमिकता देने और उपसतही मॉडल को और अधिक सटीक बनाने में मदद करेगा।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित, नीरज चोपड़ा नहीं लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भाला फेंक में मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा दक्षिण कोरिया के गुमी में 27 से 31 मई तक होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगे। कोच्चि में फेडरेशन कप के समापन के बादभारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा घोषित टीम में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज का नाम नहीं था। नीरज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे।

200 मीटर : अनिमेष कुजूर, 800 मीटरः अनु कुमार, कृष्ण कुमार, 1500 मीटरः यूनुस शाह, 3000 मीटर स्टीपलचेज़ः अविनाश साबले, 5000 मीटरः गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल, 10,000 मीटरः गुलवीर सिंह, सावन बरवाल, ट्रिपल जंपः प्रवीण चित्रवेल, अब्दुल्ला अबूबकर, ऊंची कूद÷ सर्वेश कुशारे, भाला फेंकः सचिन यादव, यश वीर सिंह, शॉट पुटः समरदीप सिंह, डेकाथलॉनः तेजस्विन शंकर, 20 किमी रेस वॉकः सर्विन सेबेस्टियन, अमित, 4×100 मीटरः प्रणव प्रमोद, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर, अमलान बोरगोहेन, तमिलरासु, रागुल कुमार, गुरिंदरवीर सिंह, 4×400 मीटरः विशाल टीके, जय कुमार, मनु टीएस, धर्मवीर चौधरी, रिंस जोसेफ, तुषार कांति, संतोष कुमार, मोहित कुमार।

## ...और कोहली ने जोड़ दिए थे हाथ, दिर्नेश कार्तिक बोले- मैं विराट के बारे में बात...

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की प्रशंसा की। कार्तिक ने कहा कि 18 साल तक लगातार शानदार प्रदर्शन करना आसान नहीं है और आईपीएल में ऐसी निरंतरता के लिए मजबूत इच्छाशक्ति जरूरी है। कार्तिक का यह बयान उस वाक्ये के बाद आया है जिसमें सोशल मीडिया पर ऐसी वीडियोज वायरल हैं जिसमें वह कोहली को कुछ बोलते नजर आ रहे हैं तो वहीं, विराट उनकी बात नकारते हुए दिख रहे हैं। कोहली ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 के 42वें मैच में 42 गेंदों पर 70 रन बनाए थे और आरसीबी को 206 रनों के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया था। कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन जोफ्रा आर्चर ने उन्हें आउट कर दिया। आरसीबी द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कार्तिक ने कोहली की 18 साल की आईपीएल यात्रा में उनकी असाधारण निरंतरता की सराहना की। कार्तिक ने यह भी बताया कि कोहली ने स्वीकार किया कि बेंगलुरु में शुरुआती मैचों के बाद वह बेहतर फैसले ले सकते थे। दिनेश कार्तिक ने विराट कोहली की 18 साल की आईपीएल यात्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने लंबे समय तक लगातार शानदार प्रदर्शन करना उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। कार्तिक ने बताया कि कोहली ने बेंगलुरु में शुरुआती तीन मैचों के बाद स्वीकार किया कि वह बेहतर निर्णय ले सकते थे और प्रशंसकों की भावनाओं को गहराई से महसूस किया।

# महिला त्रिकोणीय सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा भारत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को कोलंबो में महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह सीरीज इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां खासतौर पर गेंदबाजी संयोजन को परखने पर जोर रहेगा। बल्लेबाजी विभाग फिलहाल काफी संतुलित और मजबूत नजर आ रहा है। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका की है। भारतीय टीम इस समय तेज गेंदबाजी संसाधनों की चुनौती से जूझ रही है। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तीतास साधु चोटिल हैं, जिससे टीम को अरुंधति रेड्डी और ऑलराउंडर अमनजोत कौर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। तेज गेंदबाजों के सीमित विकल्पों के बीच कप्तान हरमनप्रीत कौर युवा तेज गेंदबाज काश्वी गौतम को भी मौका



देकर परखना चाहेंगी। काश्वी ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने नौ मैचों में 6.45 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट झटके थे। उनकी फॉर्म भारतीय टीम के लिए उत्साहजनक संकेत है। प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिचों को देखते हुए भारतीय टीम का भरोसा स्पिनरों पर होगा। सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के साथ मुंबई इंडियंस की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी भी 50 ओवरों में से 30 ओवर तक गेंदबाजी कर सकती हैं। ऑलराउंडर अमनजोत कौर भी जरूरत पड़ने पर अपने ऑफ ब्रेक से गेंदबाजी आक्रमण को विविधता दे सकती हैं। टीम की बल्लेबाजी इकाई में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना, पावर-हिटर ऋचा घोष, भरोसेमंद जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देओल शामिल हैं, जो टीम को स्थिरता और आक्रामकता दोनों प्रदान करते हैं। हालांकि एक बार फिर शैफाली वर्मा को चयनकर्ताओं ने नजरअंदाज किया है, लेकिन दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर की ऑलराउंड क्षमताएं भारत को गहराई प्रदान करती हैं। सही दिन पर भारतीय टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को आसानी से पटखनी दे सकती है। मेजबान श्रीलंका ने इस श्रृंखला के लिए अपनी टीम में छह बदलाव किए हैं, जिसमें चार अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। अनुभवी बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रानावीरा की वापसी से टीम को मजबूती मिली है। उनके साथ सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी और कविशा दिलहारी जैसे अन्य स्पिनर भी भारतीय बल्लेबाजों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। भारतीय टीम वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ अपने पिछले छह वनडे मुकाबले जीतकर इस त्रिकोणीय सीरीज में उतर रही है। ऐसे में आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय महिला ब्रिगेड से एक दमदार शुरुआत की उम्मीद की जा रही है, ताकि विश्व कप की तैयारी को एक ठोस दिशा दी जा सके।

## हैदराबाद से मिली हार के बाद धोनी ने कहा–हम 15–20 रन पीछे रह गए

**एजेंसी**

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल 2025 में एक और करारी हार झेलनी पड़ी। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हाथों 5 विकेट से हार के बाद कप्तान एमएस धोनी ने माना कि उनकी टीम कम से कम 15-20 रन पीछे रह गई। इस हार के साथ सीएसके ने अपने 9 में से 7 मैच गंवा दिए हैं और अंक तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है।धोनी ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हमने लगातार विकेट गंवाए। पहली पारी में विकेट थोड़ा बेहतर था और 154 रन न्यायोचित स्कोर नहीं था। आठवें-नौवें ओवर के बाद पिच थोड़ा धीमा जरूर हुआ, लेकिन ऐसा कुछ असामान्य नहीं था। रनिंग बेहतर होती तो हम कुछ और रन जोड़ सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि गेंदबाज़ों ने कोशिश की, खासकर स्पिनरों ने अच्छी गेंदबाज़ी की, लेकिन स्कोर छोटा था। धोनी ने टीम की एक बड़ी कमजोरी की ओर इशारा किया, उन्होंने कहा, हम मिडल ओवर्स में स्पिन के खिलाफ रन बनाने में संघर्ष कर रहे हैं। हमें या तो चतुराई से रन निकालने होंगे या बड़े शॉट लगाने होंगे। वहीं हम चूक रहे हैं। ये ओवर्स बेहद अहम होते हैं जहां 5-10 रन ज़्यादा बन सकते हैं। जहां एक ओर टीम का मिडल ऑर्डर लड़खड़ाता रहा, वहीं 21 वर्षीय डेवाल्ड ब्रेविस ने पहली बार मौका मिलने पर प्रभावित किया। उन्होंने सिर्फ 25 गेंदों में 42 रन बनाए और चार छक्के उड़ाए। धोनी ने उनकी तारीफ करते हुए कहा, ब्रेविस ने शानदार बल्लेबाज़ी की। हमें मिडल ऑर्डर में इसी तरह की पारी की जरूरत थी।ये पहली बार था जब एसआरएच ने चेपॉक में सीएसके को हराया। इस सीज़न में सीएसके ने अपने पांच में से चार होम मैच गंवाए हैं। अब अगला मुकाबला 30 अप्रैल को चेपॉक में ही पंजाब किंग्स के खिलाफ है।

## शैली सिंह ने तोड़ा 23 साल पुराना अंजू बॉबी जॉर्ज का रिकॉर्ड, बोलीं-यह तो बस शुरुआत है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए युवा लॉन्ग जम्पर शैली सिंह ने नेशनल फेडरेशन कप में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 6.64 मीटर की शानदार छलांग लगाकर दिग्गज एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज का 23 साल पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद शैली ने जो भावुक बयान दिया, उसने खेल प्रेमियों के दिल जीत लिए। रिकॉर्ड तोड़ने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए शैली सिंह ने एक आधिकारिक बयान में कहा,अंजू मैम का लंबे समय तक कायम रहा फेडरेशन कप रिकॉर्ड तोड़ना मेरे लिए गर्व का पल है। उनकी उपलब्धियां हमेशा मेरी प्रेरणा रही हैं और उनके नक्शेकदम पर चलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना



रहा है। यह रिकॉर्ड 23 वर्षों तक बना रहा, जो उनकी महानता को दर्शाता है और आज इस विरासत का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। शैली ने कहा, यह तो बस शुरुआत है। मैं इस उपलब्धि से संतुष्ट नहीं हूं। मेरा सपना है कि मैं भारतीय एथलेटिक्स को और भी ऊंचाइयों तक ले जाऊं। मैं लगातार मेहनत करती रहूंगी ताकि देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रोशन कर सकूं। वहीं, अपनी रिकॉर्डधारी शिष्या की उपलब्धि पर अंजू बॉबी जॉर्ज ने भी खुशी जताई और कहा, रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और शैली ने यह कारनामा कर दिखाया। उनकी तरक्की देखकर गर्व होता है। शैली भारतीय महिला एथलेटिक्स के उज्ज्वल भविष्य की मिसाल हैं।

शैली सिंह की यह ऐतिहासिक छलांग भारतीय एथलेटिक्स में एक नई उम्मीद की किरण लेकर आई है। उनका जुनून, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत इस बात का संकेत है कि भारतीय महिलाएं खेल जगत में वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाने को तैयार हैं। कुछ ही दिन पहले, उत्तर प्रदेश की इस युवा एथलीट ने 6.45 मीटर की छलांग लगाकर एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स के 6.41 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क को पार किया था। इसके बाद शुक्रवार (26 अप्रैल) को उन्होंने एर्नाकुलम के महाराजा कॉलेज ग्राउंड में इतिहास रचते हुए 6.64 मीटर की लंबी छलांग लगाई और अंजू बॉबी जॉर्ज का 2002 में बनाया गया 6.59 मीटर का मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया। गौरतलब है कि शैली का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6.76 मीटर का है, जो उन्होंने 2023 में हासिल किया था। यह भारत की महिला एथलीटों में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास है, जो अब भी अंजू बॉबी जॉर्ज के राष्ट्रीय रिकॉर्ड 6.83 मीटर से थोड़ा पीछे है।

## टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु में शामिल होने से पहले सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा-यह जीवन का उत्सव है

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एक बार फिर दौड़ के उत्सव में डूबने को तैयार है। प्रतिष्ठित टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु के 17वें संस्करण का आयोजन रविवार को होने जा रहा है, जिसमें लगभग 35,000 प्रतिभागी भाग लेंगे। खास बात यह है कि इस बार लोकसभा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विश्व एथलेटिक्स स्वर्ण मानक दौड़ में प्रतिभाग करेंगे। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद दौड़ में भाग लेने के निर्णय के पीछे की प्रेरणा के बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी सूर्या ने कहा, ऐसे कई लोग हैं जिनका जीवन मुझसे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है, फिर भी वे ऐसे धैर्य परीक्षण आयोजनों में भाग लेते हैं। मैंने उन महिलाओं को देखा है जो प्रसव के बाद, बच्चे की देखभाल करते हुए भी दौड़ में भाग लेती हैं। मैंने ऐसे लोगों को भी देखा है जो गंभीर बीमारियों, जीवन संकट से उबरकर दौड़ते हैं। ये सभी लोग हमें जीवन को नई आशा के साथ देखने की प्रेरणा देते हैं। 34 वर्षीय तेजस्वी ने बताया कि पिछले वर्ष गोवा में एक त्रैथलन प्रतियोगिता में मित्र के प्रोत्साहन से भाग लेने के बाद उन्हें धैर्यपूर्ण प्रतिस्पर्धाओं का शौक लग



गया। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा,व्यायाम सबसे बड़ा आनंद रसायन (डोपामिन) उत्पन्न करता है जो आप पा सकते हैं। यह सबसे स्वस्थ माध्यम से खुशी प्राप्त करने का छोटा मार्ग है और जीवन को देखने का एक नया दृष्टिकोण भी देता है। उन्होंने आगे कहा, यह जीवन का उत्सव है। दौड़ना, तैरना, अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलना-यह सब तभी संभव है जब आप जीवित हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि शारीरिक फिटनेस एक ऐसा कार्य है जिसे आप किसी और को नहीं सौंप सकते। जो परिश्रम आप करेंगे, उसका परिणाम आपको ही मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि शारीरिक फिटनेस से सीखे गए सबक वह अपने सार्वजनिक जीवन में कैसे अपनाते हैं, तो तेजस्वी ने स्पष्ट कहा, कुछ भी आसानी से और तुरंत नहीं मिलता। हर चीज के लिए धैर्य और सतत प्रयास करना आवश्यक है। आज की पीढ़ी त्वरित संतुष्टि की आदत से ग्रस्त है, जिसमें सामाजिक माध्यम (सोशल मीडिया) की बड़ी भूमिका है। लेकिन शारीरिक फिटनेस में कोई त्वरित मार्ग नहीं है। यदि आपको 10 किलोमीटर दौड़ पूरी करनी है, तो उसके लिए आपको पहले से ही नियमित अभ्यास करना पड़ेगा। टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु 2025 में इस वर्ष भी जोश और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जहां हर प्रतिभागी अपने कदमों से जीवन की ऊर्जा का उत्सव मनाता दिखाई देगा।

## कोपा डेल रे फाइनल 2025: रियल को तीसरी शर्मनाक हार देने उतरेगी बार्सिलोना, सेविला में होगा महामुकाबला!

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कोपा डेल रे 2025 का फाइनल मुकाबला शनिवार को (भारतीय समयानुसार रविवार) फुटबॉल की दो सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों–बार्सिलोना और रियल मैड्रिड–के बीच खेला जाएगा। शानदार फॉर्म में चल रही बार्सिलोना जहां सीज़न में रियल को तीसरी बार हराने का सपना देख रही है, वहीं संघर्ष कर रही रियल मैड्रिड की नज़र एक ट्रॉफीलेस सीज़न से बचने और प्रतिष्ठा बचाने पर होगी।बार्सिलोना ने इस सीज़न में रियल मैड्रिड को दो बड़े मुकाबलों में करारी शिकस्त दी है। अक्टूबर में ला लीगा के तहत सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में 4-0 की जीत और जनवरी में सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फाइनल में 5-2 से रियल को हराकर



बार्सा ने अपना दबदबा साफ कर दिया है। दोनों टीमें सेविला के प्रतिष्ठित ला कार्तूजा स्टेडियम में कोपा डेल रे फाइनल के लिए भिड़ेंगी। यह आठवीं बार होगा जब बार्सिलोना और रियल मैड्रिड इस टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगी। अब तक के सात फाइनल में रियल ने चार और बार्सिलोना ने तीन बार जीत हासिल की है। 2011 में जोसे मोरिन्हो की कोचिंग में रियल मैड्रिड ने 18 साल के लंबे इंतजार के बाद बार्सिलोना को एक्स्ट्रा टाइम में 1-0 से हराकर ट्रॉफी जीती थी, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो का हेडर गोल ऐतिहासिक बन गया। 2014 का फाइनल भी किसी रोमांचक फिल्म से कम नहीं था, जब गैरेथ बेल ने बाएं किनारे से करीब 50 मीटर की दौड़ लगाकर शानदार गोल दागा और अपनी टीम को 2-1 से जीत दिलाई। रियल मैड्रिड ने कोपा डेल रे खिताब 1936, 1975, 2011 और 2014 में जीता है, जबकि बार्सिलोना ने 1968, 1983 और 1990 में ट्रॉफी अपने नाम की है। बार्सिलोना अब तक 31 बार कोपा डेल रे जीत चुकी है।

## टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु: चेप्टेगेई की वापसी, करियर के नए अध्याय की शुरुआत

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की सड़कों से शुरू हुआ जोशुआ चेप्टेगेई का अंतरराष्ट्रीय सफर अब एक बार फिर इसी शहर में नया मोड़ लेने जा रहा है। दो बार के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर चेप्टेगेई 11 साल बाद टीसीएस वर्ल्ड 10के में हिस्सा ले रहे हैं और इस दौड़ को वे अपने करियर के नए अध्याय की शुरुआत मानते हैं। जोशुआ चेप्टेगेई के लिए बेंगलुरु और टीसीएस वर्ल्ड 10के इमोशनल मायने रखते हैं। साल 2014 में यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी और यहीं से उन्हें आत्मविश्वास मिला था, जिसके दम पर उन्होंने उसी साल वर्ल्ड जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10,000 मीटर का गोल्ड जीता था।

**अब रोड रेस है प्राथमिकता**

28 वर्षीय चेप्टेगेई अब ट्रैक को अलविदा कहकर रोड रेस पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, ÷मैंने ट्रैक पर काफी कुछ हासिल किया है। अब समय है आगे बढ़ने का। करियर के इस नए पड़ाव पर मुझे लगा कि मुझे वहीं से शुरुआत करनी चाहिए जहां से सब कुछ शुरू हुआ था - बेंगलुरु। चेप्टेगेई ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 10,000 मीटर में गोल्ड जीत को अपने करियर की सबसे खास उपलब्धि बताया। पिछली बार सिल्वर से संतोष करने वाले चैंपियन ने कहा, 10,000 मीटर मेरी सबसे पसंदीदा रेस है और मैं इसे बिना ओलंपिक गोल्ड के नहीं छोड़ सकता था।

## योग को खेल के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम, एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का हुआ भव्य शुभारंभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजधानी स्थित केडी जाधव इंडोर एरीना आज शाम एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना , जब 2वीं एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), योगासन भारत और एशियन योगासन फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में 20 से अधिक एशियाई देशों के 200 से ज्यादा उत्कृष्ट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया। उन्होंने कहा, ÷योग हमारे उपनिषदों की अनमोल देन है, जिसे हमारे ऋषियों ने संजोया और पूरे विश्व को एकता, स्वास्थ्य और अनुशासन का मार्ग दिखाया। आज योगासन स्पोर्ट जैसे आयोजनों के जरिए हम इस प्राचीन ज्ञान को वैश्विक आंदोलन में बदल रहे हैं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि




आने वाले समय में योगासन ओलंपिक स्तर पर एक मान्यता प्राप्त खेल के रूप में उभरेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और दिव्यांग एथलीट्स के राष्ट्रगान ने बांधा समां शुभारंभ समारोह में पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और दिव्यांग खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगान ने सभी का दिल जीत लिया। इसके बाद अरवाचिन स्कूल और ध्रुव ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने योग की आध्यात्मिक और शारीरिक भावना को दर्शाते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विशेष अतिथि के रूप में वर्ल्ड योगासन के अध्यक्ष योगऋषि स्वामी रामदेव ने अपने संबोधन में कहा, ÷योगासन केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं है, यह शरीर, इंद्रियों और मन को परिष्कृत करने की यात्रा है। जब इसे निरंतरता और श्रद्धा के साथ किया जाता है, तब यह साधक को दिव्यता की ओर ले जाता है। योग को खेल के रूप में अपनाना एक अच्छी शुरुआत है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल पदक नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और वैश्विक प्रेरणा होना चाहिए। समारोह में सभी प्रतिभागी देशों के कप्तानों का परिचय कराया गया और गणमान्य व्यक्तियों के साथ स्मृति चित्र भी लिए गए। जापान, चीन, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, मलेशिया, यूएई समेत कई देशों की उपस्थिति ने एशिया में योगासन की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाया।

## पाकिस्तान की पूर्व कप्तान निदा डार ने राष्ट्रीय चयन से वापस लिया नाम

**कराची ।** पाकिस्तान की महिला टीम की अनुभवी खिलाड़ी निदा डार ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण राष्ट्रीय चयन से नाम वापस ले लिया। पाकिस्तान क्रिकेट में अपनी तरह की इस पहली घटना में राष्ट्रीय महिला टीम की पूर्व कप्तान 39 वर्षीय निदा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया है। निदा ने लिखा, 'पिछले कुछ महीनों में मेरे आसपास व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बहुत कुछ हुआ है, जिसने मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला है। मैंने ऐसे में खुद पर ध्यान देने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं सभी से इस दौरान मेरी निजता का सम्मान करने की अनुरोध करती हूं। हरफनमौला निदा पाकिस्तान महिला क्रिकेट में सबसे पहचाने जाने वाले चेहरों में से एक है।

## आईपीएल 2025: सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई को 5 विकेट से दी मात, हर्षल पटेल चमके

**एजेंसी**

**चेपॉक(चेन्नई)।** चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एक रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराकर सीजन की तीसरी जीत दर्ज की। मैच में हर्षल पटेल ने 4 विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। हैदराबाद ने यह मुकाबला 8 गेंद शेष रहते अपने नाम कर लिया।

**हैदराबाद की शुरुआत लड़खड़ाई, ईशान और रेड्डी ने संभाली पारी**

155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद को पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। खलील अहमद ने अभिषेक शर्मा को शून्य पर आउट कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। ट्रेविस हेड (19) और हेनरिक क्लासेन (7) भी जल्दी पवेलियन लौट गए। ईशान किशन ने 44 रनों की अहम पारी खेली लेकिन नूर अहमद ने उन्हें और अनिकेत वर्मा (19) को आउट कर चेन्नई की वापसी की उम्मीदें जगा दीं।

हालांकि, अंत में नीतीश रेड्डी (19) और कामिंदु मेंडिस (32) ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए टीम को आठ गेंद शेष रहते पांच विकेट से जीत दिला दी। दोनों नाबाद लौटे।

**चेन्नई की बल्लेबाजी रही फीकी, ब्रेविस अर्धशतक से चूके**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत बेहद खराब रही। मोहम्मद शमी ने पहली गेंद पर शेख रशीद को शून्य पर आउट किया। सैम करन (6), आयुष म्हात्रे (30), दीपक हुड्डा (22) और रवींद्र जडेजा (21) ने छोटे-छोटे योगदान दिए लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका।

डेवाल्ड ब्रेविस ने 42 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाए। अपने 400वें टी20 मैच में उतरे एमएस धोनी सिर्फ 6 रन बना सके। पूरी टीम 20 ओवर में 154 रन ही बना सकी।

**हर्षल पटेल की घातक गेंदबाज़ी, चार विकेट झटके**

सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से हर्षल पटेल सबसे सफल गेंदबाज़ रहे। उन्होंने चार विकेट चटकाए और चेन्नई की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। पैट कमिंस और जयदेव उनादकट को दो-दो विकेट मिले जबकि मोहम्मद शमी और कामिंदु मेंडिस को एक-एक सफलता मिली।

## मैड्रिड ओपन 2025:सबालेंका ने जीत के साथ की शुरुआत, ज्वेरेव चमके, ओंस जबूर बाहर

**एजेंसी**

मैड्रिड। वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने मैड्रिड ओपन में अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत शानदार अंदाज में की। उन्होंने दूसरे दौर में रूस की अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। सबालेंका की यह इस टूर्नामेंट में कुल 18वीं जीत रही, जबकि उन्हें सिर्फ 4 बार हार मिली है। वह 2021 और 2023 में यह खिताब जीत चुकी हैं और पिछले साल स्वियातेक के खिलाफ उपविजेता रही थीं। मैच की शुरुआत में ही सबालेंका ने 5-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि उन्होंने एक ब्रेक गंवाया, लेकिन 48वें मिनट में तीसरे सेट प्वाइंट पर पहला सेट अपने नाम किया। दूसरा सेट पूरी तरह एकतरफा रहा, जिसमें उन्होंने शुरुआती ब्रेक के बाद बढ़त बनाए रखी। अब तीसरे दौर में उनका सामना एलिस मर्टेंस या कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो से होगा।

**क्ले पर भी सबालेंका का जलवा जारी:**हालांकि सबालेंका के तीनों ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट पर आए हैं, लेकिन उन्होंने क्ले कोर्ट पर भी दो फाइनल जीतकर अपनी ताकत साबित की है। उन्होंने माना कि फ्रेंच ओपन उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है, जहां वह 2023 में सेमीफाइनल और 2024 में क्वार्टरफाइनल में हार गई थीं। उन्होंने कहा, हर बार जब मैं रोलां गैरोज़ जाती हूं, तो यह एक चुनौती होती है, लेकिन मुझे ऐसी चुनौतियां पसंद हैं। उम्मीद है कि एक दिन वह खूबसूरत ट्रॉफी मेरी कलेक्शन में होगी।'

**ओंस जबूर पहले ही दौर में बाहर, सक्कारी का फॉर्म में लौटने का संकेत**

2022 की चैंपियन ट्यूनीशिया की ओंस जबूर पहले ही दौर में जापान की मोयुका उचिजिमा से 4-6, 6-3, 6-4 से हारकर बाहर हो गईं। वहीं ग्रीस की मारिया सक्कारी ने 29वीं सीड माग्दा लिनेट को 7-6(5), 6-3 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

**ज्वेरेव का दबदबा कायम, मैड्रिड कोर्ट को बताया पसंदीदा**

पुरुष वर्ग में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने स्पेन के रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 6-2, 6-2 से हराया। उन्होंने मैच में 32 विनर्स लगाए और सिर्फ 24 अनफोर्स्ड एरर किए। दो बार के मैड्रिड चैंपियन ज्वेरेव ने कहा, 'यह कोर्ट मेरी फेवरेट सेंटर कोर्ट है। मैंने यहां पूरी जिंदगी में सिर्फ दो मैच हारे हैं और उम्मीद है कि यह सिलसिला अगले 10 दिनों तक जारी रहेगा।' अगला मुकाबला उनका नूनो बोरजेस या डेविडोविच फोकिना से होगा।

**फेलिक्स ऑगर-अलियासिम की हार, अर्जेंटीनियाई खिलाड़ियों का जलवा:** पिछले साल के फाइनलिस्ट फेलिक्स ऑगर-अलियासिम पहले ही दौर में अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से 7-6(5), 6-4 से हार गए। इस हार के बाद वह टॉप 25 रैंकिंग से बाहर हो सकते हैं। वहीं, उनके भाई फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने क्वालिफायर हेरोल्ड मायोट को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना अपने ही देश के फ्रांसिस्को कोमेसाना से होगा, जिन्होंने 13वीं सीड आर्थर फिल्स को 7-6(4), 6-4 से हराया।

फ्रांस के आर्थर फिल्स ने क्ले कोर्ट पर पहली बार लागू हुई लाइव इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कोर्ट पर दिख रही बॉल मार्क और वीडियो में दिखाई जा रही पोजीशन मेल नहीं खातीं। कोमेसाना ने भी तकनीक की सटीकता पर सवाल उठाए, लेकिन फिर भी इसे लाइन जज और चेयर अंपायर से बेहतर विकल्प बताया।

'मां हमारी बेटी बनकर पैदा होगी', ठग सुकेश ने


# जैकलीन फर्नांडीज

## को फिर लिखा लव लेटर, मां की मौत पर कही ये बात



200 करोड़ की ठगी का आरोपी सुकेश चंद्रशेखर अक्सर ही बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज के लिए अपना प्यार जाहिर करते रहता है. अब उसने एक्ट्रेस को बाली द्वीप में ट्यूलिप गार्डन गिफ्ट किया है. इन दिनों सुकेश 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के केस में दिल्ली की जेल में सजा काट रहा है. कथित तौर पर उसके जैकलीन से संबंध रहे हैं. दोनों की प्राइवेट तस्वीरें भी वायरल हुई थीं जिन्होंने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया था.

सुकेश संग अपने रिश्ते पर जैकलीन ने कभी खुले तौर पर बात नहीं की. उन्होंने सुकेश पर गुमराह करने और धोखे में रखने के आरोप लगाए थे. हालांकि सुकेश के दिल में अब भी एक्ट्रेस के लिए बेशुमार प्यार हैं. वो जैकलीन के लिए आए दिन जेल से लेटर लिखता है. अब उसने फिर से एक्ट्रेस के लिए खत लिखा है जिसमें उसने बताया कि एक्ट्रेस की दिवंगत मां किम फर्नांडीज की याद में उसने जैकलीन को गार्डन गिफ्ट किया है. साथ ही कहा कि उनकी दिवंगत मां हमारी बेटी के रूप में जन्म लेंगी.



### सुकेश ने जैकलीन को गिफ्ट किया गार्डन

जैकलीन की मां का इसी महीने की 6 तारीख को हार्ट अटैक के बाद निधन हो गया था. इसके बाद सुकेश ने उनकी मां के प्रति संवेदना व्यक्त की और एक खत एक्ट्रेस के नाम लिखा. खत में सुकेश ने लिखा, मैंने बाली में उस द्वीप का एक बड़ा हिस्सा खरीदा है, जहां खेती चल रही थी, अब यह एक पूरी तरह से प्राइवेट गार्डन है, जिसका नाम किम गार्डन है और इसका मालिकाना हक जैकलीन फर्नांडीज का है. मैं आज आपको ईस्टर पर मां की याद में यह गार्डन गिफ्ट में दे रहा हूं. बेबी, मैं आपको सांत्वना देने और यह एहसास दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं कि मैं इस बुरे समय में आपके साथ हूं. आपके आस-पास के लोग वहां होने का दिखावा करेंगे, लेकिन केवल अपने उद्देश्यों के लिए, मुझे यकीन है कि आपको ये पता है.


### हमारी बेटी के रूप में जन्म लेंगी मां

सुकेश ने आगे लिखा, मां निश्चित रूप से हमारी बेटी के रूप में पुनर्जन्म लेंगी. बेबी, मैं सच में चाहता हूं कि आप अपने ईस्टर उपहार को देखने के लिए पिताजी के साथ जाए, जो मैं आज आपको दे रहा हूं, जो मां को डेडिकेट है, क्योंकि आप निश्चित रूप से उनकी उपस्थिति महसूस करेंगे.

### मैं ज्यादा दर्द में हूं

सुकेश ने खत में आगे कहा, बेबी गर्ल, माँ 'हमारे साथ', 'हमारे अंदर' और हमारे अभिभावक के रूप में हमारे आसपास हैं. मुझे पता है कि तुम किस दर्द से गुजर रही हो, लेकिन मेरे प्यार, मैं ज्यादा दर्द में हूं, क्योंकि, बहुत ही कम समय में, मैं तुम सभी की तुलना में मां के सबसे करीब हो गया. यह पचाना बहुत मुश्किल है कि वह बहुत जल्दी चली गई, और मैं उनके साथ, वहां नहीं था. याद करो मां मुझसे क्या कहती थी और 2021 में मेरे बर्थडे पर उन्होंने मुझे जो नोट लिखा था, मैं मां से किए गए वादे पर कायम रहूंगा.

## तलाक के बाद एक्स वाइफ को किस्तों में चुकाने पड़े पैसे, अब 1200 करोड़ का मालिक है ये सुपरस्टार



बॉलीवुड के कई एक्टर्स को तलाक के बाद एक्स वाइफ को एलिमनी के रूप में करोड़ों रुपये का भुगतान करना पड़ा. इस एक्टर ने भी अपनी एक्स वाइफ को सालों पहले तलाक के बाद करोड़ों रुपये चुकाए थे. हालांकि एक्टर को ये रकम किस्तों में चुकानी पड़ी थी. लेकिन आज ये अभिनेता 1200 करोड़ रुपये की नेटवर्थ का मालिक है. यहां बात हो रही है जाने-माने एक्टर सैफ अली खान की.सैफ अली खान ने बॉलीवुड में साल 1993 में आई फिल्म 'परंपरा' से अपनी शुरुआत की थी. तब वो करीब 22 साल के थे. हालांकि डेब्यू से करीब दो साल पहले ही उन्होंने मशहूर एक्ट्रेस अमृता सिंह से शादी करके घर बसा लिया था. लेकिन दोनों का रिश्ता 13 सालों के बाद खत्म हो गया. तलाक के बाद सैफ ने अमृता को पांच करोड़ रुपये दिए थे. लेकिन उन्हें किस्तों का सहारा लेना पड़ा.

### 1991 में हुई थी सैफ-अमृता की शादी

अमृता सिंह 80 और 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रह चुकी हैं. अपने दौर में उन्होंने कई शानदार फिल्मों में काम किया था. अमृता का दिल 32 साल की उम्र में सिर्फ 20 साल के सैफ अली खान पर आ गया था. दोनों ने परिवार वालों के खिलाफ अपने प्यार की खातिर 1991 में शादी कर ली थी.

### 2004 में हो गया था तलाक

शादी के बाद सैफ और अमृता ने दो बच्चों बेटी सारा अली खान और बेटे इब्राहिम अली खान का वेलकम किया था. दोनों साथ में एक खुशहाल लाइफ जी रहे थे. लेकिन शादी के कई सालों बाद दोनों ने तलाक लेकर अलग होने का फैसला लिया था. कपल ने 2004 में तलाक के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया.

### सैफ ने अमृता को किस्तों में चुकाए पैसे

तलाक के बाद सारा और इब्राहिम की कस्टडी अमृता को मिली थी. वहीं बताया जाता है कि एक्ट्रेस ने एलिमनी के रूप में 5 करोड़ रुपये की मांग की थी. वहीं सैफ बेटे इब्राहिम के 18 साल के होने तक अमृता को हर महीने एक लाख रुपये देने पर भी राजी हुए थे. लेकिन 5 करोड़ रुपये की रकम पर उन्होंने कहा था कि वो शाहरुख खान नहीं हैं और उनके पास इतना पैसा नहीं है. हालांकि एक्टर ने इसके लिए भी हामी भरी थी. बाद में उन्होंने दो किस्तों में अमृता को पांच करोड़ रुपये का भुगतान किया था.

## तैराकी से लेकर कथक और जापानी भाषा तक, 'मिर्जापुर' की स्वीटी के टैलेंट के आगे कई बड़ी एक्ट्रेसेस हो जाएंगी फेल, शाहरुख की फिल्म से क्या था डेब्यू



सचिन पिलगांवकर और सुप्रिया पिलगांवकर की राह पर चलते हुए उनकी बेटी श्रिया पिलगांवकर ने भी एक्टिंग में ही अपना करियर बनाया. यूं तो श्रिया ने अपने करियर में कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन प्राइम वीडियो की सीरीज 'मिर्जापुर' में निभाया गया उनका स्वीटी का किरदार काफी पॉपुलर है. इस सीरीज में वो पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा जैसे सितारों के साथ दिखीं.श्रिया अपने चाहने वालों के बीच 'मिर्जापुर' की स्वीटी के नाम से फेमस हैं. आज यानी 25 अप्रैल को उनका बर्थडे है. वो अपना 36वां जन्मदिन मना रही हैं. इस मौके पर हम आपको उनके बारे में कुछ ऐसी चीजें बता रहे हैं, जो शायद ही आप जानते हों.

### शाहरुख खान की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू

श्रिया ने अपना एक्टिंग करियर साल 2013 में आई मराठी फिल्म 'एकुलती एक' से शुरू किया था. उसके तीन साल के बाद उन्हें उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म मिली. फिल्म का नाम है 'फैन', जो साल 2016 में आई थी. मनीष शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में थे. श्रिया ने इस फिल्म में नेहा नाम का कैरेक्टर प्ले किया था.

मराठी और बॉलीवुड डेब्यू से पहले उन्होंने टीवी शो के लिए काम किया था. श्रिया जब महज पांच साल की थीं उस समय वो 'तू तू मैं मैं' नाम के सीरियल में दिखी थीं. इस सीरियल में उनके माता-पिता लीड रोल में थे. ये टीवी शो साल 1994 में आया था. श्रिया के बारे में कहा जाता है कि बचपन में पढ़ाई के साथ-साथ वो स्पोर्ट्स में भी अच्छी थीं. वो तैराक भी रह चुकीं हैं. उनके बारे में ऐसा बताया जाता है कि स्कूल के समय में स्विमिंग में उन्होंने कई मेडल्स अपने नाम किए थे.

अगर बात श्रिया के एजुकेशन की करें तो वो समाजशास्त्र में ग्रेजुएट हैं. इतना ही उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे से एक्टिंग में डिप्लोमा भी किया है. एक्टिंग का कोर्स करने के साथ-साथ वो कथक की ट्रेनिंग भी ले चुके हैं.

### जापानी भाषा जानती हैं श्रिया

आज भले ही श्रिया एक्टिंग की दुनिया में हैं और अपनी उम्दा अदाकारी के जरिए लोगों का दिल जीत रही हैं, लेकिन उन्होंने खुद एक बार बताया था कि वो जापानी भाषा की ट्रांसलेटर बनना चाहती थीं. श्रिया की इस भाषा में काफी अच्छी पकड़ है. इन बातों को देखते हुए अगर ऐसा कहें कि श्रिया टैलेंट के मामले में कई एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं, तो ये कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा.




835 करोड़ की रामायण के लिए

# साई पल्लवी

## नहीं थीं पहली पसंद, ये एक्ट्रेस बनने वाली थीं सीता

नितेश तिवारी की रामायण मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक होने वाली हैं. रणबीर कपूर रामायण में भगवान राम के किरदार में नजर आने वाले हैं. वहीं मेकर्स इस बात का ऐलान कर चुके हैं कि रामायण को दो पार्ट में बनाया जाएगा और साल 2026-2027 की दिवाली के मौके पर इन्हें रिलीज किया जाएगा. फैन्स बेसब्री के साथ रामायण की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. वहीं मेकर्स और स्टार कास्ट इस पर जमकर काम भी कर रहे हैं.



नितेश तिवारी की 835 करोड़ के बजट में बन रही फिल्म रामायण को लेकर हर दिन कई अपडेट्स सामने आ रहे हैं. अब खबर आई है कि फिल्म में सीता के किरदार के लिए पहले किसी और एक्ट्रेस को पूछा गया था. फिल्म में साई पल्लवी सीता के रोल में हैं. लेकिन वो इसके लिए मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं.

### श्रीनिधी शेट्टी बनने वाली थीं सीता ?

पिंकविला की खबर के मुताबिक, सीता के रोल के लिए पहले केजीएफ एक्ट्रेस श्रीनिधी शेट्टी को अप्रोच किया गया था. खबर ये भी है कि उनका स्क्रीन टेस्ट भी लिया जा चुका था. सिद्धार्थ कनन के साथ एक इंटरव्यू में श्रीनिधी ने बताया कि इस फिल्म में सीता का रोल पहले उनके पास आया था, लेकिन उन्होंने इस रोल के लिए मना कर दिया, जिसके बाद ये किरदार साई पल्लवी के पास चला गया.

### इसलिए ठुकरा दिया ऑफर

श्रीनिधी ने बताया कि ये रोल मुझे ऑफर हुआ था, लेकिन मैंने मना कर दिया, क्योंकि केजीएफ में लोग मुझे और यश को एकसाथ देख चुके थे और पसंद भी कर रहे थे, ऐसे में इस फिल्म में उनके ऑपोजिट काम करना शायद लोगों को पसंद ना आता.

आपको बता दें कि फिल्म में केजीएफ स्टार यश रावण के किरदार में नजर आने वाले हैं. फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है. अब फिल्म के दूसरे पार्ट की भी शूटिंग जल्द शुरू की जाएगी. वहीं श्रीनिधी भी केजीएफ 3 के काम में बिजी हैं.